


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 167 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) भाद्रपद शु.3 2079 मंगलवार, 30 अगस्त 2022

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 14 मूल्य : 8 रुपये

## बारपेटा में फिर से दो संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

गुवाहाटी, 29 अगस्त (एजेंसियां)। असम में आतंकी माड्यूल का भंडाफोड़ होने के बाद यहां संदिग्ध आतंकियों की गिरफ्तारी का सिलसिला जारी है। अब यहां के बारपेटा जिले से दो संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। बारपेटा एसपी अमिताव सिन्हा ने बताया, दोनों संदिग्ध व्यक्तियों का लिंक अलकायदा भारतीय उपमहाद्वीप (एआईक्यूएस) और अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (एबीटी) से है।

उन्होंने बताया, पुलिस ने बारपेटा के एक मदरसे में बेदखली अभियान भी चलाया, क्योंकि यह मदरसा अवैध रूप से सरकारी जमीन पर बनाया गया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया, पकड़े गए दोनों संदिग्धों का लिंक इस मदरसे से भी है।

# साइबर अपराधियों से 9.81 करोड़ जब्त

## चार आरोपी गिरफ्तार, पहली बार इतनी बड़ी मात्रा में नकदी बरामद



9.81 करोड़ बरामद धनराशि का अवलोकन करते हुए साइबराबाद सीपी एम. स्टीफन रवींद्र व अन्य अधिकारी।

हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की है।

पुलिस ने राजस्थान और उत्तर प्रदेश के चार साइबर अपराधियों को 'मार्केट बॉक्स' ऐप के जरिए निवेश और व्यापार के नाम पर करोड़ों रुपये की हेराफेरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एक पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। गिरफ्तार आरोपियो में मुख्य आरोपी उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले के कैलापुरी, मुगलसराय निवासी अभिषेक जैन (32), राजस्थान के उदयपुर निवासी व्यवसायी पवन कुमार प्रजापत (35), राजस्थान के भुवाना उदयपुर, राजस्थान हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी व्यापारी आकाश रॉय (39), उत्तर-प्रदेश के चंदौली जिले के मुगलसराय निवासी कृष्ण कुमार (38) शामिल है। साइबराबाद पुलिस आयुक्त एम स्टीफन रवींद्र ने संवाददाताओं को बताया कि आरोपियों के पास से 9.81 करोड़ रुपये बरामद किए गए हैं। यह पहली बार है जब इतनी बड़ी मात्रा में नकदी बरामद की गई है। साइबराबाद पुलिस प्रमुख ने कहा कि मार्केट बॉक्स ऐप के जरिए कारोबार और निवेश के नाम पर बेगुनाह लोगों को ठगा जा रहा है।

10 सदस्यीय गिरोह में से चार को गिरफ्तार कर लिया गया है। आम लोगों को विश्वास था कि निवेश से उन्हें दोगुना रिटर्न मिलेगा। लगभग 3,000 लोगों ने ऐप को सब्सक्राइब किया है। हालांकि, मार्केट बॉक्स ऐप सेबी के साथ पंजीकृत नहीं है। उन्होंने कहा कि अभिषेक जैन ने ऐप मार्केट बॉक्स को विकसित किया और इसे विभिन्न व्हाट्सएप और टेलीग्राम समूहों पर प्रचारित किया। मुख्य आरोपी ने विभिन्न प्लेटफार्मों पर विभिन्न चैट समूहों पर अपने ट्रेडिंग ऐप के प्रचार और विज्ञापन के माध्यम से ग्राहकों को लुभाया। पीड़ितों से निवेश प्राप्त करने के लिए आरोपी अभिषेक ने पवन कुमार प्रजापत के मर्चेंट पूल अकाउंट (एमपीए) को साझा किया, जो जोधपुर स्थित एक कंपनी द्वारा बनाए रखा गया था। यह गिरोह वाराणसी और आसपास के क्षेत्रों के व्यापारियों से पिछले दो वर्षों से नकद प्राप्त कर रहा था।



(आरोपी) अभिषेक जैन | पवन कुमार प्रजापत | आकाश रॉय | कृष्ण कुमार

# 'कांग्रेस अनपढ़ों की जमात'

## इस्तीफे के बाद बोले गुलाम नबी, जयराम रमेश ने किया पलटवार

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस छोड़ने के बाद गुलाम नबी आजाद एक बार फिर से मीडिया से मुखातिब हुए। इस दौरान उन्होंने अपने ऊपर लगे आरोपों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि घर वालों ने घर छोड़ने के लिए जबरन मजबूर किया। जहां घर वालों को लगे कि यह आदमी नहीं चाहिए तो अकलमंदी खुद घर छोड़ने में है। वहीं गुलाम नबी ने भाजपा से सांठगांठ को लेकर भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि जो शख्स (राहुल गांधी)अपनी स्पीच खत्म करने के बाद भरी सदन में पीएम से गले मिले, तो बताएं कि वेमिले हैं या मैं मिला हूं?



गुलाम नबी आजाद ने कहा कि पहले जयराम रमेश अपना डीएनए चेक करवाएं कि कहां के हैं और किस पार्टी से हैं, वह देखें कि उनका डीएनए किस-किस पार्टी में रहा है। बाहर के लोगों को कांग्रेस का अता-पता नहीं है। चापलूसी और ट्विट कर जिन्हें पद मिले अगर वे आरोप लगाएं तो हमें दुख होता है। यह पूछे जाने पर कि क्या वह नई पार्टी बनाने के बाद जरूरत पड़ने पर भाजपा के साथ जाएंगे तो इसका जवाब देते हुए आजाद ने कहा कि कांग्रेस में अनपढ़ों की जमात है, खासकर जो लोग लिपिकीय काम के लिए बैठे हैं। जो जम्मू-कश्मीर को जानते हैं, तो उन्हें पता है कि मैं भाजपा के लिए एक भी वोट की अपील नहीं कर सकता हूं।

वहीं आजाद पर पलटवार करते हुए, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि इतने लंबे करियर के बाद, पूरी तरह से जिस पार्टी को उन्हें बदनाम करने का काम सौंपा गया है इससे खुद को वे नीचे कर रहे हैं। आजाद ने कहा कि मैं पीएम मोदी को क्रूर समझता था लेकिन उन्होंने कम से कम इंसानियत तो दिखाई। जब मैं जम्मू-कश्मीर का सीएम था तब गुजरात की टूरिस्ट बस में आतंकी हमला हुआ था। जिसमें कि कई लोग मारे गए थे। तब उनका फोन आया था तो मैं रो रहा था।

## कुएं में कूद जाऊंगा पर कांग्रेस में नहीं जाऊंगा

# मेरी विचारधारा कांग्रेस से मेल नहीं खाती : गडकरी

नागपुर, 29 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय सड़क परिवहन और हाईवे मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि वह कांग्रेस में नहीं जाएंगे। कांग्रेस में जाने से अच्छा कुएं में कूदना पसंद करेंगे, क्योंकि उनकी विचारधारा कांग्रेस से मेल नहीं खाती है। गडकरी ने यह बात नागपुर में उद्यमियों के एक सम्मेलन में कही।

गडकरी ने बताया कि उनके बचपन के दोस्त और कांग्रेस के नेता श्रीकांत जिचकर ने मुझे सलाह दी थी कि भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आ जाऊं। यह उस दौर की बात है, जब मैं छात्र नेता था और भाजपा हार जाती थी। गडकरी बोले-जब आपको सफलता



मिलती है और उसकी खुशी आपको अकेले होती है तो फिर उसका कोई मतलब नहीं है। यदि आपको मिली सफलता की खुशी आपके साथ काम करने वाले लोगों को भी होती है तो फिर यह अच्छी होती है। कारोबार हो या राजनीति दोनों में मानवीय संबंध अहम हैं। कैसे भी हालात हों, किसी को इस्तेमाल करके फेंकना नहीं चाहिए। उन्होंने रिचर्ड निक्सन की एक बात का जिक्र करते हुए कहा कि कोई व्यक्ति हारने से खत्म नहीं होता, लेकिन मैदान छोड़ने से खत्म हो जाता है। हमें हमेशा यह ध्यान रखना चाहिए कि अहंकार और आत्मविश्वास में क्या फर्क होता है। किसी को भी इस्तेमाल करो फेंक दो की दौड़ में नहीं शामिल होना चाहिए। अच्छे दिन हों या बुरे दिन, जब एक बार किसी का हाथ थाम लें, उसे थामें रहें। एक महीने पहले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मौजूदा राजनीति व्यवस्था पर कहा था-कभी-कभी मन करता है कि राजनीति ही छोड़ दूं। समाज में और भी काम हैं, जो बिना राजनीति के किए जा सकते हैं।

## सीजेआई ललित का सुप्रीम कोर्ट में पहला दिन

### 15 बेंच में 900 याचिकाएं लिस्ट, पैटर्न बदला, अब मंगल-बुध-गुरु को लंच से पहले रेगुलर केसेस



नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। जस्टिस उदय उमेश ललित ने शनिवार 27 अगस्त को देश के 49वें चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया के तौर पर शपथ ली। हालांकि, उनका पहला वर्किंग डे सोमवार 29 अगस्त से शुरू हुआ।

मास्टर ऑफ रोस्टर जस्टिस ललित ने केस लिस्टिंग में एक रिफॉर्म के साथ 15 बेंचों को 900 मामलों की सुनवाई सौंपी है। यानी एक बेंच 60 केस सुनेगी और 4 मिनट में एक केस सुलझाएगी। इस तरह सुबह 10.30 से शाम 4 बजे तक करीब साढ़े चार घंटों का समय सुनवाई के लिए निर्धारित रहेगा। जस्टिस एमआर शाह की बेंच सबसे ज्यादा 65 मामले सुनेगी। जस्टिस ललित ने आते ही सबसे पहला सुधार मामलों की सुनवाई को लेकर किया है। इस सुधार के तहत मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक सभी बेंच रेग्युलर केस की सुनवाई करेंगी।

## एससी ने राफेल सौदे की स्वतंत्र जांच की मांग पर कहा, कोई मामला नहीं बनता

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अधिवक्ता एम.एल. शर्मा ने एक फ्रांसीसी मीडिया रिपोर्ट के मद्देनजर राफेल लड़ाकू जेट सौदे की स्वतंत्र जांच की मांग करते हुए दावा किया कि एक भारतीय बिचौलिए को डसॉल्ट एविएशन द्वारा 10 लाख यूरो का भुगतान किया गया। प्रधान न्यायाधीश यू.यू. ललित और न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट ने एम.एल. शर्मा से कहा कि अदालत याचिका पर विचार करने के लिए इच्छुक नहीं है। पीठ ने कहा, 'इसमें अदालत के हस्तक्षेप का कोई मामला नहीं बनता।' अदालत को अपनी याचिका पर विचार करने के लिए मनाने के प्रयास में, एम.एल. शर्मा ने कहा कि एक दिन आएगा जब प्रत्येक व्यक्ति असहाय महसूस करेगा, कोई भी भ्रष्टाचार पर सवाल उठाने के लिए आगे नहीं आएगा।

# लिंगायत धर्मगुरु शिवमूर्ति मुरुघा को हिरासत में लिया

### *नाबालिग लड़कियों से रेप और यौनशोषण का आरोप*



बेंगलुरु, 29 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक में लिंगायत मठ के प्रमुख संत शिवमूर्ति मुरुघा शरणारू पर नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण का आरोप लगा है। उत्पीड़न के आरोप में सोमवार, 29 अगस्त को उन्हें हिरासत में लिया गया। संत शिवमूर्ति कर्नाटक के चित्रदुर्ग में प्रमुख मुरुघा मठ के मुख्य पुजारी हैं। उन्हें हावेरी जिले से पुलिस ने हिरासत में लिया है।

मुरुघा पर मठ द्वारा संचालित संस्था में छात्राओं का यौन शोषण करने का आरोप है। दो नाबालिगों की ओर से शिकायत दर्ज कराने के बाद मैसूर शहर पुलिस ने शिवमूर्ति मुरुघा शरणारू के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। बता दें कि मठ द्वारा संचालित स्कूल में पढ़ने वाली दो लड़कियों ने मैसूर में एक एनजीओ 'ओदानदी सेवा संस्थान' से संपर्क किया था, जो तस्करी और यौन शोषण वाली महिलाओं और बच्चों के बचाव, उनके पुनर्वास और सशक्तिकरण के लिए काम कर रही है। छात्राओं ने एनजीओ से मिलकर अपनी आपबीती सुनाई, जिसके बाद इस मामले को जिला बाल कल्याण समिति के संज्ञान में लाया गया। पुलिस की कार्रवाई में मठ के प्रमुख के अलावा संस्था के वार्डन समेत चार अन्य के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

शिकायत के अनुसार, मुरुघा मठ के छात्रावास में रहने वाली 15 और 16 साल की लड़कियों का साढ़े तीन साल से कई बार यौन शोषण किया गया। इस मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने रविवार, 28 अगस्त को कहा कि पुलिस घटना की पूरी तरह से जांच कर रही है और जांच पूरी होने के बाद सच्चाई सामने आ जाएगी। ओदानदी सेवा संस्थान एनजीओ के प्रमुख स्टेनली ने दावा किया, यौन शोषण का मामला सिर्फ इन दो लड़कियों तक ही नहीं है। मठ प्रमुख संस्थान में पढ़ने वाली कई अन्य छात्राओं को भी परेशान करता आया है।

## हिजाब प्रतिबंध मामले में नोटिस

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। हिजाब प्रतिबंध मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक सरकार को नोटिस जारी किया है। इस मामले में शीर्ष अदालत अब पांच सितंबर को सुनवाई करेगी। दरअसल, सोमवार को शीर्ष कोर्ट हिजाब प्रतिबंध को बरकरार रखने वाले कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका सुनवाई कर रहा था।

बता दें कि विभिन्न याचिकाकर्ताओं ने कर्नाटक हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है, जो स्कूलों और कॉलेजों में ड्रेस के नियमों को सख्ती से लागू करने का निर्देश देता है। सुप्रीमों कोर्ट में अपीलों में एक में 'सरकारी अधिकारियों पर सौतेले व्यवहार का भी आरोप लगाया गया है, जिसमें कहा गया है कि छात्रों को अपने विश्वास का अभ्यास करने से रोका गया है और इसके परिणाम स्वरूप अवांछित कानून और व्यवस्था की स्थिति पैदा हुई है।

बता दें कि कर्नाटक में हिजाब विवाद उस समय शुरू हुआ था, जब उडुपी के एक सरकारी स्कूल में कुछ छात्राओं को हिजाब पहनकर कक्षा में जाने पर रोक लगा दी गई थी। इसे लेकर देश के कई हिस्सों में काफी प्रदर्शन हुए थे।

## रिलायंस एजीएम में 5जी सर्विस का ऐलान

# दिवाली तक मेट्रो सिटीज में मिलेगी

## अनंत को न्यू एनर्जी और ईशा अंबानी को रिटेल बिजनेस की जिम्मेदारी

मुंबई, 29 अगस्त (एजेंसियां)। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की आज 45वीं एनुअल जनरल मीटिंग में 5जी सर्विस लॉन्च करने का ऐलान किया गया। मीटिंग में कंपनी के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने बताया कि 5जी की शुरुआत मेट्रो सिटी से दिवाली तक होगी। 2023 तक पूरे भारत में 5जी सर्विस मिलने लगेगी।

वहीं उन्होंने कहा कि आकाश अंबानी जियो, ईशा अंबानी रिटेल और अनंत अंबानी न्यू एनर्जी बिजनेस की जिम्मेदारी संभालेंगे। ईशा अंबानी ने रिटेल बिजनेस के जानकारी देते हुए बताया कि देश के 260 शहरों में जियो मार्ट पहुंच चुका है। रिलायंस एफएमसीजी बिजनेस भी लॉन्च करेगी।

**दुनिया का सबसे बड़ा और एडवांस्ड 5जी नेटवर्क**

अंबानी ने कहा, जियो 5जी दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे एडवांस्ड 5जी नेटवर्क होगा। जियो 5जी के लेटेस्ट वर्जन को डिप्लॉय करेगा, जिसे स्टैंडअलोन 5जी कहा जाता है। इसकी 4जी नेटवर्क पर शून्य निर्भरता है। स्टैंडअलोन 5जी के साथ जियो लो लेटेंसी कनेक्टिविटी, बड़े पैमाने पर मशीन-टू-मशीन कम्युनिकेशन, 5जी वॉयस, और मेटावर्स जैसी नई और पावरफुल सर्विसेज करेगा। उन्होंने कहा




कि कंपनी 5जी सर्विस के लिए 2 लाख करोड़ रुपए का निवेश करेगी। कंपनी दिवाली तक दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता सहित कई प्रमुख शहरों में 5जी लॉन्च करेगी। दिसंबर 2023 तक पूरे भारत में 5जी कवरेज होगा। कंपनी ने माइक्रोसॉफ्ट, मेटा और इंटल के साथ भी साथ भी पार्टनरशिप की है। क्वालकॉम के साथ पार्टनरशिप का ऐलान किया गया है। कंपनी सस्ते 5जी फोन के लिए गूगल के साथ काम कर रही है। कुछ रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि जियो के 5जी फोन को इस साल के अंत में लॉन्च किया जा सकता है। अगर फोन की एक्सपेक्टेड प्राइस की बात करें तो यह 10 हजार-12 हजार रुपए हो सकती है। 5जी सेगमेंट में जियो फोन 5जी सबसे सस्ता ऑप्शन हो सकता है। जियो के डायरेक्टर किरण थॉमस ने कहा, 'रिलायंस मुंबई में एक जियो एक्सपीरियंस सेंटर खोलने जा रही है, जहां लोगों को इसके लॉन्च से पहले 5जी का अनुभव करने का मौका मिले। हम सभी को जियो टू 5जी के मैजिक को एक्सपीरियंस करने के लिए आमंत्रित करते हैं।'

**रिटेल स्टोर्स की संख्या 15,000 के पार पहुंची**

रिटेल की डायरेक्टर ईशा अंबानी ने कहा कि डिजिटल कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर हर दिन लगभग 6 लाख ऑर्डर मिले, जो पिछले साल की तुलना में 2.5 गुना ज्यादा है। पिछले साल कंपनी ने करीब 2500 नए स्टोर भी खोले। इसके साथ ही स्टोर्स की संख्या 15,000 से ज्यादा हो गई है। रिलायंस रिटेल ने पिछले साल करीब डेढ़ लाख नौकरियां दी हैं। इसके साथ ही कर्मचारियों की संख्या 3,60,000 से ज्यादा हो गई है। ईशा ने कहा कि कंपनी ने पिछले साल 20 करोड़ से ज्यादा रजिस्टर्ड कस्टमर्स को सर्विस प्रोवाइड की। 52 करोड़ लोग स्टोर्स में आए। 450 करोड़ लोगों ने डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को विजिट किया। कंपनी ने फ्रेशपिक लॉन्च किया और ऑन-द-गो कस्टमर्स के लिए 7-इलेवन की शुरुआत की।

# महागठबंधन को हॉर्स ट्रेडिंग का डर

### *बीजेपी के संपर्क में कांग्रेस के कई एमएलए*

रांची, 29 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड में जारी सियासी संकट के बीच महागठबंधन की सरकार अब राज्यपाल पर नोटिफिकेशन जारी करने का दबाव बनाने लगी है। महागठबंधन के विधायकों ने आरोप लगाया है कि राज्यपाल नोटिफिकेशन जारी करवाने में जानबूझकर देरी कर रहे हैं, ताकि बीजेपी को हॉर्स ट्रेडिंग करने का टाइम मिल जाए। महागठबंधन के विधायकों ने राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात के लिए समय मांगा है।

वहीं, दूसरी तरफ बीजेपी के सूत्रों की मानें तो कांग्रेस के कई एमएलए अभी भी बीजेपी के संपर्क में हैं। झारखंड कांग्रेस के एक बड़े नेता ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि इसकी पूरी जानकारी राज्य से लेकर राष्ट्रीय स्तर के नेताओं को है। वे अपने विधायकों को एकजुट करने की कोशिश में जुटे हैं। राज्य में टूटती कांग्रेस को एकजुट रखने के लिए प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे पिछले दो दिनों से झारखंड में डेरा डाले हुए हैं और विधायकों से वन टु वन मीटिंग कर रहे हैं। सीएम हेमंत सोरेन को भी इस बात का डर है कि बीजेपी राज्य में सरकार गिराने के लिए कोई बड़ी चाल चल सकती है। यही कारण है कि वो विधायकों को कभी डिनर तो कभी सियासी पिकनिक पर लेकर निकल रहे हैं। वे यह संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं कि सरकार में सब ऑल इज वेल है। महागठबंधन के विधायकों ने राज्यपाल से मिलने का समय मांगा है। महागठबंधन के विधायकों का एक प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिलकर चुनाव आयोग के फैसले को सार्वजनिक करने की मांग करेगा। हालांकि राज्यपाल ने समय दिया है या नहीं अभी ये स्पष्ट नहीं हो पाया है। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भाई और दुमका से विधायक बसंत सोरेन की सदस्यता पर दोपहर 3 बजे के बाद चुनाव आयोग के दिल्ली कार्यालय में सुनवाई होनी है। लगभग 1 से डेढ़ घंटे तक यह सुनवाई चलने की संभावना है। इस बीच, अब महागठबंधन के नेता राजभवन पर दबाव बनाने लगे हैं। वे सीधा राज्यपाल को चुनौती दे रहे हैं। चंपई सोरेन ने कहा कि राजभवन के पास अगर निर्वाचन आयोग ने कोई रिपोर्ट भेजी है, तो उसे तत्काल ही सार्वजनिक करना चाहिए। ऐसे में इस बात की संभावना जताई जा रही है कि चुनाव आयोग सोमवार को कभी भी सीएम हेमंत सोरेन की विधायकी से संबंधित नोटिफिकेशन जारी कर सकता है।

## 'ईडी, सीबीआई के अफसरों के खिलाफ शुरू करूंगी जांच'

### ममता बनर्जी ने केंद्र को दी धमकी



कोलकाता, 29 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा छापेमारी के बढ़ते मामलों को लेकर सोमवार को केंद्र पर निशाना साधा। उन्होंने बंगाल में तैनात केंद्र सरकार के अधिकारियों के खिलाफ जांच शुरू करने की धमकी दी। ममता बनर्जी ने अपनी पार्टी की छात्र शाखा की एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, 'मेरे पास भी बंगाल में सीबीआई, ईडी और अन्य केंद्रीय अधिकारियों के खिलाफ मामले हैं। इसलिए अगर आप मेरे अधिकारियों को दिल्ली बुलाते हैं, तो मैं भी आपके अधिकारियों को यहां बुलाऊंगी।' मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में तैनात केंद्र सरकार के कम से कम आठ अधिकारियों के खिलाफ मामले दर्ज हैं। ममता ने कहा, 'उन्होंने (केंद्र) सीबीआई के जरिए हमारे लोगों को गिरफ्तार किया है। मैं सब नोट कर रही हूं।' ममता बनर्जी ने यह भी कहा कि टीएमसी बिलकिस बानो मामले में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई के लिए कोलकाता में 48 घंटे लंबा धरना आयोजित करेगी, जिन्हें पहले गुजरात सरकार ने रिहा कर दिया था।

# भ्रष्टाचारियों को बचा रहे सरकारी विभाग

## सतर्कता आयोग की रिपोर्ट नहीं हुई कार्रवाई

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। एक आधिकारिक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि सरकारी विभाग अपने यहां तैनात भ्रष्ट अधिकारियों को बचाने में जुटे हैं। इन विभागों ने भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए केंद्रीय सतर्कता आयोग की सलाह का पालन नहीं किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, सतर्कता आयोग ने ऐसे 55 मामलों का खुलासा किया था, जिसमें सबसे ज्यादा 11 मामले रेलवे के थे।

सीवीसी की 2021 की वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी), बैंक ऑफ इंडिया और दिल्ली जल बोर्ड में भ्रष्टाचार के ऐसे चार-चार मामले हैं। इसके अलावा महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड के तीन मामले सामने आए। वहीं दो ऐसे ही मामले इंडियन ओवरसीज बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, मद्रास फर्टिलाइजर्स लिमिटेड, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय और उत्तरी दिल्ली नगर निगम का है।आयोग ने कहा है किउसकी सलाह को स्वीकार न करने या आयोग के साथ परामर्श न करने से सतर्कता प्रक्रिया प्रभावित होती है और सतर्कता प्रशासन की निष्पक्षता कमजोर होती है।

**आय से अधिक संपत्ति का था एक मामला**

रिपोर्ट में आय से अधिक संपत्ति का एक मामला था। सीवीसी ने कहा कि एक मामले में तत्कालीन मुख्य कार्मिक अधिकारी ने अपनी आय से 138.65 प्रतिशत अधिक संपत्ति अर्जित की थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि अधिकारी को संपत्ति की खरीद और उनके या उनकी पत्नी द्वारा किए गए निवेश के अलावा परिवार सदस्यों द्वारा उपहार की स्वीकृति के बारे में मौजूदा मानदंडों के अनुसार विभाग की अनुमति नहीं लेने के लिए जिम्मेदार पाया गया था। आयोग ने सात मार्च, 2012 को अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने की पहली सलाह दी थी। इसके बाद दूसरे चरण की सलाह दी गई। हालांकि, रेलवे बोर्ड ने मामले को बंद करने का फैसला किया और अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही बंद कर दी। सतर्कता आयोग ने बताया, ऐसा ही एक मामला सिडबी का था, जिसमें उसे बड़े पैमाने पर वित्तीय नुकसान हुआ। रिपोर्ट में कहा गया है कि आयोग ने मामले में शामिल दो अधिकारियों पर बड़ा जुर्माना लगाने की सलाह दी।

# दिल्ली असेंबली में आप का विश्वासमत प्रस्ताव पेश

## हंगामे के बाद केजरीवाल बोले– भाजपा ने विधायकों को खरीदने के लिए 6300 करोड़ खर्च किए

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को विधानसभा में विश्वासमत प्रस्ताव पेश किया। प्रस्ताव से पहले भाजपा विधायकों ने सीवर-पानी और भ्रष्टाचार पर चर्चा कराने की मांग की, जिसके बाद सभी विधायकों को पूरे दिन के लिए सदन से मार्शल आउट यानी बाहर कर दिया गया।

दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के घर सीबीआई छापे और आप विधायकों के भाजपा के संपर्क में होने की खबरों के बीच केजरीवाल ने यह कदम उठाया है। पढ़िए उन्होंने क्या कहा..

दिल्ली के सीएम बोले कि मौजूदा केंद्र सरकार आजादी के 75 साल की सबसे भ्रष्ट सरकार है। 10 लाख करोड़ इनके दोस्त खा गए। 6300 करोड़ में इन्होंने MLAs खरीदे और लाल किले से कहते हैं- मैं भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ रहा हूं।

उन्होंने कहा कि भाजपा वाले महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और गोवा में ऑपरेशन लोटस चला चुकी है। झारखंड में भी कोशिश कर रहे हैं। दिल्ली में भी इन्होंने कोशिश की थी, लेकिन फेल हो गए। 800 करोड़ धरे के धरे रह गए इनके।




केजरीवाल विधानसभा में क्यों लाए विश्वासमत प्रस्ताव?

दिल्ली विधानसभा में कुल 70 सीटें हैं। सत्ताधारी AAP के पास 62 और भाजपा के पास 8 विधायक हैं। आप के पास दो तिहाई से ज्यादा बहुमत होने के बावजूद केजरीवाल ने विश्वासमत प्रस्ताव पेश किया।इसके पीछे 2 बड़ी वजह है।

**एकजुटता का संदेश देने की कोशिश**

चार विधायकों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि उन्हें भाजपा के लोग खरीदने की कोशिश कर रहे हैं। विधायकों ने दावा किया कि इसके लिए 20-20 करोड़ रुपए देने की पेशकश कर रहे हैं। विधायकों के प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को अपने आवास पर बैठक बुलाई थी, जिसमें 9 विधायक नहीं पहुंचे थे। 9 विधायकों के नहीं पहुंचने के बाद कई तरह की अटकलें लगाई जा रही थी। ऐसें में केजरीवाल ने विश्वासमत प्रस्ताव लाकर सदन में आप के भीतर एकजुटता का संदेश देना चाहते हैं।

**गुजरात चुनाव में मजबूती से एंट्री**

विश्वासमत हासिल करने के बाद 6 महीने तक सरकार को कोई खतरा नहीं रहता है। सूत्रों के मुताबिक केजरीवाल विश्वासमत हासिल कर दिल्ली की सरकार को मजबूत दिखाना चाहते हैं, जिससे गुजरात चुनाव में उनकी पार्टी मजबूती से लड़ सके।

न विधायक बोले- 1400 करोड़ रुपए घोटाले के आरोपी हैं एलजी

आप विधायक दुर्गेश पाठक ने विधानसभा के भीतर उप-राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना पर गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा- जब एलजी खादी और ग्रामोद्योग विभाग में थे, उस वक्त विनय सक्सेना ने 1400 करोड़ रुपए का घोटाला किया है।

**आप-भाजपा में कलह की 2 वजहें**

1. आबकारी नीति को लेकर 19 अगस्त को मनीष सिसोदिया के घर पर सीबीआई ने छापेमारी की थी। यह करीब 14 घंटे तक चली थी और सीबीआई ने इस मामले में पीएमएलए कानून के तहत केस दर्ज कर लिया था। इसके बाद से ही आप केंद्र में सत्ताधारी दल भाजपा के खिलाफ मुखर है।

2. सिसोदिया ने छापे के बाद कहा था कि भाजपा ने उन्हें आप छोड़ने और सीएम बनाने का ऑफर दिया था। वहीं भाजपा ने जवाब में कहा- भ्रष्टाचार के आरोप से बचने के लिए आम आदमी पार्टी झूठ का माहौल बना रही है।

**अब कहानी उस विश्वास प्रस्ताव की, जिसमें गिर गई थी वाजपेयी सरकार**

साल 1999 में लोकसभा में विश्वास से भरे तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अपनी सरकार के पक्ष में विश्वास प्रस्ताव लोकसभा में पेश किया था। इस पर जमकर बहस हुई। इस दौरान देश के लोगों को संसदीय इतिहास के कुछ बेहतरीन तर्क-वितर्क सुनने को मिले। अंत में हुए मतदान में वाजपेयी सरकार एक मत से गिर गई। संसद में एक मत से सरकार गिरने की घटना को ऐतिहासिक माना जाता है।

भारतीय संसद के इतिहास में 12 बार विश्वास प्रस्ताव लाया गया। जिनमें से 3 बार सरकार को त्यागपत्र देना पड़ा था। पहला 1990 में वीपी सिंह को, दूसरा 1997 में एचडी देवगौड़ा को और तीसरा 1999 में अटल बिहारी वाजपेयी को।

# भाजपा की ही मुश्किल बनें सांसद सनी देओल

## गुरदासपुर पहुंच केंद्रीय मंत्री लेखी गिना रही उपलब्धियां; राष्ट्रपति चुनाव में भी वोट नहीं दिया था




चंडीगढ़, 29 अगस्त (एजेंसियां)।पंजाब के गुरदासपुर से लोकसभा सांसद बॉलीवुड एक्टर सनी देओल भाजपा के लिए मुश्किल बन गए हैं। सनी लगातार अपने लोकसभा क्षेत्र से गायब हैं। अब केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी को उनके बचाव में आगे आना पड़ा। गुरदासपुर पहुंची लेखी ने सनी देओल के किए काम गिनाए। इस दौरान वह विरोधी पार्टियों को डूबता जहाज करार देकर उन पर भी जमकर बरसी।

सनी देओल इससे पहले भी चर्चा में रहे, जब उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव में वोट नहीं दिया। हालांकि बाद में उनकी सफाई आई कि फिल्म शूटिंग के वक्त उन्हें चोट लग गई थी। इलाज के लिए अमेरिका में होने की वजह से वह वोटिंग नहीं कर सके।

**कोविड के वक्त काम का हवाला दिया**

केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा कि जब कोविड महामारी आई तो अस्पताल में PM केयर फंड से ऑक्सीजन प्लांट लगा। यह सांसद सनी देओल के कहने पर लगा। कोविड में जितने ऑक्सीजन कंस्ट्रेटर की जरूरत थी, वह सनी देओल ने दिए। ब्रिज समेत दूसरी मांगे पूरी कराई। गुरदासपुर के लिए वह 3 बार केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और स्मृति ईरानी से मिल चुके हैं। कैंप लगाकर दिव्यांग और सीनियर सिटीजंस को लाठी, व्हीलचेयर आदि दिए।

**गुरदासपुर भाजपा का गढ़, इसलिए चिंता ज्यादा**

पंजाब में भाजपा का अभी तक अकाली दल से गठबंधन रहा है। पंजाब की 13 सीटों में से भाजपा सिर्फ 3 पर चुनाव लड़ती रही है। इनमें गुरदासपुर भी शामिल है। हिंदू बाहुल्य वोटरों की वजह से यह भाजपा का गढ़ है। इस बार भाजपा अकेले चुनाव लड़ रही है। ऐसे में गुरदासपुर पर जीत जरूरी है।

इसी वजह से भाजपा को यहां सनी देओल के लोकसभा क्षेत्र से गायब रहने के मुद्दे को थामना जरूरी हो गया है।

# तलाक-ए-हसन देने वाले दो पतियों को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

## एक ने सोमवार को ही तलाक का तीसरा मैसेज भेजा था

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को तलाक-ए-हसन और एक्स्ट्रा ज्यूडिशियल डिवोर्स के बाकी प्रकारों को चुनौती देने वाली दो याचिकाओं की सुनवाई हुई। अलग-अलग मुस्लिम महिलाओं की याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने उनके पतियों को नोटिस जारी किया है। जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस अभय एस ओका की बेंच ने बेनजीर हीना और नाजरीन निशा के पतियों को पार्टी बनाकर मामला निपटाने की संभावना तलाशने के लिए नोटिस जारी किया।

**तलाक-ए-हसन का पूरा मामला**

पीड़ित ने वकील अश्विनी कुमार दुबे के माध्यम से याचिका दायर की है। बेनजीर की शादी 25 दिसंबर 2020 को दिल्ली के यूसुफ नकी से मुस्लिम रीति-रिवाज के तहत हुई थी और उसका एक लड़का भी है। पिछले साल दिसंबर में घरेलू विवाद के बाद यूसुफ ने उसे घर से बाहर कर दिया था। वहीं तीन महीने में तलाक के तीनों मैसेज भेज चुका है।




वहीं नाजरीन निशा के पति ने सोमवार सुबह ही उन्हें तीसरा मैसेज भेजा था, जिसे निशा के वकील ने कोर्ट के सामने पढ़कर सुनाया।

**करोड़ों मुस्लिम लड़कियों का भला चाहती हैं बेनजीर**

बेनजीर ने अपनी याचिका में मांग की है कि सुप्रीम कोर्ट तलाक-ए-हसन और अदालती तरीके से न होने वाले दूसरे सभी किस्म के तलाक को असंवैधानिक करार दिया जाए। शरीयत एप्लिकेशन एक्ट, 1937 की धारा 2 को रद्द करने के साथ डिसॉल्यूशन ऑफ मुस्लिम मैरिज एक्ट 1939 को भी पूरी तरह निरस्त करने का आदेश दे, क्योंकि ये सभी पूरी तरह से अनुच्छेद 14, 15, 21, 25 और यूनाइटेड नेशन्स समिट्स के फैसलों के खिलाफ हैं।

**इस्लाम में तलाक देने के तीन तरीके**

पहला है तलाक-ए-अहसन, इस्लामिक विद्वानों के मुताबिक इसमें पति, बीवी को तब तलाक दे सकता है जब उसके पीरियड्स न चल रहे हों। इस तलाक के दौरान 3 महीने एक ही छत के नीचे पत्नी से अलग रहता है, जिसे इद्दत कहते हैं। यदि पति चाहे तो 3 महीने बाद तलाक वापस ले सकता है। अगर ऐसा नहीं होता तलाक हमेशा के लिए हो जाता है, लेकिन पति-पत्नी दोबारा शादी कर सकते हैं।

दूसरा है तलाक-ए-हसन, इसमें पति तीन अलग-अलग मौकों पर बीवी को तलाक कहकर/लिखकर तलाक दे सकता है।

वह भी तब, जब उसके पीरियड्स न हों, लेकिन इद्दत खत्म होने से पहले तलाक वापसी का मौका रहता है। तीसरी बार तलाक कहने से पहले तक शादी लागू रहती है, लेकिन बोलने के तुरंत बाद खत्म हो जाती है। इस तलाक के बाद भी पति-पत्नी दोबारा शादी कर सकते हैं, लेकिन पत्नी को हलाला (दूसरी शादी और फिर तलाक) से गुजरना पड़ता है।

# पेट्रोल से जलाई गई अंकिता की मौत के बाद तनाव

## आरोपी शाहरुख को फांसी देने की मांग, दुमका में बाजार बंद, सड़कें जाम, 144 लागू

रांची, 29 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड के दुमका में अंकिता सिंह (17) का सोमवार सुबह अंतिम संस्कार कर दिया गया। उसके दादा ने उसे मुखाग्नि दी। कड़ी सुरक्षा में उसकी अंतिम यात्रा निकाली गई। रविवार की सुबह जब उसकी मौत की खबर आई तो दुमका में तनाव की स्थिति बन गई। दुकान-बाजार बंद हो गए। गुस्साए लोग सड़कों पर उतर गए और जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।

इधर, सीएम हेमंत सोरेन से इस मामले में ट्वीट किया है कि मामले को फास्ट ट्रैक में चलाया जाएगा। इस मामले की जांच की प्रोग्रेस रिपोर्ट एडीजी स्तर के अफसर से जल्द मांगी गई है। इसके लिए डीजीपी को निर्देश दिया गया है। अंकिता के परिवार को 10 लाख रुपए की मदद दी गई है। प्रदर्शनकारियों ने दुमका-भागलपुर रोड को घंटों जाम रखा। इस विरोध प्रदर्शन में वीएचपी, बजरंग दल, भाजपा के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। लोगों ने बाजार भी बंद कराया।



स्थिति तनावपूर्ण देखते हुए प्रशासन ने क्षेत्र में धारा 144 लगा दी है। सोमवार सुबह भी ऐसे ही हालात रहे। आरोपी शाहरुख को फांसी देने की मांग की गई। अंकिता ने 5 दिनों तक संघर्ष के बाद रांची के रिम्स में दम तोड़ दिया। उसने शनिवार की देर रात अंतिम सांस ली।

**अफसरों की देखरेख में अंतिम संस्कार हुआ**

अंतिम यात्रा सोमवार सुबह जरुआडीह स्थित अंकिता के घर से निकली। आखिरी सफर में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। जिले के डिप्टी डेवलपमेंट कमिश्नर कर्ण सत्यार्थी, एसडीएम महेश्वर महतो पूरे समय नजर बनाए रखे। कोई अप्रिय घटना न हो, इसके लिए सैकड़ों की संख्या में महिला और पुलिस बल तैनात किए गए हैं। घटना के विरोध में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने दुमका बंद बुलाया है।

**शाहरुख ने खिड़की से पेट्रोल डाल आग लगा दी थी**

23 अगस्त को अंकिता दुमका के जरुवाडीह मोहल्ले में अपने घर में सोई हुई थी। तभी लगभग 5 बजे पड़ोस के शाहरुख हुसैन ने खिड़की से पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी। परिजन उसे दुमका के फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गए। प्राथमिक इलाज के बाद रिम्स रेफर कर दिया था।

**पुलिस कस्टडी में हंसता दिखा...आरोपी को अफसोस नहीं**

पुलिस कस्टडी में आरोपी हंसता हुआ दिखाई दिया। उसे अपने किए पर कोई पछतावा नहीं है। पुलिस जब आरोपी को गिरफ्तार कर ले जा रही थी, तो वो हंसता हुआ दिखाई दिया। उसकी बॉडी लैंग्वेज से भी ऐसा नहीं लग रहा था कि उसे किसी तरह का अफसोस है।

**2 साल से परेशान कर रहा था शाहरुख**

शाहरुख अंकिता को 2 साल से परेशान कर रहा था। अंकिता ने इसकी शिकायत अपने पिता से भी की थी, लेकिन समाज में बदनामी के डर से उन्होंने आगे कदम नहीं उठाया। इसके बाद जब शाहरुख ज्यादा परेशान करने लगा तो वो पुलिस में शिकायत करने पहुंचे, लेकिन शाहरुख के बड़े भाई ने मांफी मांग ली। और कहा कि वो अब ऐसा नहीं करेगा।

# सोनाली के पीए सुधीर ने मिटाए कई सबूत

## भाई बोला– 3 दिन में मोबाइल और कमरे से कई चीजें हटाईं, तांत्रिक के पास भी ले गया था




फतेहाबाद, 29 अगस्त (एजेंसियां)। सोनाली फोगाट के भाई रिंकू ढाका ने दावा किया है कि सुधीर सांगवान और उसका साथी सुखविंदर सिंह केस के कई अहम सबूत मिटा चुके हैं। दोनों ने सोनाली के मोबाइल फोन से छेड़छाड़ की और उसके कमरे से भी कई चीजें गायब कर दीं। दोनों 23 अगस्त की सुबह सोनाली की मौत हो जाने के बाद 25 अगस्त की शाम तक गोवा पुलिस को गुमराह करते रहे। सोनाली के फेसबुक पेज पर वीडियो पोस्ट करके रिंकू ने यह सब कहा।

रिंकू ने कहा कि गोवा पुलिस ने सुधीर और सुखविंदर के खिलाफ 3 दिन बाद हत्या का केस दर्ज किया। अगर गोवा पुलिस 23 अगस्त की सुबह ही सुधीर और सुखविंदर पर FIR दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लेती तो कई अहम सबूत उसके हाथ लग सकते थे। 23 अगस्त की शाम को जब वह अपने जीजा अमन पूनिया के साथ गोवा पहुंचे तो सोनाली का मोबाइल फोन सुधीर के पास था। 12 घंटे तक सुधीर फोन इस्तेमाल करता रहा।

जब उन्होंने इस बात पर आपत्ति जताई तो गोवा पुलिस के अफसर जवाब नहीं दे पाए। इन 12 घंटों में सुधीर ने सोनाली के मोबाइल से क्या छेड़छाड़ की? इसका पता लगना चाहिए। सोनाली की मौत के बाद गोवा पुलिस ने रिजॉर्ट का वह कमरा भी सील नहीं किया, जहां सोनाली रुकी थी। तीन दिन सुधीर यह कमरा इस्तेमाल करता रहा। इन 3 दिनों में उसने कमरे से क्या-क्या हटाया या गायब किया? इसकी इन्वेस्टिगेशन होनी चाहिए।

**सोनाली को सुधीर तांत्रिक के पास भी ले गया था**

सोनाली के मुंहबोले भाई ऋषभ बेनीवाल ने बताया है कि सोनाली का विश्वास जीतने के लिए सुधीर उसे एक तांत्रिक के पास भी ले गया था। तांत्रिक को सुधीर ने सोनाली के बारे में पहले ही काफी कुछ बता दिया था। इसलिए जब तांत्रिक ने वही बातें सोनाली को बताईं तो उसे लगा कि तांत्रिक बेहद पहुंचा हुआ है। सुधीर ने उसी तांत्रिक से सोनाली को कहलवाया कि वह अपने आसपास सिर्फ ऐसे इंसान को ही रखे, जो उनका विश्वासपात्र हो। सोनाली तब से सुधीर पर और ज्यादा डिपेंड हो गई।

**सुधीर का विरोध नहीं कर पाती थी सोनाली**

ऋषभ ने कहा कि सोनाली की कोई कमजोरी सुधीर के हाथ लग चुकी थी, जिसके कारण वह उसका विरोध नहीं कर पाती थी। सोनाली को उसके परिवार से सुधीर पहले ही दूर कर चुका था।

# पंजाब में बरामद ड्रग्स पर सियासत

## अरविंद केजरीवाल ने पूछा– गुजरात में ड्रग्स के धंधे का मालिक कौन; 38 केजी हेरोइन बरामद हुई थी

चंडीगढ़, 29 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब के नवांशहर से बरामद 38 केजी हेरोइन पर सियासत होने लगी है। आम आदमी पार्टी के कनवीनर अरविंद केजरीवाल ने गुजरात सरकार पर निशाना साधा है। केजरीवाल ने पूछा कि गुजरात में ड्रग्स के धंधे का मालिक कौन है?। केजरीवाल ने लिखा- गुजरात में इतने बड़े स्तर पर ड्रग्स कौन ला रहा है?, इस धंधे का मालिक कौन है?, सोचिए कितना रोज पकड़े बिना निकल रहा होगा?। क्या इतने बड़े स्तर पर ड्रग्स का धंधा टॉप के लोगों की मिलीभगत बिना संभव है। आप देश के युवा को अंधकार में धकेल रहे हैं।




पंजाब पुलिस की टीम ने नवांशहर से ट्रक में लाई जा रही हेरोइन पकड़ी। यह हेरोइन ट्रक के टूलबॉक्स में छुपाई गई थी। पूछताछ में ट्रक ड्राइवर कुलविंदर किंदा ने कहा कि वह गुजरात के भुज से यह हेरोइन लाया है। विदेश बैठे स्मगलर राजेश सोनी खत्री ने टेलीग्राम एप पर उसे कॉल की। उसे हेरोइन उठाने की लोकेशन दी। जब वह लोकेशन पर पहुंचा तो एक अज्ञात व्यक्ति ने हेरोइन टूल बॉक्स में रख दी। अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी इस बार गुजरात चुनाव की बड़ी तैयारी कर चुकी है। इसी वजह से ड्रग्स के बहाने गुजरात सरकार को घेरा जा रहा है। कुछ समय पहले पंजाब के सीएम भगवंत मान भी केजरीवाल के साथ गुजरात में गए थे। दिल्ली के बाद पंजाब में ही आम आदमी पार्टी की सरकार है। इसलिए पंजाब और गुजरात कनेक्शन जोड़ केजरीवाल वहां भाजपा की घेराबंदी करने में जुटे हैं।

# केजरीवाल सरकार ने बच्चों के टॉयलेट को क्लासरूम बताया

## भाजपा ने 'आप' पर लगाया शिक्षा घोटाले का आरोप

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली में शराब नीति पर मचे घमासान के बीच भाजपा ने दिल्ली सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दावा किया कि दिल्ली में शिक्षा घोटाला हुआ है। अपने ठेकेदारों को फायदा दिया गया है। लाभ के लिए सीपीडब्ल्यूडी नियमावली के प्रावधानों की अनदेखी करते हुए 50-90% बढ़ी हुई निर्माण लागत को दिखाया गया। एक अनुमान के मुताबिक 326 करोड़ से लागत बढ़ाई गयी। जो टेंडर की कीमत से 53% ज्यादा था। बच्चों के टॉयलेट को क्लासरूम बताया गया। गौरव भाटिया ने कहा कि ये आप नहीं पाप सरकार है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने 500 नए स्कूल बनवाने का वादा किया था, वह स्कूल नहीं बने। सीवीसी की रिपोर्ट के हवाले से आरोप लगाते हुए कहा कि जहां स्कूलों में 2,400



कमरों की जरूरत थी वहां 7,180 बनवा दिए। 6,133 की जगह 4027 क्लासरुम बनाए गए। मुनाफाखोरी के लिए लागत को बढ़ाया गया। निर्माण लागत में 90 प्रतिशत तक की वृद्धि की गई। ढाई साल पहले यह रिपोर्ट सीवीसी द्वारा दिल्ली विजिलेंस के सचिव को भेजी थी। गौरव भाटिया ने आगे सवाल पूछते हुए कहा कि केजरीवाल ने इस रिपोर्ट का संज्ञान क्यों नहीं लिया? क्यों कार्रवाई नहीं की? भाजपा प्रवक्ता ने केजरीवाल सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि दिल्ली सरकार में सत्येंद्र जैन को कट्टर ईमानदार का सर्टिफिकेट मिला हुआ है ।

# छात्र-छात्राओं का कक्षाओं में एक साथ बैठना भारतीय संस्कृति के खिलाफ, हिंदूवादी नेता के बयान पर बवाल

कोच्चि, 29 अगस्त (एजेंसियां)।कोच्चि में मीडियाकर्मियों के सवालों का जवाब देते हुए वेल्लापल्ली ने कहा कि एलडीएफ सरकार द्वारा बनाई गई नीति लड़कियों और लड़कों दोनों के लिए समान वर्दी और स्कूलों में एक साथ पढ़ाया जाना बिल्कुल अनुचित है।

केरल के संख्यात्मक रूप से मजबूत हिंदू एझावा समुदाय के नेता वेल्लापल्ली नटेसन ने कहा है कि लड़कियों और लड़कों का कक्षाओं में एक साथ बैठना भारतीय संस्कृति के खिलाफ है और यह अराजकता पैदा करता है। रविवार को कोच्चि में



मीडियाकर्मियों के सवालों का जवाब देते हुए वेल्लापल्ली ने कहा कि एलडीएफ सरकार द्वारा बनाई गई नीति लड़कियों और लड़कों दोनों के लिए समान वर्दी और स्कूलों में एक साथ पढ़ाया जाना बिल्कुल अनुचित है।मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के बेहद करीबी माने जाने वाले नटेसन ने कहा कि हम कक्षाओं में लड़कियों और लड़कों के एक साथ बैठने के पक्ष में नहीं हैं। हमारी अपनी संस्कृति है। हम अमेरिका या इंग्लैंड में नहीं रह रहे हैं।

sनेटसन ने आगे कहा कि हमारी संस्कृति लड़कों और लड़कियों को एक साथ गले लगाने और बैठने को स्वीकार नहीं करती है।

स्वतंत्र वार्ता

मेरा हैदराबाद

सुविचार: वह चरित्र ही है, जो विपत्ति की अभेद्य दीवारों में भी मार्ग बना लेता है।



# शमशाबाद बडेर का बीज महोत्सव धूमधाम से मनाया गया





हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। श्री आई माताजी के 607वें अवतरण दिवस अर्थात सीरवी समाज शमशाबाद बडेर का 8वां भादवा सुदी बीज महोत्सव को धूमधाम मनाया गया, जिसके अंतर्गत सीरवी समाज शमशाबाद बडेर के समस्त स्वजातीय बंधुओं एवं धर्म प्रेमी सज्जनों ने पूजा अर्चना एवं आरती की। इस अवसर पर आयोजित विशाल भजन जागरण की प्रस्तुति प्रसिद्ध भजन गायक गायक विशनारामजी सुथार एंड पार्टी (पटाऊ) द्वारा की गई। लगभग 11:30 बजे से बोलियों का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ बीच-बीच में बोली दातों का उत्साहवर्धन करने के लिए संगीत प्रस्तुत किया गया लगभग 2:00 बजे माता जी की आरती हुई। आज सुबह 9:15 बजे से बोली दाताओं द्वारा माताजी की विशेष पूजा अर्चना आरती की गई। बाद में समाज के सचिव भूराराम परिहार ने मंच के कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की महिला मंडल सचिव भारती परिहारिया ने अपनी मधुर वाणी में मंच संचालन किया। मुख्य अतिथि एमके सिंह की अनुपस्थिति में एयरपोर्ट के कमांडो अभिषेक अपनी धर्मपत्नी सोनी के साथ पधार कर मंच की शोभा बढ़ायी। विशेष अतिथि के रुप में अखिल भारतीय सीरवी महासभा तेलंगाना प्रांत के अध्यक्ष हरजीराम काग अपनी धर्मपत्नी सीरवी समाज महिला मंडल की अध्यक्षा पारीदेवी काग मंच पर सुशोभित हुए। राजस्थान एवं विभिन्न क्षेत्रों से पधारे हुए अतिथियों का सम्मान किया गया। बाल कलाकारों द्वारा सुंदर सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई एवं बोली दातों का समाज की कार्यकारिणी समिति द्वारा सबका यथोचित सम्मान किया गया। समाज के कोषाध्यक्ष हरिराम परिहारिया ने साल भर के आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। बाल कलाकारों को पारितोषिक दिया गया। सीरवी समाज शमशाबाद के अध्यक्ष आसाराम गहलोत, उपाध्यक्ष मलाराम पवार, भोलाराम पवार, सचिव भूराराम परिहार, सह सचिव जगदीश काग, कोषाध्यक्ष हरिराम परिहारिया, सह कोषाध्यक्ष पुखराज, खेल मंत्री पुखराज पवार, खेल मंत्री द्वितीय कालूराम राठौड़, कलाकार चेलाराम काग, अखिल भारतीय सीरवी महासभा के प्रांतीय सदस्य राजूराम परिहार, शमशाबाद क्षेत्र से राजूराम बर्फा सादनगर क्षेत्र से सीरवी समाज शमशाबाद के क्रिकेट युवा कैप्टन मधुसूदन काग, कार्यकारिणी सदस्य बाबूलाल पवार, प्रकाश परिहार एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्यों की महती उपस्थिति रही। सीरवी समाज महिला मंडल की अध्यक्षा पारी देवी काग, उपाध्यक्ष संतोष देवी परिहार, सचिव भारती परिहारिया, सह सचिव जमुना देवी बर्फा, कोषाध्यक्ष संगीता देवी गहलोत, सहकोषाध्यक्ष रेखा देवी सोलंकी, सांस्कृतिक मंत्री सुशीला देवी काग एवं गणकी देवी राठौर, महिला मंडल मीडिया प्रभारी विमला देवी चोयल, पूर्व अध्यक्षा तीजा देवी गहलोत, पंचायत समिति सदस्य एवं एवं अखिल भारतीय सीरवी महासभा के महिला एवं बाल विकास समिति के महासचिव गौरी देवी काग, सीरवी समाज शमशाबाद के संपूर्ण महिला मंडल में इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर के भाग लिया।

# तन और मन को हमेशा फिट रखता है खेल : दमरे जीएम

## एससीआर स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस



हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे विश्व स्तर के अत्याधुनिक स्टेडियमों के साथ खेलों को बढ़ावा देने के लिए जाना जाता है। खेलों और खेलों को बढ़ावा देने, प्रोत्साहित करने की विरासत को जारी रखते हुए, दक्षिण मध्य रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन, राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में रेलवे स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, सिकंदराबाद में एक सप्ताह तक चलने वाले स्पोर्ट्स कार्निवल का आयोजन किया गया। दमरे महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन समापन दिवस में मुख्य अतिथि रहे और उन्होंने कार्निवल के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। इस संदर्भ में, विभिन्न खेलों के लिए टूर्नामेंट अर्थात् हॉकी, फुटबॉल, बीच वॉलीबॉल और बास्केटबॉल का आयोजन किया जाता है। हॉकी में 8 टीमों, बास्केटबॉल में 25 टीमों, फुटबॉल 18 टीमों और बीच बॉल 20 टीमों ने भाग लिया। 600 खिलाड़ियों और 35 अधिकारियों की एक विशाल संख्या ने विभिन्न विषयों में 140 मैचों में गहन रूप से भाग लिया, इसके अलावा कई ग्राउंड मेन और सचिवीय सहायता द्वारा अमूर्त लेकिन महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इस अवसर पर बोलते हुए अरुण कुमार जैन ने कहा कि खेल हमारे तन और मन को हमेशा फिट रखता है। उन्होंने यह भी कहा कि ईमानदारी, कड़ी मेहनत और सच्ची खेल भावना का प्रदर्शन किसी भी खेल अनुशासन में सर्वोच्च मान्यता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करेगा। कार्यक्रम में जे.के.जैन, अध्यक्ष, एससीआरएसए और प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, दमरे, ए.के.सिंह, सचिव, एससीआरएसए और मुख्य विद्युत अभियंता, दमरे और दमरे के खेल अधिकारी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।जीएम

# निलंबित विधायक राजा सिंह पहुंचे सुप्रीम कोर्ट

हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पीडी अधिनियम के तहत गिरफ्तार गोशामहल से निलंबित बीजेपी विधायक टी राजा सिंह ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की है। तेलंगाना पुलिस द्वारा विधायक को पीडी अधिनियम लागू करने को याचिका में चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट आज अहम फैसला सुनाने वाला है। जाने-माने वकील रघुनंदन राव सुप्रीम कोर्ट में राजा सिंह के मामले की पैरवी करेंगे। भाजपा विधायक को पहले हैदराबाद पुलिस ने पीडी अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया था, और बाद में उन्होंने उसे चेर्लापल्ली जेल में डाल दिया। राजा सिंह को कारागार में अधिक सुरक्षा प्रदान की गई। हालांकि, कुछ हिंदू संगठनों ने बीजेपी विधायक के खिलाफ लाए गए पीडी एक्ट की आलोचना की है। राज्य के कुछ क्षेत्रों में राजा सिंह के समर्थकों द्वारा हिरासत के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू किया गया है।

# साइबराबाद पुलिस ने कोलकाता में फर्जी अंतरराष्ट्रीय कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया

## विदेशी नागरिकों को ठगने वाले 17 आरोपियों गिरफ्तार



हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद साइबर क्राइम टीम ने कोलकाता में एक अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉल सेंटर पर छापा मारा और 17 लोगों को गिरफ्तार किया। वे विदेशी नागरिकों को वीओआइपी कॉल के माध्यम से प्रतिष्ठित एंटीवायरस सॉफ्टवेयर कंपनियों के अधिकारियों के रूप में धोखा दे रहे थे। साइबराबाद के पुलिस आयुक्त एम.स्टीफन रवींद्र ने कहा कि संदिग्ध फर्जी ईमेल आईडी से विदेशी नागरिकों को कोलकाता स्थित अवैध कॉल सेंटरों में उन विदेशी नागरिकों से लीड (इन-बाउंड कॉल) उत्पन्न करने के लिए थोक ईमेल भेज रहे थे। वे इन अवैध कॉल सेंटरों पर प्राप्त प्रत्येक कॉल पर 250 रुपये और विदेशी नागरिकों को धोखा देकर कॉल सेंटरों द्वारा एकत्र की गई लेनदेन राशि पर 25 प्रतिशत कमीशन ले रहे थे।

ज्यादातर, फ़िशिंग ईमेल प्रतिष्ठित एंटी-वायरस सॉफ़्टवेयर कंपनी के नाम पर अग्रेषित किए गए थे जो उन्हें सेवाओं को नवीनीकृत करने के लिए कह रहे थे। मेल प्राप्त करने पर, विदेशी नागरिक मेल का जवाब देते हैं और मेल में उल्लिखित नंबर पर संपर्क करते हैं, जिसका उत्तर टेली-कॉलर्स द्वारा दिया गया था। सेवाओं के नवीनीकरण में रुचि रखने वाले अमेरिकी नागरिकों से कॉल प्राप्त करने पर, टेली-कॉलर्स उन्हें अपनी भुगतान सेवाओं को लेने के लिए मना लेते हैं और अमेरिकी नागरिकों को भुगतान ऐप (ईमेल-टू-ईमेल मनी ट्रांसफर), गिफ्ट कार्ड और के माध्यम से पेरू, अमेरिका, थाईलैंड और सिंगापुर के बैंक खाते में राशि का भुगतान करते हैं। उपहार कार्डों को बाद में टेलीग्राम चैनलों के माध्यम से भुनाया गया और बैंक खातों से धन बिटकॉइन के माध्यम से स्थानांतरित किया गया।

# तीन मृत पुलिसकर्मियों के परिवारों को वित्तीय सहायता मिली



हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राचकोंडा सीपी महेश भागवत ने नेरेडमेट कार्यालय में राचकोंडा पुलिस कमिश्नरेट में काम करने के दौरान बीमारी से मरने वाले पुलिसकर्मियों के परिवार के सदस्यों को सुरक्षा अनुग्रह और अन्य लाभ चेक सौंपे। उप्पल पुलिस स्टेशन में तैनात हेड कांस्टेबल बी परुसाराम, अंबरपेट शस्त्र मुख्यालय में तैनात हेड कांस्टेबल चिन्ना, इब्राहिमपट्टनम पुलिस स्टेशन में तैनात एएसआई लक्ष्मीपति काम करते समय मृत्यु हो गई थी। सीपी राचकोंडा सुरक्षा ने तीनों पुलिसकर्मियों के परिवार के सदस्यों को सुरक्षा अनुग्रह राशि प्रदान की। उन्होंने तीनों परिवारों को जल्द से जल्द पेंशन और नौकरी दिलाने के लिए मंत्रिस्तरीय कर्मचारियों को कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम में अपर डीसीपी एडमिन सी. नर्मदा, पुलिस अधिकारी संघ के अध्यक्ष भद्र रेड्डी, सदस्य कृष्णा रेड्डी और अन्य ने भाग लिया।

# सुप्रीम कोर्ट ने अभिनेता बालकृष्ण को नोटिस जारी किया

हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने टॉलीवुड अभिनेता नंदामुरी बालकृष्ण को उनकी फिल्म गौतमी पुत्र सातकर्णी को सब्सिडी देने के मुद्दे पर आज नोटिस जारी किया। शीर्ष अदालत ने अभिनेता से नोटिस का जवाब देने और फिल्म के निर्माताओं के तेलंगाना और एपी सरकारों से सब्सिडी प्राप्त करने के बावजूद फिल्म की टिकट की कीमतों को कम नहीं करने के फैसले के बारे में बताने के लिए कहा।

इस पर नाराज होकर, एक फिल्म देखने वाले उपभोक्ता संघ ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की और कहा कि फिल्म निर्माताओं ने सब्सिडी के लाभों को स्थानांतरित नहीं किया है। इसने शीर्ष अदालत से निर्माताओं द्वारा प्राप्त सब्सिडी राशि को संबंधित राज्य सरकारों को हस्तांतरित करने का आग्रह किया।

# बाबा रामदेव की पूजनोत्सव में महाप्रसादी के बाद पदयात्रा निकली



हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। श्री रामदेव नवयुवक मित्र मंडल विनायक नगर, सिकंदराबाद द्वारा जन सेवा संघ हैदराबाद के तत्वाधान में आयोजित बाबा रामदेव का पूजनोत्सव धूमधाम से सम्पन्न हो गया। पूजा, महाप्रसादी और पदयात्रा में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। प्रशांत गॉर्डन फंक्शन हाल, साईनाथपुरम् में बाबा रामदेव की पूजा व महाप्रसादी का आयोजन किया गया था। रविवार को सुबह 9 बजे से 10 बजे तक बाबा रामदेव की पूजा की गई। इसके बाद 11.30 बजे से शाम 4 बजे तक महाप्रसादी में रही। शाम को 5.30 बजे अखंड ज्योति का आयोजन प्रशांत गॉर्डन फंक्शन हाल, साईनाथपुरम् से शिवरामपल्ली के लिए रवाना हुई। पूरे कार्यक्रम में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्री रामदेव नवयुवक मित्र मंडल के सभी पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों ने पदयात्रा और पूजा आदि का बेहतर प्रबंध किया था। कार्यक्रम में मदनलाल रावल, जनसेवा संघ के अध्यक्ष एल. एम. चौधरी, पीपी पांडेय, डीडी तिवारी, बिहार सहयोग समिति के अध्यक्ष बिनय कुमार यादव, राजनरायन सिंह, अजय सिंह, सुशील श्रीवास्तव, गोविन्द तिवारी, राधेश्याम राय, सौरभ तिवारी, प्रेमाराम चौधरी, आर. के शर्मा, कन्यालाल देवासी, कालू सिंह राजपुरोहित, देवीलाल चौधरी, उमेश राव, हरीराम चौधरी, नवीन बिहारी, संजय गुप्ता आदि ने भाग लिया।

# प्रजापति समाज का भादवा सुदी बीज महोत्सव सम्पन्न



हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। धम्माईगुडा स्थित श्री श्रीयादेमाता मंदिर श्रीयादेमाता मंदिर ट्रस्ट प्रजापत समाज के सान्निध्य मे भादवा सुदी बीज महोत्सव, दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्ष बंसीलाल ब्रांदणा व सचिव लक्ष्मीनारायण हलकीया ने बताया कि रविवार को प्रात: वेला मे मंदिर को विशेष फूलो से सजाकर, श्रीश्रीयादेमाता का श्रृंगारकर, पूजा-अर्चना व महाआरती के पश्चात् ज्योत प्रज्वलितकर रात्रि 9.15 बजे से जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें महेन्द्रनाथ, सोहननाथ, गिरधरीलाल, मोहनलाल प्रजापत ने भजनों के पुष्प अर्पित किये। मध्य रात्रि बोलियों का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। भोजन प्रसादी के

लाभार्थी दिलीपकुमार, पुखाराम कवाड़िया चिंतल रहे। सोमवार 29 अगस्त प्रात: वेला मे पुजा-अर्चनाकर समाज बन्धुओं ने श्रीश्रीयादेमाता के चरणों में श्रीफल व श्रद्धा के पुष्प अर्पित किये। कार्यक्रम मे पधारे अतिथियों व बोलियों लेने वाले भामाशाहों का विशेष सम्मान किया गया। अवसर पर अध्यक्ष बंसीलाल ब्रांदणा ने भादवा सुदी बीज की समाज बन्धुओं को शुभकामनाएँ दीं। मंच का संचालन मांगीलाल रेडवाल ने किया। लक्ष्मीनारायण हलकीया के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन्न हुआ।



# तेजस्वी के 'ठंडा करना' वाले बयान पर भड़कीं भाजपा सांसद

## पति की हत्या में लिप्त होने का लगाया आरोप



रमा देवी

पटना, 29 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के शिवहर से भाजपा सांसद रमा देवी ने राज्य के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के 'ठंडा करने' वाले बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मेरे पति बृज बिहारी प्रसाद की हत्या में यादव परिवार का हाथ है।

रमा देवी ने पति की हत्या का आरोप लगाते हुए कहा, 'हां, उन्होंने किसी से ऐसा करवाया। इसमें कोई शक नहीं।' उन्होंने कहा कि, 'कितनों को ठंडा किया है, मेरे पति को भी उन्होंने ठंडा करवाया। मैं उसका जवाब देने को खड़ी हूं। जेल जाने के डर से तेजस्वी यादव ने नीतीश से हाथ मिलाया कि वह सीएम बन जाएगा और नीतीश बाबू को प्रधानमंत्री बनवा देगा, लेकिन जनता सब देख रही है।'

**सब कुछ ठंडा दिया जाएगा: तेजस्वी**

हाल ही में बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने नाम लिए बगैर केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय को लेकर 'ठंडा करने वाला' बयान दिया था। तेजस्वी ने कहा था- 'ई जो भाजपा में केंद्र में मंत्री हैं न जो बिहार में खेला करना चाह रहे थे, महाराष्ट्र वाला। वो थोड़ा लाइन में रहें। सब कुछ ठंडा दिया जाएगा। एने-ओने जो कर रहे हैं, जिनका सपना टूटा है न मुख्यमंत्री बनने का वो समझ जाएं। ज्यादा ख्वाब न देखें। दिल्ली वाले नहीं बचाएंगे।'

इस पर रमा देवी ने आरोप लगाया कि मेरे पति मुख्यमंत्री न बन जाएं इसलिए इन्होंने मेरे पति को भी ठंडा कर दिया था। रमा देवी ने मीडिया से चर्चा में सवाल किया कि उस समय कितनों को ठंडा किया था? रमा देवी ने आरोप लगाया कि जिन्होंने हत्या करवाई उनका सहयोग लेकर नीतीश कुमार ने सरकार बना ली।

# ओवैसी-तेजस्वी के गढ़ सीमांचल में अमित शाह का सितंबर में दौरा

## 23 को पूर्णिया में रैली, 24 को किशनगंज में बीजेपी की बैठक

पटना, 29 अगस्त (एजेंसियां)। केंदीय मंत्री अमित शाह बिहार के सीमांचल क्षेत्र में अगले महीने दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान 23 सितंबर को उनकी पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में विशाल जनसभा होगी। वहीं, 24 सितंबर को किशनगंज में प्रशासनिक अधिकारियों और बीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। शाह के इस दौरे की जानकारी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने सोमवार को दी। सीमांचल असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) का गढ़ माना जाता है। नीतीश कुमार के एनडीए से नाता तोड़कर महागठबंधन के साथ सरकार बनाने के बाद शाह का ये पहला बिहार दौरा होगा।

केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने सोमवार को किशनगंज के एमजीएम मेडिकल कॉलेज में प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान अमित शाह के दौरे के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि 23 और 24 सितंबर को



गृहमंत्री अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर सीमांचल के पूर्णिया व किशनगंज आएंगे। शाह का दौरा सफल बनाने के लिए विधान पार्षद डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल की उपस्थिति में बीजेपी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ उन्होंने बैठक की और उचित दिशा-निर्देश भी दिए हैं। दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह के दो दिवसीय सीमांचल का दौरे की तैयारी शुरू कर दी गई है। प्रेसवार्ता में बीजेपी के पूर्व विधायक सिंकदर सिंह, बीजेपी जिलाध्यक्ष सुशांत दास सहित कई लोग मौजूद रहे।

बताया जा रहा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत अन्य कई केंद्रीय नेताओं भी अमित शाह के बाद बिहार आएंगे। बिहार बीजेपी ने इसके मद्देनजर अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। पार्टी के केंद्रीय नेताओं के बिहार आगमन को देखते हुए राज्य इकाई ने वरीय नेताओं की जिम्मेवारी तय की है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल ने केंद्रीय मंत्रियों के प्रवास से संबंधित कमेटी में जीवेश मिश्रा, संजय सिंह, शिवेश राम, अमृता भूषण और मनीष पांडेय को शामिल किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रवास का जिम्मा मनोज शर्मा और संजय गुप्ता को दिया गया है। सीमांचल क्षेत्र नेपाल और पश्चिम बंगाल से सटा हुआ है। यह मुस्लिम बाहुल्य इलाका है, जिसमें पूर्णिया, किशनगंज, अररिया और कटिहार जिले आते हैं। सीमांचल में कुल 24 विधानसभा सीटें हैं।

# चायवाले का बेटा पीएम बन सकता है तो वैद्य का बेटा क्यों नहीं

## जदयू एमएलसी संजय सिंह ने नीतीश कुमार को ऐसे बताया पीएम मेटेरियल

पटना, 29 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खुद को पीएम मेटेरियल बताने से लगातार इनकार कर रहे हैं। सीएम से जब पीएम पद की रेस में होने का सवाल पूछा जाता है तो वे हाथ जोड़ लेते हैं। हर बार यही जवाब देते हैं कि पीएम बनने का उनका कोई इरादा नहीं है। लेकिन उनकी पार्टी के अन्य नेता हर मौके पर नीतीश कुमार को पीएम बनाने की फिल्डिंग से नहीं चुकते। नई दोस्ती के बाद राजद के बड़े नेता भी नीतीश कुमार को पीएम बना देने की हरबड़ी में हैं। डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के बाद उनके भाई और बिहार सरकार में मंत्री तेजप्रताप यादव भी चाचा को पीएम बनाने की बात कह चुके हैं। जेडीयू में उपेंद्र कुशवाहा, ललन सिंह और अन्य नेताओं के बाद विधान पार्षद संजय सिंह भी इस कतार में शामिल हो गए हैं। उन्होंने भी नीतीश कुमार को पीएम मेटेरियल बताने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ा। संजय सिंह ने अभी तक नीतीश कुमार को पीएम मेटेरियल बता चुके सभी नेताओं



को पीछे छोड़ दिया। जदयू विधान पार्षद संजय सिंह ने कहा है कि जब चायवाला का बेटा देश का प्रधानमंत्री बन सकता है तो एक वैद्य का बेटा जो इंजीनियर भी है, वह देश का प्रधानमंत्री क्यों नहीं बन सकता है। पूरा देश आज नीतीश कुमार का इंतजार कर रहा है। यहां चाय वाले का बेटा कहने से संजय कुमार सिंह का इशारा नरेंद्र मोदी की ओर है।

अपने आवास पर पटना जिला ग्रामीण के प्रखंड अध्यक्षों व प्रभारियों और पटना महानगर के सेक्टर अध्यक्ष व प्रभारियों की बैठक में जदयू नेता ने कहा कि 2014 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नरेंद्र मोदी ने पूरे देश के नौजवानों को प्रत्येक वर्ष 2 करोड़ नौकरी देने का वायदा किया था। बहुत हुआ महंगाई की मार अबकी बार मोदी सरकार का नारा देकर नरेंद्र मोदी देश की गद्दी पर बैठ गए। आज देश महंगाई की मार झेल रहा है। संजय सिंह ने कहा कि सभी प्रखंड अध्यक्ष अपने प्रखंड में जनता दल (यू) का कार्यालय स्थापित करें। विधान पार्षद व जदयू के राष्ट्रीय सचिव रवीन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि आज दलित, महादलित के टोला में स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री की उपस्थिति में उस टोला के बुजुर्ग महादलित समुदाय के व्यक्ति द्वारा झंडोत्तोलन किया जाता है। उस दृश्य को पूरा हिंदुस्तान देखता है। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कार्यकर्ताओं को आगे आने का आह्वान किया।

# श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद मामला

## चार महीने में सर्वे के मामले में सुनवाई पूरी करने का निर्देश

प्रयागराज, 29 अगस्त (एजेंसियां)। शाही इमाम मस्जिद और श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले में सर्वे के लिए मंदिर पक्ष की ओर से निचली अदालत में दाखिल अर्जी पर 4 महीने में सुनवाई पूरी करने का निर्देश इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दिया है। कोर्ट ने कहा कि निचली अदालत मामले में 4 महीने में सुनवाई पूरी करें। निचली अदालत में मस्जिद के सर्वे कराने को लेकर अर्जी दाखिल की गई है। जिस पर सुनवाई चल रही है।

मंदिर पक्ष की ओर से इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में भी एक अर्जी दाखिल की गई थी। जिसमें, मांग की गई थी कि निचली अदालत में दाखिल अर्जी का निस्तारण जल्दी कर दिया जाए। कोर्ट ने सुन्नी वक्फ बोर्ड और मंदिर पक्ष की ओर से सुनवाई पूरी करने के बाद निचली अदालत को यह निर्देश दिया।

मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर बने मंदिर का इतिहास रोचक है। यह मंदिर तीन बार टूटा और चार बार बनाया गया है। इस जगह पर मालिकाना हक के लिए दो पक्षों में कोर्ट में विवाद भी चला। जिस जगह पर आज कृष्ण जन्मस्थान



है, वहां पांच हजार साल पहले मल्लपुरा क्षेत्र के कटरा केशव देव में राजा कंस का कारागार हुआ करता था। इसी कारागार में भगवान कृष्ण ने जन्म लिया था। कटरा केशव देव को भी कृष्ण जन्मभूमि माना है। इतिहासकारों के अनुसार, सम्राट चंद्रगुप्त विक्रमादित्य द्वारा बनवाए गए इस भव्य मंदिर पर महमूद गजनवी ने सन 1017 ई. में आक्रमण कर इसे लूटने के बाद तोड़ दिया था।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट की स्थापना से पहले ही यहां रहने वाले कुछ मुसलमानों ने 1945 में इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक याचिका दाखिल कर दी थी। इसका फैसला 1953 में आया। इसके बाद ही यहां निर्माण शुरू हो सका। यहां गर्भ गृह और भव्य भागवत भवन के पुनरुद्धार और निर्माण कार्य आरंभ हुआ, जो फरवरी 1982 में पूरा हुआ। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सदस्य गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी ने बताया कि 1983 में मुरादाबाद में हिंदू जागरण मंच का सम्मेलन हुआ था। जिसमें अयोध्या, मथुरा, काशी के लिए आंदोलन की आवाज पहली बार उठी थी। अयोध्या में आंदोलन की जिम्मेदारी अशोक सिंघल को सौंपी गई। 1990 में कारसेवकों पर गोली चलाए जाने की घटना के बाद जब 1991 में मुलायम सिंह यादव मथुरा आए तो उनको काले झंडे दिखाए गए।

# चिराग पासवान की दो टूक, बोले- उस गठबंधन में कोई रिश्ता नहीं रखेंगे

## जिसका हिस्सा चाचा पशुपति पारस होंगे

पटना, 29 अगस्त (एजेंसियां)। लोक जनशक्ति पार्टी के पूर्व अध्यक्ष चिराग पासवान ने सोमवार को कहा कि वह उस संगठन का हिस्सा नहीं होंगे जिसमें उनके विद्रोही चाचा पशुपति कुमार पारस शामिल हैं। पासवान ने यह टिप्पणी उन अटकलों के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब में की जिनमें कहा जा रहा है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एनडीए से बाहर निकलने के बाद वह (चिराग पासवान) एनडीए में वापस लौट सकते हैं।

हालांकि अपने दिवंगत पिता रामविलास पासवान की विरासत को बनाए रखने के लिए लड़ रहे युवा नेता ने गुप्त रूप से कहा कि वह राजद के साथ जाने की संभावना से भी इनकार नहीं कर रहे हैं, जो अब नीतीश कुमार के साथ गठबंधन कर चुका है।

चिराग ने कहा, बिहार में गठबंधनों ने अपनी पवित्रता खो दी है। आप चुनाव से पहले एक पार्टी के साथ गठजोड़ कर सकते हैं और चुनाव के बाद दूसरे के साथ हाथ मिला सकते हैं।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने अब्बास अंसारी की अग्रिम जमानत याचिका की खारिज

लखनऊ, 29 अगस्त (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने अब्बास अंसारी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। अवैध हथियार मामले में अब्बास अंसारी ने याचिका दायर की थी। शूटिंग के हथियारों की आड़ में अवैध कारतूस, हथियार रखने का कोर्ट ने संज्ञान लेकर याचिका ख़ारिज की। अब्बास अंसारी की तरफ़ से प्रांजल कृष्ण और सरकार की तरफ़ से विनोद शाही और सरकारी वकील अनुराग वर्मा ने पक्ष रखा।

गौरतलब है कि लंबे वक्त से फरार चल रहे मऊ की सदर सीट से सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी पर कानून का शिकंजा कसने लगा है। माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास के दर्जी मुहल्ला स्थित पैतृक आवास पर शनिवार को लखनऊ की महानगर कोतवाली की पुलिस ने कुर्की की नोटिस चस्पा किया। मालूम हो कि माफिया व पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को लखनऊ पुलिस करीब डेढ़ महीने से तलाश



रही है। पुलिस ने ताबड़तोड़ 135 ठिकानों पर दबिश भी दी, लेकिन विधायक पकड़ से बाहर है।

लखनऊ कमिश्नरेट के महानगर कोतवाली की पुलिस टीम सब इंस्पेक्टर पुष्पराज सिंह के नेतृत्व में मुहम्मदाबाद कोतवाली पुलिस के साथ दर्जी मुहल्ला स्थित अब्बास अंसारी के आवास पर जाकर मुनादी कराकर धारा 82 की नोटिस चस्पा की। एक शस्त्र लाइसेंस पर कई असलहा रखने के मामले में यह कार्रवाई हुई।

मौके पर पुलिस अधिकारी ने लोगों के बीच घोषणा की कि अब्बास अंसारी के खिलाफ एसीजेएम कोर्ट लखनऊ ने 82 के तहत नोटिस जारी किया। अब्बास को एक महीने का समय दिया गया है। 26 सितंबर तक यदि अब्बास हाजिर नहीं होते हैं तो खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

लखनऊ महानगर थाने के तत्कालीन इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह ने 2019 में अब्बास अंसारी के खिलाफ शस्त्र लाइसेंस के दुरुपयोग का मुकदमा दर्ज किया था। मामले में पेशी से गायब रहने पर कोर्ट ने गैरजमानती वारंट जारी किया था। इसके बाद ही पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए यूपी के कई शहरों समेत दूसरे राज्यों में भी दबिश दी, लेकिन अब्बास को पकड़ नहीं सकी।

हताश हो चुकी पुलिस ने विधायक को भगोड़ा घोषित करने के लिए अर्जी दी थी, पर कोर्ट ने इसे खारिज करते हुए आदेश दिया था कि विधायक को 25 अगस्त तक गिरफ्तार कर पेश करें। गुरुवार को कोर्ट की मोहलत खत्म हो गई।

इसके बाद महानगर इंस्पेक्टर केशव कुमार तिवारी ने अर्जी दाखिल की। इस पर कोर्ट ने सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी को भगोड़ा घोषित कर दिया। शनिवार को पुलिस टीम गाजीपुर के मोहम्मदाबाद थानाक्षेत्र स्थित विधायक के पैतृक गांव यूसुफपुर दर्जी टोला पहुंचीं।

# यूपी में अब हाईग्रेड फीवर का कहर

## इस जिले में रोजाना मिल रहे हजारों मरीज

वाराणसी, 29 अगस्त (एजेंसियां)। यूपी के जिलों में मौसम में परिवर्तन के कारण वायरल बुखार का दायरा बढ़ने लगा है। कानपुर के बाद वाराणसी में तेजी से लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। वाराणसी में पिछले 15 दिनों के दौरान हाईग्रेड फीवर (103 से 104 डिग्री फारेनहाइट) के करीब 19 हजार मरीज ट्रेस हुए हैं। इनमें मलेरिया के चार और डेंगू का एक मरीज भी चिह्नित हुआ है। इन दिनों जिला और मंडलीय अस्पतालों की ओपीडी में बुखार के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ गई है। डॉक्टर लोगों से विशेष सावधानी बरतने की अपील कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग संचारी रोगों से पीड़ित लोगों का पता लगाने के लिए घर-घर अभियान चला रहा है। अभियान के तहत बुखार के 19 हजार मरीज मिले हैं। कबीरचौरा के मंडलीय अस्पताल की ओपीडी में हर रोज बुखार के 500 से अधिक जबकि पांडेयपुर के जिला अस्पताल में हर रोज 400 से 450 मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। मंडलीय अस्पताल के फिजीशियन डॉ. एसबी उपाध्याय ने बताया कि ज्यादातर मरीजों को तेज बुखार हो रहा है।

# जहरीली शराब पीने से तीन की मौत

पटना, 29 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में एक बार फिर से जहरीली शराब पीने से तीन की मौत हो गई। तबियत बिगड़ने बाद युवकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने तीन को मृत घोषित कर दिया। जबकि कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह घटना राघोपुर के वीरपुर में बीते शुक्रवार की शाम हुई। यहां जहरीली शराब पीने से लोगों की हालत बिगड़ती चली गई। बताया गया है कि जहरीली शराब पीने से पहले लोगों की आंखों की रोशनी गई।

सूचना मिलने पर परिजनों ने आनन-फानन में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने मृतकों के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**डिप्टी सीएम के विधानसभा क्षेत्र में हुई घटना**

जहरीली शराब पीने की घटना बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के विधानसभा क्षेत्र के राघोपुर की है। घटना के बाद शराबबंदी को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। वहीं, जिला प्रशासन भी सवाले के घेरे में हैं। आखिर किसकी शह पर जहरीली शराब तैयार की जा रही थी।

**शराबबंदी के बाद भी नहीं थम रहा सिलसिला**

शराबबंदी के बावजूद प्रदेश में जहरीली शराब पीने से मौत का सिलसिला नहीं थमा रहा है। साथ ही लोग अपनी आंखों तक की रोशनी भी गंवा रहे है। छपरा में बीते 15 दिनों में 19 लोगों की मौत जहरीली शराब पीने से हुई है। उसके बाद भी राज्य में कच्ची शराब का धंधा जोरों पर हैं। शराब का केमिकल कनेक्शन सामने आ रहा है। पुलिस ने छपरा से बड़ी मात्रा में मशरख के मुसहर टोली से देशी शराब और केमिकल बरामद किया था।

जहरीली शराब पीने से मौत के बाद ही पुलिस की आंखे खुलती है। छपरा के भाथा नोनिया गांव में शराब पीने से अगस्त के पहले सप्ताह में 13 लोगों की मौत हो गई थी। जबकि 10 से ज्यादा लोगों के आंखों की रोशनी चली गई थी।

# व्यापारी के घर में डकैती

## बदमाशों ने बुजुर्ग को पीटकर किया अधमरा

आगरा, 29 अगस्त (एजेंसियां)। आगरा के कस्बा खेरागढ़ में शटर तोड़कर घर में घुसे बदमाशों ने रविवार की रात डकैती की वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने चारपाई पर सो रहे बुजुर्ग व्यापारी को पीटकर लहूलुहान कर दिया। इसके बाद वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। सोमवार की सुबह घटना की जानकारी होने पर कस्बे में सनसनी फैल गई। परिजन घायल बुजुर्ग को अस्पताल ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की।

घटना खेरागढ़ के बाईपास मार्ग की है। यहां श्री भगवान मित्तल का मकान है, जिसमें ऑटो मोबाइल की दुकान है। रविवार की रात वह अपनी मां, पत्नी और बच्चों के साथ ऊपर बने कमरे में सो रहे थे। मकान के भूतल पर उनके 75 वर्षीय पिता तारा चंद मित्तल चारपाई पर सो रहे थे। आधी रात को दुकान का शटर तोड़कर बदमाश घुस आए और तारा चंद मित्तल पर हमला कर दिया। उन्हें



इसी चारपाई पर सो रहे थे व्यापारी के पिता

बुरी तरह पीटा गया, जिससे वह बेहोश हो गए।

**लहूलुहान हालत में मिले व्यापारी के पिता**

तारा चंद के बेहोश होने के बाद बदमाश घर की अलमारी में रखी नकदी और लाखों रुपये के जेवरात लेकर फरार हो गए। सुबह करीब पांच बजे परिजन जागकर नीचे आए तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। पिता को लहूलुहान हालत में देखकर परिवार में चीख-पुकार मच गई। पुलिस को सूचना देकर परिजन घायल ताराचंद को आगरा लेकर आए। उधर, घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल में जुट गई। व्यापारी के घर से महज 50 मीटर की दूरी पर ही पुलिस पिकेट है, जहां रातभर पुलिस बल तैनात रहता है। इसके बावजूद इस तरह की घटना से पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लगता है। डकैती की वारदात के बाद कस्बे में दहशत का माहौल है। वहीं एसएसपी प्रभाकर चौधरी ने मौके पर घटना की जानकारी ली। फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया है।

# अब सैया कमाता नहीं और महंगाई खाने नहीं देती

## सुप्रिया श्रीनेत का बीजेपी पर हमला

लखनऊ, 29 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने लखनऊ में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कॉरपोरेट टैक्स कम किया जा सकता है लेकिन रसोई गैस का सिलेंडर का दाम कम नहीं किया जा सकता। ये कैसी सरकार है? कांग्रेस इसके खिलाफ चार सितंबर को दिल्ली में महंगाई पर हल्लाबोल प्रदर्शन करने जा रही है।

**उन्होंने कहा कि 2012 में पीपली लाइव के गाने को अब बदल देना चाहिए-**

सखी सैया तो नईखे कमात है,
महंगाई डायन खाय जात है।

उन्होंने कहा कि पिछले सात साल में बेरोजगारी भयंकर बढ़ी है। बेरोजगारी के बदले कहते हैं पकौड़ा तला जाए लेकिन इसे टालने का तेल तक महंगा कर दिया गया।।50 से 81 फीसदी की बढ़त हुई है महंगाई में।

उन्होंने कहा कि सरकार जीएसटी के दायरे में आटा दाल चावल, दूध, दही लेकर आए। विपक्ष ने



जब विरोध किया तो सरकार ने कहा कि आपको जीएसटी काउंसिल में इसका विरोध करना चाहिए था। लेकिन राजस्थान और छत्तीसगढ़ की सरकार ने इसका लिखित विरोध किया था।

उन्होंने बताया कि जीएसटी काउंसिल में केंद्र के पास 33 फीसदी वोट है और राज्यो के पास 2 फीसदी वोट है। इसलिए ये भाजपा सरकार को जिम्मेदारी है। सरकार के सांसद कहते हैं कि जनता फ्री फंड का खाना खा रहे हैं। कुपोषण बताता है कि सरकार ने गरीबों की थाली का खाना छीन लिया है। जब भी महंगाई की बात करो तो 84 करोड को फ्री राशन दिए।

मायावती पर उन्होंने कहा कि विपक्ष में रहते हुए सरकार के साथ कैसे जुगलबंदी की जाती है, ये उनसे सीखा जा सकता है।

# लैंड फॉर जॉब स्कैम में सीबीआई रेड पर आरजेडी ने उठाए सवाल

## बिहार में सीबीआई-ईडी जांच पर सरकार रोक लगाए

पटना, 29 अगस्त (एजेंसियां)। राजद ने सीबीआई और ईडी को बिहार में प्रतिबंधित करने की मांग की है। विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी व पार्टी के प्रदेश महासचिव भाई अरुण कुमार ने कहा कि जिस प्रकार सीबीआई ने बिहार के लोगों को अपमानित किया है, उसके बाद सीबीआई को बिहार की जनता से माफी मांगनी चाहिए। माफी नहीं मांगती है तो राज्य सरकार को सीबीआई को प्रतिबंधित करना चाहिए। राज्य सरकार को ऐसा आदेश पारित करना चाहिए कि बगैर उसकी अनुमति के कोई भी केंद्रीय एजेंसियां बिहार में प्रवेश नहीं कर सके। आरजेडी के वरिष्ठ नेता शिवानंद तिवारी ने भी बिहार में सीबीआई जांच की अनुमति देने से पहले सोच विचार करने की सलाह दी। उन्होंने कहा है कि केंद्र सरकार सीबीआई का इस्तेमाल विरोधियों के खिलाफ कर रही है। उसे देखते हुए बिहार सरकार को एजेंसी को जांच की मंजूरी वापस ले लेनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा बिहार सरकार को अदालत का रुख भी करना चाहिए। वहां उसे इस बात को उठाना चाहिए कि कैसे सीबीआई का बेजा इस्तेमाल केंद्र सरकार की ओर से किया जा रहा है। तिवारी ने कहा कि एनडीए सरकार के दौर में केंद्रीय एजेंसियों ने अपनी विश्वसनीयता खो दी है। मनोज झा ने भी इस मामले पर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह पार्टी सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल विरोधियों को परेशान करने के लिए कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार महाराष्ट्र जैसे प्लान को अंजाम देने के लिए बिहार में सीबीआई का बेजा इस्तेमाल कर रही है।

पिछले दिनों सीबीआई ने लैंड फॉर जॉब स्कैम के मामले में बिहार में छापेमारी की थी। इस दौरान आरजेडी के कई नेताओं के घरों और अन्य ठिकानों पर छापे मारे गए थे।

# नकली मोबिल ऑयल बनाने वाले माफिया गैंगस्टर बाप-बेटों की 2.79 करोड़ की संपत्ति कुर्क

## 9 बैंक खाते सीज

आगरा, 29 अगस्त (एजेंसियां)। आगरा में नकली मोबिल ऑयल बनाने वाले माफिया गैंगस्टर बाप-बेटों की 2.79 करोड़ की संपत्ति कुर्क की गई। इतना ही नहीं कार्रवाई में उनके 9 बैंक खाते, 3 मकान और 5 वाहन भी सीज किए गए हैं। जानकारी के मुताबिक छत्ता थाना क्षेत्र में पंडित पातीराम गली निवासी मेहराजुद्दीन उर्फ मेराज उर्फ मनोज अपने बेटे शानू और निक्की नकली मोबिल ऑयल बनाने का अवैध कारोबार करते थे। इसी मामले में इन बाप-बेटों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रावाई की गई है। कार्रवाई थाना एत्माउदौला में की गई।

माफिया गैंगस्टर बाप-बेटों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। इस बारे में जानकारी देते हुए एसपी सिटी विकास कुमार ने कहा कि मोबिल ऑयल का अवैध कारोबार करने वाले बाप-बेटों की 2.79 करोड़ की अर्जित संपत्ति, मकान, स्कूटी सहित नौ बैंक एकाउंट जब्त किए गए हैं। एसपी सिटी के साथ जिला प्रशासन की टीम ने थाना छत्ता स्थित पंडित पातीराम गली निवासी मेहराजुद्दीन के घर कुर्की की कार्रवाई के लिए मुनादी कराई। बता दें कि तेल माफिया और उसके दोनों बेटे आगरा में चर्चित हैं।

## रंगे हाथ पकड़ा गया गांजा तस्कर

### इंडो नेपाल बॉर्डर से लाखों रूपये मूल्य का गांजा जब्त

पश्चिमी चंपारण, 29 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के पश्चिमी चंपारण के मैनाटांड इंडो नेपाल बॉर्डर पर सीमा सुरक्षा बल को बड़ी सफलता मिली है। एसएसबी नगरदेही कैंप के जवानों ने लाख रूपये से अधिक मूल्य का गांजा जब्त किया है। गांजा तस्कर को रंगे हाथ पकड़ा गया है। तैनात सहायक सेनानायक अतुल कुमार ने बताया कि सोमवार के अहले सुबह पेट्रोलिंग पार्टी 424/19 पिलर संख्या के पास गश्त पर थी।

# घोटाले में 'फंसे' पूर्व आप विधायक

## फॉरेस्ट लैंड स्कैम के पैसों से खरीदी इनोवा यूज की

चंडीगढ़, 29 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब में आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक अमरजीत संदोहा जमीन घोटाले में फंस गए हैं। रोपड़ के गांव करूरां में हुए घोटाले के पैसे से उनकी इनोवा गाड़ी खरीदी गई थी। विजिलेंस जांच में इसका खुलासा होने के बाद एसडीएम ने इनोवा की रजिस्ट्रेशन जब्त कर ली है। हालांकि पूर्व विधायक ने इसे राजनीतिक साजिश करार दिया है। वहीं कांग्रेस ने आप को घेरते हुए सीएम भगवंत मान को पूर्व एमएलए संदोहा पर कार्रवाई की मांग की है।




**2 महीने पहले हुआ था घोटाले का खुलासा**

विजिलेंस ने 2 महीने पहले रोपड़ में जंगलात विभाग की जमीन कलेक्टर रेट से दस गुना ज्यादा रेट पर बेचने के घोटाला बेनकाब किया था। इसी की जांच में पता चला कि पूर्व एमएलए पिछले एक साल से जिस इनोवा क्रिस्टा गाड़ी का इस्तेमाल कर रहे हैं, वह घोटाले के पैसे से खरीदी गई है। यह कार संदोहा के रिश्तेदार ने खरीदी थी। घोटाले के आरोपी के खाते से यह रकम सीधे कार डीलर के खाते में ट्रांसफर हुई। जिसके बाद यह कार खरीदी गई।

**विजिलेंस ने ऐसे पकड़ी 'मनी ट्रेल'**

विजिलेंस ने बैंक खातों की जांच की तो पता चला कि इस घोटाले में नामजद भिंडर ब्रदर्स ने जालंधर की एक महिला के खाते में 2 करोड़ रुपए जमा कराए। महिला ने इसमें से कुछ रकम अपने पति बरिंदर कुमार के खाते में डाल दी। बरिंदर ने 16 अक्टूबर 2020 को एक कार डीलर के अकाउंट में 19 लाख रुपए ट्रांसफर किए। जिसके बदले इनोवा क्रिस्टा गाड़ी खरीदी गई। कार का रजिस्ट्रेशन गांव घड़ीसपुर के मोहन सिंह के नाम पर हुई। मोहन सिंह पूर्व आप विधायक संदोहा के ससुर हैं।

**संदोहा बोले- विरोधियों की साजिश**

पूर्व विधायक अमरजीत संदोहा ने कहा कि यह सब विरोधियों की साजिश है। वह बेकसूर हैं। शुक्रवार को ही सीएम भगवंत मान को उन्होंने इस बारे में सब बता दिया है। इनोवा गाड़ी उन्हें ससुर ने इस्तेमाल करने के लिए दी थी। उन्होंने कभी ससुर की आमदनी के सोर्स के बारे में नहीं पूछा। उनके ससुराल परिवार ने पहले भी कारोबार स्थापित करने में उनकी मदद की थी।

**मंत्री अरोड़ा बोले- कांग्रेस की संगत का असर**

अमन अरोड़ा ने कहा कि सरकार का भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस है। वह चाहे कोई अपना हो या दूसरा, किसी से कोई लिहाज नहीं होगा। संदोहा अपना पक्ष रख सकता है। अगर यह सही है तो अमरजीत संदोहा पर यह कांग्रेस का असर होगा क्योंकि तब वह कांग्रेस में चले गए थे। यह कांग्रेसी कल्चर की ही देन है।

**खैहरा बोले- देखते हैं सीएम क्या एक्शन लेंगे**

कांग्रेस एमएलए सुखपाल खैहरा ने कहा कि अब वह देखते हैं कि सीएम भगवंत मान अपनी पार्टी के पूर्व विधायक के खिलाफ क्या कार्रवाई करते हैं?। अमरजीत संदोहा ने फॉरेस्ट स्कैम के दागी अफसर की तरफ से दिए पैसों से कार खरीदी। कार्रवाई नहीं तो फिर सीएम मान सिर्फ अपने राजनीतिक विरोधियों को ही निशाना बना रहे हैं।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | सिंह | में | सिंह... | 05-10 | बजे |
| चंद्र- | कन्या | में | कन्या | 07-18 | बजे |
| मंगल | वृष | में | तुला - | 09-23 | बजे |
| बुध- | कन्या | में | वृश्चिक | 11-33 | बजे |
| गुरु- | मीन | में | धनु--- | 13-47 | बजे |
| शुक्र- | मिथुन | में | मकर- | 15-53 | बजे |
| शनि- | मकर | में | कुंभ - | 17-44 | बजे |
| राहु- | मेष | में | मीन... | 19-22 | बजे |
| केतु- | तुला | में | मेष-- | 20-58 | बजे |
| | | | वृष-- | 22-43 | बजे |
| | | | मिथुन.. | 00-43 | बजे |
| | | | कर्क... | 02-55 | बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् **-1944,** कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् **-5123** वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् **-1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् **-2548,**हिजरी सन् **-1443**
ऋतुशरद,दिशाशूल- उत्तर • गुड खाकर घर से निकले
तिथि- तृतीया • **15-33** तक उपरान्त, चतुर्थी
मास • भाद्रपद शुक्ल पक्ष ,मंगलवार, **30 August**
नक्षत्र • हस्त • **23 -49** • तक उपरान्त, चित्रा
योग • शुभ • **00- 03** • तक उप- शुक्ल
करण- गर • **15 -33** • तक,उप- वणिज
विशेष:- हरितालिका तीज व्रत
व्रत -त्योहार • वराह जं.

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल**
**15:23** से
**16:57** तक

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र बेगम बाजार हैद्रा.**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग. | 06:05 - 07:36 | अशुभ | काल. | 18:30 - 19:57 | अशुभ |
| उत्पात | 07:36 - 09:10 | अशुभ | लाभ. | 19:57 - 21:24 | शुभ |
| चंचल | 09:10 - 10:43 | शुभ | उत्पात | 21:24 - 22:50 | अशुभ |
| लाभ | 10:43 - 12:17 | शुभ | शुभ. | 22:50 - 00:17 | शुभ |
| अमृत | 12:17 - 13:50 | शुभ | अमृत | 00:17 - 01:43 | शुभ |
| काल. | 13:50 - 15:23 | अशुभ | चंचल | 01:43 - 03:10 | शुभ |
| शुभ. | 15:23 - 16:57 | शुभ | रोग. | 03:10 - 04:37 | अशुभ |
| रोग | 16:57 - 18:28 | अशुभ | काल | 04:37 - 06:05 | अशुभ |

# सीएम बोले- रिश्वत मांगने वालों को नौकरी से हटाओ

## शहडोल की समीक्षा बैठक में नाराज हुए, बोले – सही जवाब नहीं देने पर इंजीनियर को भी फटकारा

भोपाल, 29 अगस्त (एजेंसियां)। जो लोग गरीबों से रुपए मांगें, उन्हें सरकारी नौकरी में रहने का कोई हक नहीं है। ऐसे कर्मचारियों की तत्काल सेवा समाप्त करें। हमें ऐसे लोगों की जरूरत नहीं है। मेरे पास कई शिकायतें आई हैं...। सोमवार को सीएम शिवराज सिंह चौहान शहडोल जिले की समीक्षा बैठक में जमकर उखड़े। सीएम ने जल जीवन मिशन की धीमी रफ्तार, खराब सड़कों, शहरी आवास योजना को लेकर नाराजगी जाहिर की।

उन्होंने - अधिकारियों से काम नहीं करने वालों पर कार्रवाई करने को कहा। नल जल योजना के क्रियान्वयन का सही जवाब नहीं देने पर एग्जीक्यूटिव इंजीनियर को फटकार भी लगाई। सीएम ने कहा मुझे सीधा बताओ, जुलाई तक कितना होना था, और कितना काम हुआ है। यह नहीं चलेगा।

**प्रभारी मंत्री से बोले सीएम - आप गांवों में जाकर देखें**

सीएम ने शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री राम खेलावन पटेल से कहा - आप गांवों में जाकर स्थितियों को देखें। कुछ हितग्राहियों से बातचीत करके आएं, ताकि हमें पता चले कि कोई हितग्राहियों से पैसे तो नहीं मांग रहा है।

**सीएम ने हल्दी उत्सव के बारे में पूछा**

वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट स्कीम में शहडोल जिले की सीएम ने तारीफ की। उन्होंने कहा - हल्दी उत्सव के बारे में बताएं।

सीएम बोले - जल जीवन मिशन के काम से पूरी तरह असंतुष्ट हूं

सीएम ने अधिकारियों से कहा - मैं आपके काम से पूरी तरह से असंतुष्ट हूं। शहडोल की पूरी रिपोर्ट शाम तक दीजिए, जो काम पूरे हुए हैं। उनका




लोकार्पण प्रभारी मंत्री, विधायकों से कराएं। हम करोड़ों रुपए खर्च कर रहे हैं, योजनाओं का लाभ लोगों को मिले यह देखें।

**ईई को लगाई फटकार**

नल जल योजना के क्रियान्वयन का सही जवाब नहीं देने पर एग्जीक्यूटिव इंजीनियर को फटकार भी लगाई। सीएम ने कहा मुझे सीधा बताओ, जुलाई तक कितना होना था, और कितना काम हुआ है। यह नहीं चलेगा, आपने टारगेट कैसे तय किया। मुझे एक सवाल का जवाब दीजिए, जुलाई तक कितने कनेक्शन होने थे, कितने हुए। जब इतना नहीं बता पा रहे हैं, तो फिर कैसे मानें, काम हुआ है।

सीएम ने प्रभारी मंत्री से कहा - आप जाकर नल जल योजना चेक करें, गुणवत्ता ठीक है या नहीं। काम गुणवत्तापूर्ण हो रहा है या नहीं। हम अरबों रुपए खर्च कर रहे हैं। यह हमारा दायित्व है कि हम काम को सही ढंग से देखें। बाकी मैं विभाग से पूछ रहा हूं। कई गांवों में अभी भी पानी की समस्या है। कई गांवों से शिकायत आई है। मुझे साफ जवाब दो, पानी मिल रहा है या नहीं? कितनी शिकायतें हैं पीएचई की, यह निकाल कर दो मुझे।

**लॉ एंड ऑर्डर की समीक्षा**

सीएम को शहडोल एसपी ने बताया पिछले 2 महीनों में 12 NSA हुए हैं। भूमाफिया के विरुद्ध 70 कार्रवाई हुई है। 55 करोड़ कीमत की 118 एकड़ जमीन से कब्जा हटाया गया है। सीएम ने पूछा जमीन का क्या उपयोग हो रहा। आवास के लिए ये भूमि उपलब्ध कराएं। बड़े गुंडे बदमाश की सूची है। एसपी ने जवाब दिया- 1300 गुंडे बदमाशों की सूची बनाई है। टॉप - 50 की भी बनाई है। सीएम ने कहा - नशे के कारोबार पर ध्यान देने की जरूरत है। कसकर कार्रवाई करें।

आयुष्मान कार्ड - जिले में 4 लाख 73 हज़ार कार्ड बने। सीएम ने कहा - युद्ध स्तर पर कार्ड बनाएं। मुझे दिक्कतों का नोट भेजें। कार्ड बनाने का काम 31 अक्टूबर तक 100 प्रतिशत पूरा करना है।

**बिजली सप्लाई की स्थिति :** शहरी क्षेत्र में 23 घंटे 51 मिनट मिल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में 22 घंटे 35 मिनट मिल रही है। बिजली विभाग के डीई ने कहा - सौभाग्य योजना में जिले में 294 मजरे टोले बाकी हैं, जिनका काम होना है। सीएम ने कहा स्वीकृत कितने थे ये बताइए पहले। डीई बोले- 847 ग्राम में विद्युतीकरण किया गया है। सीएम ने कहा - 23-24 हज़ार करोड़ की सब्सिडी बिजली पर सरकार दे रही है। जागरूकता कैम्प लगाएं, बिजली बिल भरने, वोल्टेज नहीं मिलता, इसका स्थाई समाधान खोजें।

पीएम आवास योजना शहरी : सीएम ने पूछा - 37.5 प्रतिशत ही क्यों हुआ। ये काम पूरा क्यों नहीं हुआ? कितने पूरे होने थे और कितने हुए हैं। लगभग 5 हजार घरों में छत डल चुकी है।

# चीन में बढ़ा कोरोना संकट

## दुनिया का सबसे बड़ा इलेक्ट्रॉनिक्स मार्केट अस्थायी रूप से बंद, मेट्रो सर्विस भी सस्पेंड




शेनझेन के फुटियन, लुओहु जिले में सिनेमा और पार्क-रेस्टोरेंट बंद कर दिए गए हैं।

बीजिंग, 29 अगस्त (एजेंसियां)। चीन में एक बार फिर से कोरोना संक्रमण का खतरा बढ़ रहा है। आलम ये है कि कोरोना के कारण दुनिया के सबसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स मार्केट को बंद कर दिया गया है। 24 मेट्रो स्टेशन को भी बंद कर दिया गया है।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन के दक्षिणी शहर शेनझेन के हुआकियांगबेई स्थित दुनिया के सबसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। यहां 3 बड़ी बिल्डिंग को 2 सितंबर तक बंद करने के आदेश दिए गए हैं। इन बिल्डिंग्स में माइक्रोचिप्स और टेलीफोन के पुर्जे बेचने वाली हजारों दुकानें हैं। कोरोना के डर से लोगों को वर्क फ्रॉम दे दिया गया है।

चीन के नेशनल हेल्थ कमिशन के मुताबिक, देश में 28 अगस्त को कोरोना के 1,696 मामले सामने आए थे।

**24 मेट्रो स्टेशन पर ताला**

बाजार के साथ ही 24 मेट्रो स्टेशनों की सेवाएं भी सस्पेंड कर दी गई हैं। अधिकारियों ने कहा- रविवार को 1.8 करोड़ की आबादी वाले शेनझेन में 11 लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इसलिए एहतियाती कदम उठाए गए हैं।

**सिनेमा बंद रहेंगे**

फुटियन और लुओहु जिले में कोरोना के मामले अचानक बढ़ गए। इसके बाद प्रशासन हरकत में आया। अधिकारियों ने बताया कि 2 सितंबर तक यहां सिनेमा, बार-रेस्टोरेंट और पार्क बंद रहेंगे। किसी भी तरह की पब्लिक गैदरिंग पर भी रोक लगाई गई है।

**400 से ज्यादा लोग मिले थे संक्रमित**

हाल ही में चीन में कोरोना का विस्फोट होने से हवाई सेवा और ट्रेन सर्विस को रोक दिया गया था। टूरिस्ट डेस्टिनेशन और चीन का हवाई कहे जाने वाले सान्या शहर में कोरोना के 483 मामले सामने आए थे। इसके बाद हवाई और रेल सेवा पर रोक लगा दी गई थी।

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) — आप आज ऐसे लोगों से मिलेंगे जो आपकी कमियों के बारे में जानते तो हैं लेकिन उन्हें स्वीकार करना नही चाहते जैसे कि उनमें खुद में कोई कमियां नही हैं।ऐसे लोगों से दूरी बनाये रखें।उन अच्छे लोगों पर अपना ध्यान केन्द्रित करें जो आपको पिछले कुछ वर्षों में मिले हैं और उनसे दुबारा संपर्क साधने की कोशिश करें।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — आज आपको गृहों की स्थिति के कारण हर भावना काफी गहन प्रतीत होगी। आपको प्यार और नफरत दोनों ही का बहुत गहनता से अनुभव होगा। आपको यह समझाने वाले अवसर भी आयेंगे कि आप किस कारण अब अपने करीबी दोस्तों से पुरानी भावना से बात नही कर पा रहे।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) — आपकी अपने पिछले समय में से किसी पुराने व्यक्ति से मिलने की सम्भावना है और यह व्यक्ति आपके भविष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सहायता करने और लेने में अपने पूर्वाग्रहों को आड़े ना आने दें ,इससे आपकी प्रगति के नए रास्ते खुल सकते हैं।अब कोई भी बदलाव नयी सफलता ही लाएगा।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — आप आज सृजनात्मक महसूस करेंगे और बहुत सारे कामों के लिए खुद को तैयार पायेंगे। हालंकि आपको यह वास्तविक भय रहेगा कि दूसरे क्या सोचेंगे और कहेंगेआपको यह समझना है कि सही नजरिये से आधा काम तो बिना किये ही हो जाता है।यद्यपि सृजनात्मक और ऊर्जापूर्ण रहने के बावजूद आपका आत्मविश्वास आज साथ नही देगा।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — आज के दिन की खासियत आपकी किसी प्रभावी व्यक्ति से मुलाकात रहेगी जिसका प्रभाव आपके जीवन पर पर काफी लम्बे समय तक रहेगा।आप किसी ऐसीस्थिति या व्यक्ति के संपर्क में भी आ सकते हैं जहाँ आपको विपरीत दृष्टिकोणों का सामना करना पड़ सकता है। आपको रचनात्मक आलोचना को सही तरीके से ही लें।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — आपका व्यक्तित्व प्रतिभाशाली और प्रभावी है ,जो आज आपके हितेषियों तथा विरोधियों सहित सबके सामने आएगा। अपने शुभचिन्तकों की बातों पर ध्यान दें और बाकी सब बातों की उपेक्षा कर दें। आपके बड़े आपका साथ देंगे और जीवन के महत्वपूर्ण लक्ष्यों पर ध्यान फोकस करने में आपकी मदद करेंगे।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — अगर कुछ लोग आपको नहीं समझ पा रहें हैं तो उन्हें अपना हरेक काम समझाने में अपना समय और ऊर्जा बर्बाद ना करें। वे कभी नही मानेंगे। आप काफी व्यस्त रहेंगे लेकिन आपको आने वाली जरूरतों के कारण पहले वाली योजनाओं में भी कुछ बदलाव करने पड सकते हैं। स्थिति की मांग के अनुसार कार्य करें।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू) — आपके पिछले कुछ समय से अपने करियर तथा निजी जीवन सम्बन्धी किये गये प्रयासों का फल मिलने का समय आ गया है।ऐसा घटनाक्रम बनेगा कि आपको कोई बड़ी सफलता हाथ लगेगी।आपको प्रयासों और परिश्रम को आपके सीनियर ध्यान से देखेंगे और वे आपके जबरदस्त समर्थक भी बन जायेंगे।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — आज का दिन आपके लिए विशेष रूप से अच्छा है।आप अपना कुछ नया शुरू कर सकते हैं ,काफी समय लेने वाला अपना कोई अधूरा काम पूरा कर सकते हैं ,या कोई ऐसा काम जिसे आप लम्बे समय से टाल रहे हैं,को भी शुरू कर सकते हैं।आज शाम खेल और मौज मस्ती के नाम रहेगी। अपने नए-पुराने दोस्तों के साथ समय बितायें।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — आप आज उल्लास और कुछ कर गुजरने के मूड में हैं। आपके सामने आज भुत से अवसर आयेंगे और आप उनका पूरा लाभ उठाने के लिए बहुत उत्साह में हैं। आज अगर आप अपने दिल की सुनेंगे तो वित्तीय,निजी जीवन तथा संबंधों में भी बहुत सफलता मिलेगी।आज दिन घटनाओं भरा रहेगा और आप इसका हरपल आनंद उठाएंगे।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — अतीत से चिपके रहने से आपको कोई लाभ होने वाला नहीं है। आपको अपने अतीत से सीखना जरुर है ,परन्तु उसे पकड़े रहने से बात नही बनेगी।अगर आप आज यह समझ पाने में कामयाब हो जाते हैं तो पिछले कुछ समय से आपके जीवन में चली आ रही बड़ी समस्याओं को सुलझाने की दिशा में यह एक बड़ा कदम होगा।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — यह समय दोस्तों के साथ हल्का -फुल्का समय गुजारने के लिए बहुत अच्छा है।कोई पार्टी करें या शाम को मस्ती के साथ गुजरें,आप पार्टी की जान बने रहेंगे।इस दौरान आप किसी ऐसे व्यक्ति से भी मिलेंगे जिसकी रुचियाँ आप जैसी होंगी और वो आप जैसे कार्यकलापों का आनंद लेगा।आपको अपनी क्षमता का अनुभव भी होगा।

**पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693**

# नासा का आर्टेमिस-1 मिशन हुआ पोस्टपोन

## रॉकेट के 4 में से एक इंजन में आई खराबी, अब 2 सितंबर को होगी लॉन्चिंग

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा का आर्टेमिस-1 मून मिशन पोस्टपोन हो गया है। रॉकेट के चार में से एक इंजन में आई खराबी के कारण इसकी लॉन्चिंग के लिए चल रहे काउंट डाउन को कुछ देर पहले रोक दिया गया था। रॉकेट की लॉन्चिंग भारतीय समय अनुसार सोमवार शाम 6.03 पर होनी थी। अब लॉन्चिंग 2 सितंबर को रात 10.18 पर होगी।

**दशकों से हो रही नासा के ह्यूमन मून मिशन में देरी**

एसएलएस रॉकेट 2010 में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल में बना था। इस वक्त 'कॉन्स्टलेशन प्रोग्राम' के जरिए वे अंतरिक्ष यात्रियों को चांद पर भेजना चाहते थे, लेकिन मिशन में कई बार देरी के बाद सरकार ने इसे बंद करने का फैसला किया था।

नासा के नई प्लानिंग के तहत रॉकेट की लॉन्चिंग 2016 में होनी थी। इसके बाद डोनल्ड ट्रम्प सरकार ने 2017 में आर्टेमिस मिशन को ऑफिशियल नाम दिया। इसमें देरी होने के बाद 2019 में उस वक्त के नासा एडमिनिस्ट्रेटर जिम ब्राइडनस्टीन को पता चला कि रॉकेट को तैयार करने में अभी एक साल का समय और लगेगा।



इसी साल एक सरकारी रिपोर्ट ने खुलासा किया था कि नासा के मिशन में हो रही देरी से सरकार को अरबों डॉलर्स का नुकसान हो रहा है। हालांकि, ट्रम्प से लेकर जो बाइडेन तक, देश के सभी राष्ट्रपतियों ने आर्टेमिस मिशन को सफल बनाने के प्रयास जारी रखे।

**आर्टेमिस-1 मिशन का लक्ष्य क्या है?**

आर्टेमिस-1 एक मानवरहित मिशन है। पहली फ्लाइट के साथ वैज्ञानिकों का लक्ष्य यह जानना है कि अंतरिक्ष यात्रियों के लिए चांद पर सही हालात हैं या नहीं।

साथ ही क्या एस्ट्रोनॉट्स चांद पर जाने के बाद पृथ्वी पर सुरक्षित लौट सकेंगे या नहीं।

नासा के मुताबिक, नया स्पेस लॉन्च सिस्टम मेगारॉकेट और ओरियन क्रू कैप्सूल चंद्रमा पर पहुंचेंगे। आमतौर पर क्रू कैप्सूल में एस्ट्रोनॉट्स रहते हैं, लेकिन इस बार यह खाली रहेगा। ये मिशन 42 दिन 3 घंटे और 20 मिनट का है, जिसके बाद कैप्सूल धरती पर वापस आ जाएगा। स्पेसक्राफ्ट कुल 20 लाख 92 हजार 147 किलोमीटर का सफर तय करेगा।

**तीन पॉइंट्स में समझिए पूरा आर्टेमिस मिशन**

1. यूनिवर्सिटी ऑफ कोलोराडो बोल्डर के प्रोफेसर और वैज्ञानिक जैक बर्न्स का कहना है कि आर्टेमिस-1 का रॉकेट 'हेवी लिफ्ट' है और इसमें अब तक के रॉकेट्स के मुकाबले सबसे शक्तिशाली इंजन लगे हैं। यह चंद्रमा तक जाएगा, कुछ छोटे सैटेलाइट्स को उसके ऑर्बिट (कक्षा) में छोड़ेगा और फिर खुद ऑर्बिट में ही स्थापित हो जाएगा।

2. 2024 के आसपास आर्टेमिस-2 को लॉन्च करने की प्लानिंग है। इसमें कुछ एस्ट्रोनॉट्स भी जाएंगे, लेकिन वे चांद पर कदम नहीं रखेंगे। वे सिर्फ चांद के ऑर्बिट में घूमकर वापस आ जाएंगे। हालांकि इसका टाइम पीरियड ज्यादा होगा।

3. इसके बाद फाइनल मिशन आर्टेमिस-3 को रवाना किया जाएगा। इसमें जाने वाले अंतरिक्ष यात्री चांद की सतह पर उतरेंगे। यह मिशन 2030 के आसपास लॉन्च किया जा सकता है। पहली बार महिलाएं भी ह्यूमन मून मिशन का हिस्सा बनेंगी। बर्न्स के मुताबिक, पर्सन ऑफ कलर (श्वेत से अलग नस्ल का व्यक्ति) भी क्रू मेम्बर होगा। सभी लोग चंद्रमा के साउथ पोल में जाकर पानी और बर्फ की खोज करेंगे।

**अपोलो मिशन से कैसे अलग है आर्टेमिस?**

अपोलो मिशन की परिकल्पना अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जे एफ केनेडी ने सोवियत संघ को मात देने के लिए की थी। उनका लक्ष्य सिर्फ अंतरिक्ष यात्रा नहीं था, बल्कि साइंस एंड टेक्नोलॉजी की फील्ड में अमेरिका को दुनिया में पहले स्थान पर स्थापित करना था। हालांकि, अब करीब 50 साल बाद माहौल अलग है।

अब अमेरिका आर्टेमिस मिशन के जरिए रूस या चीन को मात नहीं देना चाहता। नासा का उद्देश्य पृथ्वी के बाहर स्थित चीजों को अच्छी तरह एक्सप्लोर करना है।

# धार में मिली सोने की गिन्नियां 200 साल पुरानी

## मजबूत इतनी कि छैनी-हथौड़े से भी नहीं टूटी; जोधपुर रियासत से है कनेक्शन

धार, 29 अगस्त (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के धार में एक जर्जर मकान की खुदाई के दौरान मजदूरों को एक दिन पहले सोने की 86 गिन्नियां मिली हैं।



इंदौर से आई आर्कियोलॉजिकल डिपार्टमेंट की टीम ने सोमवार को गिन्नियों की जांच की। जांच में ये गिन्नियां 200 साल पुरानी पाई गई हैं। इनका संबंध जोधपुर रियासत से है। एक गिन्नी करीब 11 ग्राम की हैं। गिन्नियां इतनी मजबूत हैं कि छैनी-हथौड़े से भी नहीं टूटी।

टीम ने जांच में पाया कि 84 गिन्नियां हैं, बाकी 2 गिन्नी जैसे दिखने वाले सोने के टुकड़े या किसी लॉकेट का हिस्सा हो सकते हैं।ये मुगलकालीन हैं। इस पर आगे रिसर्च की जाएगी।

इंदौर पुरातत्व विभाग संग्रहालय से आए अधिकारी ने पुलिस कोतवाली जाकर जब्त गिन्नियां देखीं। टीम अपनी रिपोर्ट अब हेड ऑफिस भेजेगी। इंदौर से आए पुरातत्व विभाग के आशुतोष महाशब्दे ने बताया कि गिन्नियों पर लिखी भाषा के बारे में इंदौर जाकर जांच करेंगे।

जहां से गिन्नियां मिलीं, टीम ने वहां खुदाई करवाई

इंदौर से आई टीम ने जिस जगह गिन्नियां मिलीं, वहां करीब एक डेढ़ घंटे तक खुदाई कराई, लेकिन कुछ नहीं मिला। इसके ठीक सामने भी खोदा गया, यहां टूटे हुए करवे (मिट्टी के छोटे घड़े) के कुछ टुकड़ों के अलावा कुछ नहीं मिला। इसके बाद टीम वापस लौट गई। इस दौरान तहसीलदार विनोद राठौड़ और टीआई समीर पाटीदार मौजूद रहे।

धार में नालछा दरवाजा इलाके के पास चिटनीस चौक में शिवनारायण राठौड़ का मकान है। मकान दो हिस्सों में बना हुआ है। एक हिस्से में परिवार रहता है। दूसरा हिस्सा जर्जर था और इसे तोड़कर नया मकान बनाया जा रहा है। मजदूर एक महीने से यहां काम कर रहे हैं। मजदूरों को जन्माष्टमी और इसके दो दिन बाद दीवार गिराते समय गिन्नियां मिली थीं।

स्वतंत्र वार्ता

मंगलवार, 30 अगस्त, 2022

# बढ़ने वाली है गेहूं और आटे की कीमत

'भारतीय किसान दुनिया का पेट भर रहा है। मिस्र ने भारत से गेहूं के इंपोर्ट को मंजूरी दी है। दुनिया की बढ़ती मांग को देखते हुए संभावना है कि वित्त वर्ष 2022-23 में गेहूं का निर्यात रिकॉर्ड 100 लाख टन पार कर जाएगा।' 15 अप्रैल 2022 को केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने एक ट्वीट के जरिए ये बात कही थी। तब भारत रिकॉर्ड स्तर पर विदेशों में गेहूं बेच रहा था, लेकिन 4 महीने बाद ही स्थिति इतनी बदल गई कि शनिवार को भारत सरकार ने गेहूं के अलावा आटा, मैदा और सूजी तक के एक्सपोर्ट पर बैन लगा दिया। भारत में गेहूं के स्टॉक की क्या स्थिति है, देश में गेहूं या आटे की कमी होने की वजह क्या है? क्या इस साल गेहूं और आटे की कीमत और बढ़ सकती है? भारत ने इस साल मार्च तक 70 लाख टन गेहूं दूसरे देशों में बेचा है। 2022 की शुरुआत में रूस और यूक्रेन के बीच जंग शुरू होने से सप्लाई चेन टूट गई। लिहाजा इंटरनेशनल मार्केट में गेहूं की डिमांड काफी तेजी से बढ़ गई। कई पड़ोसी देश भारत की ओर देखने लगे। दुनिया में बढ़ती कीमतों का फायदा उठाने के लिए भारत ने इस साल मार्च तक करीब 70 लाख टन गेहूं एक्सपोर्ट किया। जो पिछले साल की तुलना में 215% ज्यादा है। अप्रैल में भारत ने रिकॉर्ड 14 लाख टन गेहूं एक्सपोर्ट किया था, लेकिन मई में देश में गेहूं के संकट को देखते हुए भारत सरकार ने इसके एक्सपोर्ट पर बैन लगा दिया। 21 अगस्त 2022 को 'लाइव मिंट' ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि एफसीआई के पास अगस्त महीने में पिछले 14 साल में गेहूं का स्टॉक सबसे कम था। इसकी वजह से इस साल के जुलाई महीने में आम लोगों के लिए गेहूं की कीमतों में 11.7% की बढ़ोतरी हुई थी। वहीं, ब्लूमबर्ग रिपोर्ट में दावा किया गया था कि भारत में गेहूं की कमी और दुनिया भर में बढ़ रही कीमतों के बीच अब अधिकारी विदेश से गेहूं लाने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, रिपोर्ट के सामने आते ही भारत सरकार की ओर से सफाई दी गई थी। सरकार ने कहा था कि विदेश से गेहूं खरीदने का कोई प्लान नहीं है और देश में गेहूं का पर्याप्त स्टॉक है। भले ही भारत सरकार गेहूं की कमी को नकार रही हो, लेकिन 4 वजहों से पता चलता है कि देश में गेहूं की कमी होने वाली है। एक-एक कर इन सभी वजहों को जानते हैं....




पहली वजहः मई 2022 में केंद्र सरकार ने एक्सपोर्ट पॉलिसी में संशोधन करते हुए गेहूं के निर्यात को रिसट्रिक्टेड कैटेगरी (प्रतिबंधित श्रेणी) में कर दिया था। दूसरी वजहः ब्लूमबर्ग रिपोर्ट ने दावा किया कि गेहूं की कमी और बढ़ती कीमतों के बीच सरकारी अधिकारी विदेशों से गेहूं खरीदने पर विचार कर रहे हैं। तीसरी वजहः रिपोर्ट में कहा गया कि अधिकारी गेहूं के आयात को बढ़ावा देने के लिए इंपोर्ट ड्यूटी में 40% कटौती की भी चर्चा कर रहे हैं।

चौथी वजहः 27 अगस्त को सरकार ने सिर्फ गेहूं ही नहीं आटा, मैदा और सूजी के एक्सपोर्ट पर भी रोक लगाने का फैसला लिया।

अब जानते हैं कि इस वक्त एफसीआई के पास गेहूं का स्टॉक क्यों उम्मीद से कम हो गया है? इस बार गेहूं की पैदावार में कमी का सबसे बड़ा कारण मौसम है। मार्च से हीटवेव शुरू हो गई, जबकि मार्च में गेहूं के लिए 30 डिग्री से ज्यादा टेम्प्रेचर नहीं होना चाहिए, क्योंकि इसी समय गेहूं के दानों में स्टार्च, प्रोटीन और अन्य ड्राई मैटर्स जमा होते हैं। कम तापमान गेहूं के दानों का वजन बढ़ाने में मदद करता है। इस बार मार्च में कई बार तापमान 40 डिग्री को पार कर गया। इससे गेहूं समय से पहले ही पक गया और दाने हल्के रह गए। इसका असर यह हुआ कि गेहूं की पैदावार 25% तक घट गई।

इसके चलते भारत में गेहूं की कीमत पहले ही अपने उच्चतम स्तर पर चली गई। ऐसे में आटे की कीमतों में तेजी आना लाजिमी है। इस बार केंद्र ने गेहूं का उत्पादन 11.13 करोड़ टन रहने की उम्मीद जताई थी। यह अब तक का सबसे अधिक है, लेकिन मौसम की मार की वजह से उत्पादन घटकर 10 करोड़ टन से भी कम रह गया है। सरकारी एजेंसियों की गेहूं खरीद इस साल घटकर 1.8 करोड़ टन पर आ गई है। यह बीते 15 सालों में सबसे कम है। 2021-22 में कुल 4.33 करोड़ टन गेहूं की सरकारी खरीद हुई थी। आने वाले समय में आटे की कीमतों में और इजाफा होने वाला है, इसके पीछे दो वजह हैं

पहली वजहः अगस्त में 22% तक बढ़े गेहूं के दाम, त्योहारी सीजन में और बढ़ेंगे। देश में त्योहारी सीजन शुरू हो गया है। आमतौर पर त्योहारी सीजन में गेहूं से बनी वस्तुओं की खपत बढ़ जाती है। एक्सपर्ट आशंका जता रहे हैं कि आने वाले महीनों में गेहूं और आटा के दाम और बढ़ सकते हैं।

22 अगस्त 2022 को जहां गेहूं की कीमत 31.04 रुपए प्रति किलोग्राम थी, वहीं पिछले साल 22 अगस्त को गेहूं की कीमत 25.41 रुपए प्रति किलोग्राम थी। यानी पिछले साल के मुकाबले इस साल अगस्त में गेहूं की कीमतों में 22% तक का इजाफा हो चुका है। इसका असर आटे के दाम में भी देखने को मिल रहा है। पिछले साल के मुकाबले इस साल अगस्त में आटे की कीमत 17% तक बढ़कर 35.17 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है। वहीं पिछले साल यह 30.04 रुपए प्रति किलोग्राम थी। यही वजह है कि सरकार ने मई में गेहूं के एक्सपोर्ट पर बैन लगाने के बाद अब आटा, सूजी और मैदे के एक्सपोर्ट पर भी बैन लगा दिया है। सरकार की कवायद बढ़ती कीमतों को रोकने की है।

दूसरी वजहः नई फसल को आने में 7 महीने का वक्त इसलिए भी बढ़ेगी कीमत। देश में नया गेहूं अब अप्रैल 2023 में ही आएगा। यानी, इसमें अभी 7 महीने का वक्त है। ऐसे में कीमतें बढ़ना तय हैं। वहीं, केंद्र सरकार की मुफ्त गेहूं योजना भी इसकी कीमतों को तय करेगी। इस योजना में किसी भी तरह का बदलाव होता है तो गेहूं की कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं। कोरोना काल में पिछले दो साल से केंद्र सरकार देश के करीब 80 करोड़ जरूरतमंद लोगों को मुफ्त अनाज बांट रही है। इसके चलते सरकार के पास अनाज के बफर स्टॉक में कमी आई है।

दुनियाभर में सबसे ज्यादा गेहूं पैदा करने के मामले में चीन पहले और भारत दूसरे नंबर पर है। हालांकि, गेहूं के एक्सपोर्ट में दुनिया के टॉप 10 देशों में भारत शामिल नहीं है। सिर्फ 5 देश रूस, अमेरिका, कनाडा, फ्रांस और यूक्रेन 65% गेहूं एक्सपोर्ट करते हैं। इनमें से 30% अकेले रूस और यूक्रेन से एक्सपोर्ट होता है।

रूस का आधा गेहूं मिस्र, तुर्की और बांग्लादेश खरीदता है। वहीं यूक्रेन से मिस्र, इंडोनेशिया, फिलीपींस, तुर्की और ट्यूनीशिया गेहूं खरीदते हैं। ऐसे में जब गेहूं के दो बड़े एक्सपोर्टर के बीच जंग छिड़ी हो, तो दुनिया में गेहूं की कमी होना लाजमी है। यही वजह है दुनिया में गेहूं के दाम तेजी से बढ़ रहे हैं।

## ढह गई भ्रष्टाचार की इमारत

देर से ही सही लेकिन सुप्रीम कोर्ट का आदेश रंग लाया और लगभग एक दशक से सरकार और प्रशासन का मुंह चिढ़ा रहा भ्रष्टाचार का ट्विन टावर मात्र नौ सेकेंड में ढह कर अर्श से फर्श पर आ गिरा। इसे सुप्रीम कोर्ट की सख्ती का ही नतीजा कहा जाएगा कि नोएडा के सैक्टर 92 में खड़ी ये दो बहुमंजिला अवैध इमारतों को अवकाश के दिन ही जमींदोज किया गया। इतनी ऊंची बिल्डिंग को देख कर हर कोई समझ रहा था कि इसमें सरकार, अफसर और बिल्डर की मिलीभगत के बगैर यह खडी नहीं हो सकती थी। इसके बाद भी समय रहते यदि जिम्मेदार नेता और अफसर चुप रहे तो जाहिर है इन सबके मुंह में टुकडे डाल दिए गए थे। शहरी विकास के निकायों यानी प्राधिकरणों की भ्रष्ट संस्कृति को उजागर करने के लिए ये दोनों टावर ही काफी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल के 31 अगस्त को आदेश जारी कर इन इमारतों को तीन महीने के भीतर गिराने का आदेश दिया था। इसके बाद भी नोएडा प्राधिकरण ने इस आदेश की लगभग एक साल तक अनदेखी कर इसे लटकाए रखा। बहरहाल, इस नेक काम में देरी जरूर हुई लेकिन इसका नतीजा बेहद सुखद रहा। बता दें कि इस परिसर के निवासियों को सुपरटेक के खिलाफ लंबी कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी। कोर्ट की यह कठोर कार्रवाई उन सभी बिल्डरों के लिए भी सबक है जो पैसे के बल पर कानून अपनी जेब में लेकर चलने का दावा करते हैं। इन अवैध इमारतों को गिरवा कर सुप्रीम कोर्ट ने बता दिया है कि कानून से ऊपर कोई भी नहीं है। इसमें कोई संदेह नहीं कि अगर सुप्रीम कोर्ट और इलाहाबाद हाईकोर्ट सक्रियता नहीं दिखाते तो सुपरटेक का शायद कोई कुछ नहीं बिगाड़ पाता। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भी अवैध रूप से बनी इन इमारतों को गिराने का आदेश दिया था। लेकिन तब सुपरटेक ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। उसे उम्मीद रही होगी कि पैसे और रसूख के बल पर यहां कुछ राहत मिल जाएगी। उसे सोचना चाहिए कि अगर ये इमारतें नियमों का पालन करते हुए बनाई गइं होतीं तो लोग अदालत जाने को क्यों मजबूर होते? और सुपरटेक कंपनी के ये दोनों टावर अपनी जगह खडे रहते! यह पूरा घटनाक्रम बताता है कि यदि प्राधिकरण के अधिकारी मेहरबान हो जाएं तो को भी बिल्डर इस तरह से पहलवान हो सकता है। वह नियम-कानून को ताक पर रखते हुए भ्रष्टाचार की इमारतें खड़ी करते चले जाते हैं। देखा जाए तो यह सुपरटेक का अकेला मामला नहीं है, देश के हर शहर में ऐसे न जाने कितने ही मामले होंगे। हर शहर में जहां विकास प्राधिकरण होते हैं उनका काम ही शहरी नियोजन और भवन निर्माण संबंधी कामकाज को देखना व निपटाना होता है। इसके बावजूद शायद ही कोई ऐसा शहर हो जो अवैध निर्माण के रोग से ग्रस्त न हो। नदी नाले व तालाबों के किनारे तक अतिक्रमण की भेट चढ़ चुके हैं। अब तो बाग व बगीचों को भी नहीं बख्शा जा रहा है। लेकिन हर शहर में तो ऐसी कार्रवाई होने से रही। हर जगह सुप्रीम कोर्ट की ही दखलंदाजी नहीं पहुंच सकती। इस घटना ने सिद्ध कर दिया है कि यदि कोई आवाज उठाता है तो अवैध निर्माण ढहाए जा सकते हैं। यह तो जगजाहिर है कि बगैर प्राधिकरण के अधिकारियों की देखरेख के ऐसे अवैध निर्माण हो पाना मुश्किल है। लेकिन दुर्भाग्य से जिन अफसरों के पास इसे रोकने की जिम्मेदारी होती है, वे खुद ही इसमें लिप्त रहते हैं। सुपरटेक परिसर के निवासी अदालत गए और लंबी लड़ाई लड़ी, इसलिए यह मामला तार्किक परिणति तक पहुंच सका। दोनों अवैध निर्माण ढहाने के बाद अब सवाल है कि नोएडा प्राधिकरण के जिन अधिकारियों की वजह से भवन निर्माण कंपनियां फलती-फूलती रहीं और अवैध निर्माण होते रहे, उनके खिलाफ कार्रवाई को लेकर सरकार के हाथ कहां तक पहुंचे हैं? सर्वोच्च अदालत ने प्राधिकरण के उन सभी जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई के निर्देश दिए थे जिनकी वजह से यह गोरखधंधा अनवरत चलता रहा। बहरहाल सरकार ने मामले की जांच के लिए विशेष जांच टीम बनाने की औपचारिकता पूरी कर ली थी, लेकिन अभी तक किसी भी अधिकारी के खिलाफ कोई ऐसी कार्रवाई होती नहीं दिखी जो मिसाल बन सके। जबकि इस मामले में आरोपी चौबीस अधिकारियों में से उन्नीस तो रिटायर हो चुके हैं। इस मामले में उत्तर प्रदेश सरकार का जो ढीला रवैया देखने को मिल रहा है, उससे तो लगता नहीं कि उसकी मंशा किसी को सजा दिलाने की नहीं है। फिर भी उम्मीद बनी है कि अगर सरकार इमानदारी से काम करने की ठान ले तो भ्रष्टाचार की इमारतों को ऐसे ही ढहाया जाता रहेगा।

## भ्रष्टाचार के भवन को कौन गिराएगा ?



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

सुपरटेक द्वारा निर्मित नोएडा के दो संयुक्त टॉवरों का गिराया जाना अपने आप में ऐतिहासिक घटना है। पहले भी अदालत के आदेशों पर कई इमारतें भारत के विभिन्न प्रांतों में गिराई गई हैं लेकिन जो इमारतें कुतुब मीनार से भी ऊंची हों और जिनमें 7000 लोग रह सकते हों, उनको अदालत के आदेश पर गिराया जाना सारे भारत के भ्रष्टाचारियों के लिए एक कड़वा सबक है। ऐसी गैर-कानूनी इमारतें सैकड़ों-हजारों की संख्या में सारे भारत में खड़ी कर दी गई हैं। नेताओं और अफसरों को रिश्वतों के दम पर ऐसी गैर-कानूनी इमारतें खड़ी करके मध्यमवर्गीय ग्राहकों को अपने जाल में फंसा लिया जाता है। वे अपना पेट काटकर किश्तें भरते हैं, बैंकों से उधार लेकर प्रारंभिक राशि जमा करवाते हैं और बाद में उन्हें बताया जाता है कि जो फ्लैट उनके नाम किया गया है, अभी उसके तैयार होने में काफी वक्त लगेगा। लोगों को निश्चित अवधि के दस-दस साल बाद तक उनके फ्लैट नहीं मिलते हैं। इतना ही नहीं, नोएडा में बने कई भवन ऐसे हैं, जिनके फ्लैटों में बेहद घटिया सामान लगाया गया है। ये भवन ऐसे हैं कि जिन्हें गिराने की भी जरूरत नहीं है। वे अपने आप ढह जाते हैं, जैसे कि गुरुग्राम का एक बहुमंजिला भवन कुछ दिन पहले ढह गया था। नोएडा के ये संयुक्त टावर सफलतापूर्वक गिरा दिए गए हैं लेकिन भ्रष्टाचार के जिन टॉवरों के दम पर ये टॉवर खड़े किए गए हैं, उन टॉवरों को गिराने का कोई समाचार अभी तक सामने नहीं आया है। जिन नेताओं और अफसरों ने ये गैरकानूनी निर्माण होने दिए हैं, उनके नामों की सूची उ.प्र. की योगी सरकार द्वारा तुरंत जारी की जानी चाहिए। उन नेताओं और अफसरों को अविलंब दंडित किया जाना चाहिए। उनकी पारिवारिक संपत्तियों को जब्त किया जाना चाहिए। जो नौकरी में हैं, उन्हें बर्खास्त किया जाना चाहिए। जो सेवानिवृत्त हो गए हैं, उनकी पेंशन बंद की जानी चाहिए। अदालतों को चाहिए कि उनमें से जो भी दोषी पाए जाएं, उन अधिकारियों को तुरंत जेल भेजा जाए। कुछ नेताओं और अफसरों को चौराहों पर खड़े करके हंटरों से उनकी चमड़ी भी उधेड़ दी जाए ताकि भावी भ्रष्टाचारियों के रोंगटे खड़े हो जाएं। यदि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यह साहस दिखा सकें तो उनकी छवि 'भारत के महानायक' की बन जाएगी। इन 30-30 मंजिला भवनों को बनाने की इजाजत देनेवाली 'नोएडा अथॉरिटी' को सर्वोच्च न्यायालय ने 'भ्रष्ट संगठन' की उपाधि से विभूषित किया है। केंद्र और उप्र सरकार को अब इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठना चाहिए। पत्रकार बंधुओं से भी आशा है कि इन गैरकानूनी भवनों के निर्माण-काल से जुड़े नेताओं और अधिकारियों की सूची जारी करें और उनके भ्रष्टाचार का भांडा फोड़ करें। अदालतों में बरसों तक माथाफोड़ी करने की बजाय लोकतंत्र के चौथे स्तंभ यानी खबरपालिका को भी इस समय सक्रिय होने की जरूरत है। ईंट-चूने के गैरकानूनी भवनों को गिराना तो बहुत सराहनीय है, लेकिन उससे भी ज्यादा जरूरी है- भ्रष्टाचार के भवन को गिराना।

## अपराध और ड्रग्स के बीच संबंध हज़ारों हैं



डॉ. सत्यवान 'सौरभ'

अपराध और ड्रग्स कई तरह से संबंधित हो सकते हैं। पहला, नशीली दवाओं का अवैध उत्पादन, निर्माण, वितरण या कब्ज़ा करना एक अपराध हो सकता है। दूसरे, ड्रग्स अन्य, गैर-ड्रग अपराधों के होने की संभावना को बढ़ा सकते हैं। तीसरा, ड्रग्स का इस्तेमाल पैसा बनाने के लिए किया जा सकता है। और चौथा, ड्रग्स अन्य प्रमुख समस्याओं से निकटता से जुड़ा हो सकता है, जैसे कि मर्डर, बंदूकों का अवैध उपयोग, विभिन्न प्रकार की हिंसा और आतंकवाद। क्या अवैध नशीली दवाओं के उपयोग को अपराध माना जाना चाहिए, नशीली दवाओं के दुरुपयोग का कारण क्या है और अंततः कौन जिम्मेदार है। स्वीकृत सामाजिक स्थिति और अपराध के संबंध में एक निरंतरता मौजूद है। एक तरफ कानून का पालन करने वाला व्यवहार है और दूसरी तरफ आपराधिक गतिविधि। इन दो चरम सीमाओं के बीच विचलित व्यवहार और अपराध पाया जाता है। कई सीमांत व्यक्ति जो नशीली दवाओं का उपयोग करते हैं वे अपराधी नहीं बनते हैं। यूनाइटेड नेशन ऑफिस ऑन ड्रग्स एंड क्राइम (यूएनओडीसी) की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत सदियों पुरानी भांग से लेकर ट्रामाडोल जैसी नई दवाओं और मेथामफेटामाइन (जिसे पिलाकर हाल ही में सोनाली फोगाट का मर्डर किया गया) जैसी डिजाइनर दवाओं के अवैध व्यापार के प्रमुख केंद्रों में से एक है। नशीली दवाओं के व्यापार से प्राप्त धन का उपयोग आतंकवाद, मानव तस्करी, अवैध व्यवसायों आदि के वित्तपोषण के लिए किया जाता है। भारत दुनिया के दो प्रमुख अवैध अफीम उत्पादन क्षेत्रों के बीच में स्थित है, पश्चिम में गोल्डन क्रिसेंट और पूर्व में गोल्डन ट्राएंगल जो इसे अवैध ड्रग व्यापार का एक व्यवहार्य केंद्र बनाता है। स्वर्ण त्रिभुज में म्यांमार, लाओस और थाईलैंड के क्षेत्र शामिल हैं और यह दक्षिण पूर्व एशिया का मुख्य अफीम उत्पादक क्षेत्र है और यूरोप और उत्तरी अमेरिका के लिए सबसे पुराने नशीले पदार्थों की आपूर्ति मार्गों में से एक है। गोल्डन क्रिसेंट में अफगानिस्तान, ईरान और पाकिस्तान शामिल हैं और अफीम उत्पादन और वितरण के लिए एक प्रमुख वैश्विक साइट है। नशीली दवाओं के कब्जे के लिए लोगों को अदालत में भेजने के बजाय, इसका मॉडल शिक्षा, उपचार और नुकसान में कमी पर केंद्रित है। पिछले साल दुनिया भर में लगभग 275 मिलियन लोगों ने ड्रग्स का इस्तेमाल किया। 36 मिलियन से अधिक लोग नशीली दवाओं के उपयोग संबंधी विकारों से पीड़ित थे। अधिकांश देशों द्वारा महामारी के दौरान भांग के उपयोग में वृद्धि की सूचना दी गई है। इसी अवधि में औषधीय दवाओं का गैर-चिकित्सा उपयोग भी देखा गया है। नवीनतम वैश्विक अनुमान कहते हैं, 15 से 64 वर्ष के बीच की लगभग 5.5 प्रतिशत आबादी ने पिछले वर्ष में कम से कम एक बार नशीली दवाओं का उपयोग किया है। अनुमान है कि वैश्विक स्तर पर 11 मिलियन से अधिक लोग दवाओं का इंजेक्शन लगाते हैं - उनमें से आधे को हेपेटाइटिस सी है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग के प्रमुख कारण है-साथियों द्वारा स्वीकार किया जाना, आर्थिक तनाव बढ़ रहा है, सांस्कृतिक मूल्यों में परिवर्तन, न्यूरोटिक आनंद और अप्रभावी पुलिसिंग। तभी तो हाल ही में सुशांत राजपूत के बाद भारत की सोशल मीडिया स्टार सोनाली फोगाट को असमय मौत का शिकार होना पड़ा। चाहे कारण कुछ भी रहे हो, ड्रग ने ही जान ली दोनों की। भारत में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के मामले और संख्या आये दिन बढ़ती जा रही है। नशीली दवाओं का दुरुपयोग हमारे स्वास्थ्य, सुरक्षा, शांति और विकास को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। ड्रग्स से दुर्घटनाओं, घरेलू हिंसा की घटनाओं, चिकित्सा समस्याओं और मृत्यु का उच्च जोखिम होने के साथ-साथ आर्थिक क्षमता बर्बाद हो जाती है। नशीली दवाओं पर निर्भरता, कम आत्मसम्मान, निराशा के कारण आपराधिक कार्रवाई और यहां तक कि आत्महत्या की प्रवृत्ति भी हो सकती है। नशीली दवाओं के खतरे पर अंकुश लगाने की चुनौतियाँ देखे तो कानूनी रूप से उपलब्ध दवाएं जैसे तंबाकू एक बहुत बड़ी समस्या है जिसे आमतौर पर एक प्रवेश द्वार की दवा के रूप में देखा जाता है जिसे बच्चे सिर्फ प्रयोग करने के लिए लेते हैं।

पुनर्वास केंद्रों का अभाव है। इसके अलावा, देश में नशा मुक्ति केंद्रों का संचालन करने वाले गैर सरकारी संगठन आवश्यक प्रकार के उपचार और चिकित्सा प्रदान करने में विफल रहे हैं। पंजाब, असम और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के माध्यम से ड्रग्स की तस्करी, जो पड़ोसी देशों के साथ सीमा साझा करते हैं।नशीली दवाओं की लत से निपटने के लिए सरकार की पहल को देखे तो इसने नवंबर, 2016 में नार्को-समन्वय केंद्र (एनसीओआरडी) का गठन किया और ₹नारकोटिक्स नियंत्रण के लिए राज्यों को वित्तीय सहायता₹ की योजना को पुनर्जीवित किया। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को एक नया सॉफ्टवेयर यानी जब्त सूचना प्रबंधन प्रणाली (एसआईएमएस) विकसित करने के लिए धन उपलब्ध कराया गया है जो नशीली दवाओं के अपराधों और अपराधियों का एक पूरा ऑनलाइन डेटाबेस तैयार करेगा। सरकार ने नारकोटिक ड्रग्स में अवैध यातायात से निपटने के संबंध में किए गए खर्च को पूरा करने के लिए ₹नशीली दवाओं के दुरुपयोग के नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कोष₹ नामक एक कोष का गठन किया है; व्यसनियों का पुनर्वास, और नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ जनता को शिक्षित करना आदि।

सरकार एम्स के नेशनल ड्रग डिपेंडेंस ट्रीटमेंट सेंटर की मदद से सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के माध्यम से भारत में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के रुझानों को मापने के लिए एक राष्ट्रीय नशीली दवाओं के दुरुपयोग सर्वेक्षण भी कर रही है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 2016 में 'प्रोजेक्ट सनराइज' शुरू किया गया था, ताकि भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों में, विशेष रूप से ड्रग्स का इंजेक्शन लगाने वाले लोगों में एचआईवी के बढ़ते प्रसार से निपटा जा सके। नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट, (एनडीपीएस) 1985 किसी व्यक्ति को किसी भी मादक दवा या साइकोट्रोपिक पदार्थ के उत्पादन, रखने, बेचने, खरीदने, परिवहन, भंडारण और / या उपभोग करने से रोकता है। एनडीपीएस अधिनियम में तब से तीन बार संशोधन किया गया है - 1988, 2001 और 2014 में। यह अधिनियम पूरे भारत में फैला हुआ है और यह भारत के बाहर के सभी भारतीय नागरिकों और भारत में पंजीकृत जहाजों और विमानों पर सभी व्यक्तियों पर भी लागू होता है।

## कांग्रेस के तीन शत्रु - लचर नेतृत्व तुष्टीकरण और वैचारिक भ्रम



मुनीष त्रिपाठी

कांग्रेस के बड़े दिग्गज धीरे धीरे पार्टी छोड़ते जा रहे है बीते एक दो साल में कितने पुराने खाटी कांग्रेस नेताओं ने पार्टी छोड़ी उनकी गिनती करना मुश्किल हो रहा है। कपिल सिब्बल, ज्योतिरादित्य सिंधिया , जितिन प्रसाद , वीरप्पा मोइली , हार्दिक पटेल आदि । इसके अलावा कांग्रेस के भीतर कांग्रेस असंतुष्ट दिग्गजों का एक बड़ा धड़ा जो गुपकार 23 के नाम से जाना जाता है। उसमें मनीष तिवारी जैसे सीनियर नेता है जो कांग्रेस में सुधार करने तथा गांधी परिवार को नेतृत्व से हटाने की मांग कर रहे है । देश का शायद ही कोई प्रदेश हो जहां कांग्रेस के नेता अथवा जनप्रतिनिधि अपनी पार्टी को अलविदा न कर रहे हो। इसी बीच कांग्रेस में बड़े नेताओं के बीच चल रही अंतर्कलह एक बार फिर सामने आई है। हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर से आ रही खबरें बता रही हैं कि देश की सबसे पुरानी पार्टी में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद को कांग्रेस आलाकमान का एक और फैसला पसंद नहीं आया और उन्होंने जम्मू-कश्मीर में प्रचार समिति का अध्यक्ष बनाए जाने के दो घंटे बाद ही पद से इस्तीफा दे दिया साथ ही पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया। वहीं हिमाचल प्रदेश में कयास लगाए जा रहे हैं कि कांग्रेस के दो विधायक जल्द ही नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम सकते हैं। इनमें कांगड़ा से विधायक व कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष पवन काजल व सोलन जिले के नालागढ़ के कांग्रेस विधायक लखविंद्र राणा शामिल हैं। इन्हीं चर्चाओं के बीच मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर व भाजपा संगठन मंत्री पवन राणा भी दिल्ली का भी दौरा किया। प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कश्यप पहले से ही दिल्ली में हैं। मुख्यमंत्री की जल्द ही राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के साथ भेंट होनी है।कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने हाल ही में दिल्ली में लंबे विचार-विमर्श के बाद विकार रसूल को जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया और कई समितियों का गठन भी किया। पार्टी सूत्रों के मुताबिक गुलाम नबी आजाद कमेटियों के गठन से खुश नहीं थे। उन्होंने कहा कि समितियों का गठन करते समय उन्हें विश्वास में नहीं लिया गया। बताया जा रहा है गुलाम नबी ने आलाकमान से पहले ही कह दिया था कि वह जम्मू-कश्मीर की कोई जिम्मेदारी नहीं लेंगे। हालांकि, वह पार्टी के लिए काम करते रहेंगे। इतना ही नहीं विकार रसूल को प्रदेश प्रमुख बनाए जाने से जम्मू-कश्मीर में पार्टी में नाराजगी तेज हो गई है। पार्टी के दो वरिष्ठ नेताओं हाजी राशिद ने समितियों से इस्तीफा दे दिया है और गुलजार अहमद वानी और मोहम्मद अमीन भट्ट ने समितियों से इस्तीफा दे दिया है। बताया जा रहा है कि विकार रसूल के नाम का जीएम सरूरी समेत कई नेताओं ने विरोध किया था और दिल्ली में पार्टी आलाकमान ने जम्मू-कश्मीर के नेताओं से बातचीत भी की थी। आजाद भी इसका हिस्सा रहे हैं। काफी मशक्कत के बाद विकार रसूल मुखिया बनने में सफल रहे। गुलाम नबी आजाद ने पार्टी आलाकमान को चार नाम सौंपे थे, जिसमें विकार रसूल, जीएम सरूरी, गुलाम नबी मोंगा और पीरजादा मोहम्मद सईद शामिल थे। इसके बाद विकार रसूल के नाम पर जोर दिया गया। विकार को मुख्य पद सौंपने में राहुल गांधी ने अहम भूमिका निभाई थी। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस आज अंतर्कलह से जूझ रही है। गुलाम नबी का कहना है कि पार्टी को पहले संगठन मजबूत करने वाला नेतृत्व चाहिए । तब नेतृत्व कमजोर भी ही चलेगा। गुलाम नबी की बात सही भी है। एक दो प्रदेशों , राजस्थान, मध्यप्रदेश,केरल महाराष्ट्र को छोड़ दें तो कांग्रेस के चुनाव जीतने की बात तो दूर संगठन ढांचा ही नही बचा है। देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश की बात करें जहाँ से केंद्र की सत्ता का मार्ग प्रशस्त होता है। वहां कांग्रेस के जिलाध्यक्ष, महासचिव भी खोजे से नही मिल रहे है। कांग्रेस का संगठन निचले स्तर पर छोड़िये जिले के ऊपर स्तर पर भी दिखाई ही नही दे रहा है। बड़ी मुश्किल से ही यूपी के प्रत्येक जिले में एक दर्जन खाटी कांग्रेस के नेताओं,कार्यकर्ताओं के नाम गिनाए जा सकते है। इसके बावजूद सब जानते हुए अपनी कुर्सी बचाने के चक्कर में लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी और राज्यसभा में नेता मल्लिकार्जुन खड़गे राहुल गांधी को एक बार फिर नेतृत्व सौंपने की वकालत कर रहे है। कांग्रेस के साथ ऐसा क्यों हो रहा है इसका विश्लेषण करने में ज्यादा माथापच्ची करने की जरूरत नही है।

## भ्रष्टाचार बहुत है



अंकुर सिंह

राजू और उसके दोस्त जैसे ही स्टेशन पर पहुंचे उन्हें पता चला कि ट्रेन दो घंटे लेट हैं। उसके बाद वह सभी दोस्त एक बेंच पर बैठे अपने स्मार्टफोन पर अँगुलियों को घुमाने लगे। सब अपने मोबाइल में व्यस्त थे, तभी राजू का ध्यान बगल के बेंच पर बैठे कुछ लोगों पर गया जिनकी औसत आयु पचास वर्ष थी। वह लोग आपस में देश-विदेश से जुड़े राजनीति, महंगाई, चिकित्सा, शिक्षा, इत्यादि मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान कर रहे थे और कुछ मुद्दों पर आपसी बहस भी। इसी क्रम में वह लोग बढ़ते भ्रष्टाचार पर बात करने लगे। उनके बातें ने राजू को उसके गांव की याद दिला दिया कि कैसे उसने गांव के आँगनबाड़ी में काम करने वाली प्रर्मिला काकी के भ्रष्टाचारों के खिलाफ आवाज उठाते हुए उनके विभाग से निष्पक्ष जांच करने का निवेदन किया था। विभाग ने भी तत्काल एक जांच टीम गाँव में भेज दिया था। तब राजू ने उन्हें प्रर्मिला काकी के रजिस्टर को दिखाते हुए कहा- देखिए सर, रजिस्टर में ऐसे लोगों का नाम भी लाभार्थी के रूप में लिखा गया है जो वर्षों से गाँव नहीं आए और इनमें से कुछ तो सरकारी नौकरी करते हुए शहर में ही बस गए है। प्रर्मिला काकी भी लगाए जा रहे आरोपों का जवाब देने में कभी सकपकाती तो कभी उसे बेबुनियाद कहते हुए अपने पति विनोद के तरफ देख इशारों में पूछती कि क्या बोलूं अब मैं ? आखिरकार, अंत में जांच टीम ने निर्णय लिया कि गांव के पन्द्रह-बीस घरों में सर्वे करा के देख लिया जाए की उन्हें आँगनबाड़ी की सुविधाएँ मिलती है या नहीं। राजू भी जांच टीम के इस निर्णय पर सहमत हो गया। राजू ने भी सोचा जो लोग वर्षों से प्रर्मिला काकी के कामों का उलाहना देते हैं।

वह लोग टीम के सामने अपनी बात जरूर रखेंगे कि काकी उनके दुधमुंहे बच्चों को सरकार द्वारा मिलने वाले लाभों से वंचित रखती है। ये सोच राजू भी जांच टीम, प्रर्मिला काकी और आस-पास के कुछ लोगों को साथ लेकर घर-घर सर्वे कराने लगा।

# आज वराह जयंती





शास्त्रों के अनुसार श्री विष्णु के अनेक अवतार हुआ है जिनके बारे में आप जानते होंगे। जी हाँ और भगवान के प्रत्येक अवतार का स्वरुप सृष्टि के कल्याण हेतु ही हुआ है। इस साल वराह जयंती 30 अगस्त 2022 मंगलवार को मनाया जाने वाला है। आपको बता दें कि भगवान का वराह अवतार उन्होंने पृथ्वी को बचाने हेतु लिया था।

जी दरअसल भगवान विष्णु के सभी अलग-अलग अवतारों को हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार ब्रह्मांड के संरक्षक से आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए भारत के विभिन्न हिस्सों में त्योहारों के रूप में मनाया जाता है। वराह जयंती भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष में आती है। ऐसा माना जाता है कि भगवान वराह की पूजा करने से भक्त को स्वास्थ्य और धन सहित सभी प्रकार के सुख मिलते हैं। आधा वराह आधा मानव का यह अवतार लेकर भगवान ने हिरण्याक्ष को पराजित किया था और सभी बुराइयों को नष्ट कर दिया था। इस प्रकार, भक्त उनकी पूजा करते हैं और भलाई के लिए प्रार्थना करते हैं।

**वराह जयंती महत्वपूर्ण समय–** आपको बता दें कि वराह जयंती का पर्व 30 अगस्त मंगलवर के दिन मनाया जाएगा। तृतीया तिथि, हस्थ नक्षत्र एवं शुभ योग में इस पर्व को मनाया जाएगा। तृतीया तिथि 29 अगस्त, 2022 दोपहर 3:21 बजे शुरू होगी। तृतीया तिथि 30 अगस्त, 2022 3:33 अपराह्न समाप्त हो रही है।

**वराह जयंती महत्व–** भगवान वराह का एक पुराना मंदिर मथुरा में मौजूद है जहां वराह की जयंती का जश्न मनाया जाता है। तिरुमाला में एक और मंदिर है और इसका नाम भु वराह स्वामी मंदिर है जहां इस दिन वराह स्वामी की मूर्ति को पवित्र स्नान कराया जाता है। यहाँ स्नान घी, मक्खन, शहद, दूध और नारियल पानी से किया जाता है।

# कब से शुरू हो रहा है गणेश उत्सव

## गणेश चतुर्थी का शुभ मुहूर्त

**भाद्र शुक्ल पक्ष चतुर्थी तिथि - 31 अगस्त, बुधवार**

**भाद्र शुक्ल चतुर्थी समापन - 31 अगस्त, दोपहर 3:23 तक**



हिंदू धर्म में भगवान-गणेश को सबसे अहम माना जाता है और कोई भी काम की शुरुआत उनके पूजन से ही होती है। गणपति बप्पा को विघ्नहर्ता यानी कि कष्टों के निवारण के लिए जाना जाता है। जी हाँ और रिद्धि और सिद्धि के स्वामी गणपति जिस घर में पधारते हैं उसमें खुशियां हमेशा बनी रहती हैं। ऐसे में हर साल मनाया जाने वाला गणेश उत्सव इस साल मनाया जाने वाला है। कहा जाता है गणपति के जन्म दिवस को गणेश चतुर्थी के नाम से जाना जाता है और पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान श्री गणेश का जन्म भाद्रपद महीने के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि के दिन हुआ था। इस दिन को गणेश चतुर्थी के रूप में मनाया जाता है। जी दरअसल यह पर्व हर साल बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाता है। अब हम आपको बताते हैं इस साल कब मनाया जाएगा यह त्योहार और गणपति पूजन का शुभ मुहूर्त क्या है।

**गणेश चतुर्थी 2022 की तिथि-** भगवान गणेश के जन्म दिवस का पर्व भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। इस साल यह पर्व 31 अगस्त, बुधवार (बुधवार के दिन करें ये उपाय)को मनाया जाएगा। जी हाँ और इस साल यह बुधवार के दिन पड़ेगा इसलिए इसका महत्त्व कई गुना बढ़ जाएगा।

**गणेश चतुर्थी का महत्व –** जी दरअसल गणेश चतुर्थी के पर्व को मुख्य रूप से गणपति के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। कहते हैं भगवान गणेश के जन्म के इस अवसर को पूरे देश में 10 दिनों तक मनाया जाता है। जी हाँ और इस पर्व की शुरुआत चतुर्थी तिथि से होती है, इसमें लोग गणपति की मूर्ति घर लाते हैं और स्थापना करते हैं। इसके 10 दिन बाद चतुर्दशी के दिन गणपति विसर्जन की प्रथा है। वहीं घर में गणपति जी की मूर्ति स्थापना के बाद लोग विधि विधान से पूजन करते हैं और ऐसी मान्यता है कि 10 दिनों तक गणपति घरों में ही निवास करते हैं।

# घर पर पहली बार कर रहे गणेश जी की स्थापना तो...



भगवान गणेश के उत्सव यानी कि गणेशोत्सव की शुरुआत 10 सितंबर से हो रही है। हर साल लोग इस दिन का बेसब्री से इंतजार करते हैं और गाजे बाजे के साथ बप्पा को अपने घर लेकर आते हैं। साथ ही उनकी पूजा अर्चना करते हैं। लेकिन घर में कितने दिन के लिए बप्पा को रखना है ये भक्त पर ही निर्भर करता है। आमतौर पर लोग बप्पा को घर पर डेढ़ दिन, तीन दिन, पांच दिन, 9 दिन और 11 दिन के लिए लाते हैं। ऐसी मान्यता है कि बप्पा घर पर आते ही सारे कष्टों को हर लेते हैं और घर को खुशियों सहित सकारात्मक ऊर्जा से भर देते हैं। ऐसे में अगर आप पहली बार बप्पा को घर पर लाने की सोच रहे हैं तो उनकी स्थापना से जुड़े कुछ नियमों को जानना आपके लिए बहुत जरूरी है। जानिए गणपति की मूर्ति घर पर लाते वक्त किन चीजों का खास ख्याल रखना चाहिए।

1. सबसे पहले इस बात का ध्यान रखें कि बप्पा की स्थापना जिस जगह पर करनी है उसकी साफ सफाई कर लें। कई लोग बप्पा की स्थापना वाले स्थान की सजावट भी करते हैं। आप भी कर सकते हैं।

2. बप्पा की मूर्ति खरीदते वक्त इस बात का ध्यान रखें कि गणेश जी की सूंड दाई ओर हो। इस तरह की सूंड शुभ फलदायी मानी जाती है। कहा जाता है कि इस तरह की सूंड वाले गणपति की मूर्ति घर पर लाने से सुख और समृद्धि का आगमन होता है।

3. बप्पा को जब घर लाएं तो शंख बजाकर उनका स्वागत करें। शंखनाद शुभ होता है। इसके बाद बप्पा को जहां पर विराजमान करना है उस स्थान पर गंगाजल छिड़कें। इसके बाद गणेश जी को विराजमान करने के लिए जो चौकी है उस पर लाल कपड़ा बिछाएं। अब दूर्वा और पान के पत्ते को गंगाजल में डुबोकर गणपति को स्नान करवाएं।

4.भगवान गणेश को पीला रंग बहुत पसंद है। इसलिए बप्पा को विराजित करने के बाद उन्हें पीले रंग के वस्त्र पहनाएं।

**5.इसके बाद 'ओम गं गणपतये नमः' मंत्र का 21 बार जाप करें।**

6.भगवान गणेश की मूर्ति के पास चांदी, स्टील या फिर तांबे का कलश पानी से भरकर रखें। कलश पर मौली जरूर बांधे। इस बात का ध्यान रखें कि कलश के नीचे चावल रखें। मान्यता है कि ऐसा करने से घर में सुख और समृद्धि आएगी। कलश को मूर्ति के हमेशा दाईं ओर ही रखें।

7.गणपति जी को उक्त चीजें करने के बाद उनके सामने घी का दीया जलाएं।

8.दीया जलाने के बाद हाथ में गंगाजल लेकर संकल्प लें कि आप कितने दिनों के लिए बप्पा को विराजमान कर रहे हैं। वैसे तो डेढ़ दिन, 3, 5,7,9 और 11 दिनों के लिए बप्पा को घर में रख सकते हैं।

9. इसके बाद हाथ जोड़कर भगवान का आह्वाहन करें। ध्यान करते समय हाथ में पीले रंग के फूल रखें और प्रार्थना करने के बाद इन्हें भगवान के चरणों में अर्पित कर दें।

10.बप्पा को आप मोदक का भोग लगा सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि बप्पा को मोदक बहुत ज्यादा पसंद है। इसके अलावा आप चाहें तो लड्डू का भी भोग लगा सकते हैं।

# घर की इस दिशा में लगाएं कामधेनु गाय की प्रतिमा

घर को सुंदर बनाने के लिए लोग अपने घर में तरह तरह के शो-पीस और तस्वीरें आदि लगाते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में सजावट के रूप में इस्तेमाल होने वाली चीजों का संबंध व्यक्ति के जीवन से जुड़ा होता है। घर या फिर कार्यक्षेत्र में लगाई जाने वाली ये तस्वीरें यदि वास्तु के हिसाब से शुभ हों तो आपके जीवन में सकारात्मकता लाती हैं। वहीं घर में लगाई जाने वाली कुछ तस्वीरे आपके ऊपर नकारात्मक प्रभाव भी डाल सकती हैं। वास्तु में ऐसी कई शुभ अशुभ चीजों के बारे में विस्तार से बताया गया गया है। ऐसी ही एक चीज है कामधेनु गाय की मूर्ति। वास्तु के अनुसार, घर में कामधेनु गाय की मूर्ति लगाना शुभ माना गया है। ऐसी मान्यता है कि घर में सही दिशा में कामधेनु गाय की मूर्ति रखने से घर में सुख, समृद्धि और वैभव आता है। साथ ही परिवार के सदस्य हमेशा खुशहाल जीवन जीते हैं। आइए जानते हैं कामधेनु गाय की विशेषता के बारे में...



इस दिशा में लगाएं कामधेनु गाय की मूर्ति

वास्तु शास्त्र के अनुसार, यदि आप कामधेनु गाय की मूर्ति घर पर लगाना चाहते हैं, तो ईशान कोण यानी पूर्वोत्तर दिशा में लगाएं। हिंदू धर्म में मान्यता है कि इस दिशा में देवी देवताओं का वास होता है। साथ ही इसे सबसे पवित्र स्थान माना जाता है। ऐसे में इस दिशा में कामधेनु गाय की मूर्ति लगाना आपके लिए शुभ होगा।

वास्तु शास्त्र के अनुसार, कामधेनु गाय की मूर्ति को आप पूजा घर में स्थापित कर सकते हैं। इसके अलावा आप अपने घर के मुख्य दरवाजे पर भी इस मूर्ति को स्थापित कर सकते हैं।

**इस प्रकार की मूर्ति घर में लगाएं**

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में कामधेनु गाय की प्रतिमा किसी भी धातु में लगाई जा सकती है। यदि आप धातु की मूर्ति नहीं रख पा रहे हैं तो सामान्य कामधेनु की तस्वीर भी लगा सकते हैं।

**कामधेनु गाय की मूर्ति लगाने से लाभ**

मान्यता है कि कामधेनु गाय की कृपा जिस पर बनी रहती है, उस घर के सदस्य कभी भी आर्थिक संकट से नहीं जूझते हैं। वास्तु के अनुसार, कामधेनु गाय में मां दुर्गा, मां लक्ष्मी और देवी सरस्वती के गुण मौजूद होते हैं। ऐसे में कामधेनु गाय की तस्वीर लगाने से भी कई लाभ मिलते हैं।

# गणेश चतुर्थी पर शुक्र ग्रह करेंगे सिंह राशि में प्रवेश





शुक्र ग्रह 31 अगस्त 2022 को बुधवार शाम 04:29 बजे सिंह राशि में गोचर करेंगे। 31 अगस्त को ही गणेश चतुर्थी भी है। ज्योतिष में शुक्र को असुरों का गुरु माना जाता है। शुक्र सबसे शानदार ग्रह होने के साथ-साथ बृहस्पति की तरह एक भाग्यशाली ग्रह भी है। व्यक्ति के सुख और प्रचुरता के लिए शुक्र जिम्मेदार है। शुक्र ग्रह दो राशियों, वृष और तुला पर शासन करते है। यह सुख, आनंद, आकर्षण, सौंदर्य और समृद्धि और समृद्धि के बेहतर गुणों का भी प्रतीक है। यह संगीत, कला और कविता आदि में रचनात्मकता को भी दर्शाता है। सिंह राशि सरकार, प्रशासन, महत्वाकांक्षा, नेतृत्व की गुणवत्ता, सामाजिक प्रतिष्ठा, स्वार्थ, अहंकार, ग्लैमर, रचनात्मक कला, बड़प्पन और विलासिता का प्रतिनिधित्व करती है। हालांकि, सिंह शुक्र के लिए शत्रु राशि है और इस प्रकार शुक्र ग्रह के लिए यह असहज स्थिति है फिर भी यह गोचर कुछ राशियों का भाग्य प्रबल बनाएगा। आइए जानें कि सिंह राशि में शुक्र इस अवधि के दौरान किन राशि के जातकों की किस्मत चमका रहा है।

**मेष राशिः** मेष राशि के जो जातक डिजाइनर, रचनात्मक कलाकार और कवि हैं उनके लिए यह गोचर अद्भुत समय लाएगा। उनके विचार उन्हें अपने करियर में बेहतर स्थिति में पहुंचाएंगे। आपके साथी के साथ आपके रिश्ते में अहंकार की भावन तो रहेगी लेकिन फिर भी आप उनके साथ विवाह बंधन में बंधेंगे। सिंगल लोगों को अपना परफेक्ट पार्टनर मिलने की संभावना है।कुल मिलाकर यह आपके लिए अच्छा समय है।

**वृषभ राशिः** वृषभ राशि के जातकों को अपनी कार्यकुशलता का फल इस गोचर के दौरान मिलेगा। आप वाहन भी खरीद सकते हैं। परिवार को कोई परेशानी नहीं होगी। आपकी माता आपके प्रति अत्यधिक स्नेही और प्रेममयी होगी। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले खुद को जीत की राह पर पा सकते हैं। अचानक से धन आगमन के कारण आपको आर्थिक समृद्धि मिलेगी और आपको संपत्ति और गृह ऋण प्राप्त करना आसान होगा।

**सिंह राशिः** सिंह राशि में शुक्र ग्रह का प्रवेश आपके लिए सुखद स्थिति लेकर आएगा। इस दौरान आपके दिलचस्प दोस्त बनेंगे। यह गोचर आपके अंदर एक आकर्षण उत्पन्न करेगा। इस वजह से आप लोगों की प्रशंसा के हकदार बनेंगे। जब प्यार, शादी, पैसा और पेशेवर विकास की बात आती है, तो चीजें पूरी तरह से सहज हो जाएंगी। सिंह राशि के जो जातक कलाकार,संचालक या किसी भी रचनात्मक क्षेत्र से जुड़े हैं उनका प्रमोशन होने की संभावना है। व्यक्तित्व विकास हेतु यह समय आती उत्तम है।

# न्यूड फोटोशूट मामले में थाने में पेश हुए रणवीर

**सुबह 6:50 बजे चेंबूर पुलिस स्टेशन पहुंचे, ढाई घंटे चली पूछताछ में दिए 10 सवालों के जवाब**



न्यूड फोटोशूट मामले में अभिनेता रणवीर सिंह ने आज सुबह 6.50 बजे मुंबई के चेंबूर पुलिस स्टेशन पहुंचकर अपना स्टेटमेंट दर्ज कराया। रणवीर से ढाई घंटे तक पूछताछ हुई। वे अपनी लीगल टीम के साथ पुलिस स्टेशन पहुंचे थे। इंस्पेक्टर जयकुमार सूर्यवंशी ने बताया कि रणवीर से हमने 10 सवाल किए, इसके जवाब में वह खुद को पूरी तरह से निर्दोष बताते रहे। उन्होंने कुछ डॉक्यूमेंट भी जमा कराए हैं। मीडिया और भीड़ से बचने के लिए ही रणवीर ने दो दिन पहले पूछताछ के लिए एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी से बात करके सुबह का टाइम फिक्स कराया था।

**मैं जांच में सहयोग करूंगा**

इन सभी सवालों के जवाब देते हुए रणवीर सिंह ने कहा- मुझे इस बात का अंदाजा नहीं था कि इस तरह से एक फोटोशूट मेरे लिए मुसीबत खड़ी कर देगा। मेरा मकसद किसी की भावना को ठेस पहुंचाना नहीं था। मैं इसे एक जनरल फोटोशूट की तरह लिया था।

फोटो को सोशल मीडिया में शेयर करने के सवाल पर रणवीर ने कहा- मैं सिर्फ यह चाहता था कि इसे शूट करने वालों का एजेंडा ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंच सके। इसलिए मैंने यह तस्वीरें सोशल मीडिया में पोस्ट की थीं। मैंने किसी को आहत करने के लिए यह तस्वीरें पोस्ट नहीं की। उन्होंने जांच में आगे भी सहयोग करने की बात भी कही है।

**क्या है पूरा मामला**

रणवीर ने 22 जुलाई को पेपर मैगजीन के लिए न्यूड फोटोशूट कराया था। इसकी तस्वीरें उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर की थीं, जिसके बाद रणवीर के खिलाफ मुंबई के एक NGO ने चेंबूर पुलिस स्टेशन में FIR दर्ज कराई थी। NGO ने कहा था कि रणवीर ने अपनी न्यूड फोटोज से महिलाओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है और उनका अपमान किया है। इसलिए ट्विटर और इंस्टाग्राम से उनकी फोटो हटाई जाए। साथ ही उनकी गिरफ्तारी की भी मांग की थी।

रणवीर के खिलाफ IPC की धारा 509, 292, 293 आईटी एक्ट के सेक्शन 67A के तहत केस दर्ज किया गया था। शिकायत दर्ज होने के बाद मुंबई पुलिस ने 48 घंटे का समय मांगा था। इसके बाद रणवीर के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। IPC की धारा 292 के तहत 5 साल और धारा 293 के तहत 3 साल की सजा का प्रावधान है। वहीं, आईटी एक्ट 67A के तहत भी रणवीर को 5 साल की सजा हो सकती है।

# दिग्गज बांग्ला अभिनेता प्रदीप मुखर्जी का कोलकाता में निधन



**बांग्ला सिल्वर** स्क्रीन के दिग्गज अभिनेता प्रदीप मुखर्जी का सोमवार को यहां एक अस्पताल में निधन हो गया. वह 76 वर्ष के थे. अभिनेता सत्यजित रे की 'जन अरण्य' में सोमनाथ की अपनी प्रतिष्ठित भूमिका के बाद प्रसिद्ध हुए थे और उनको एक अलग पहचान मिली थी.विद्या बालन और अर्जुन रामपाल अभिनीत, 'कहानी 2 : दुर्गा रानी सिंह' में डॉ. मैती की भूमिका के लिए उन्हें आलोचकों की प्रशंसा भी मिली.मुखर्जी को 22 अगस्त को फेफड़ों में संक्रमण के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था. रविवार से उनकी हालत बिगड़ने लगी और उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट देना पड़ा. पिछले दो वर्षों में वह दो बार कोविड-19 से संक्रमित हुए थे.अभिनेता के परिवार में पत्नी, बेटा और बेटी हैं. मुखर्जी का जन्म 11 अगस्त 1946 को हुआ था और कोलकाता के सिटी कॉलेज से स्नातक करने के बाद उन्होंने कानून की डिग्री भी प्राप्त की. वह कॉलेज के दिनों से ही अभिनय के प्रति आकर्षित थे. नाटक की शिक्षा लेने के अलावा, वह कई थिएटर अकादमियों से भी सक्रिय रूप से जुड़े रहे. उन्होंने मंच पर अपने अभिनय करियर की शुरुआत की, जहां उन्हें सत्यजित रे ने देखा. रे ने उन्हें अपनी प्रतिष्ठित फिल्म 'जन अरण्य' में सोमनाथ की भूमिका दी थी.

# मोहनलाल करेंगे दृश्यम 3 में लीड रोल प्ले



दृश्यम मोहनलाल की सबसे लोकप्रिय सस्पेंस-थ्रिलर फ्रेंचाइजी में से एक रही है. फिल्म का पहला पार्ट जबरदस्त हिट था वहीं दूसरे पार्ट ने भी ओटीटी पर रिलीज के बावजूद लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा था. अब फैंस के लिए अच्छी खबर है कि दृश्यम के तीसरे पार्ट की घोषणा हो गई है. मोहनलाल अभिनीत दृश्यम, जिसमें मीना उनकी पत्नी के रूप में हैं, तीसरी बार वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार है. मझविल एंटरटेनमेंट अवाड्‌र्स के दौरान, निर्माता एंथनी पेरुम्बवूर ने फ्रैंचाइज़ी की वापसी की घोषणा की. ये घोषणा होते ही लोगों के कमेंट्स और रिएक्शन आने लगे।

# 'राम सेतु' को लेकर मुश्किल में पड़े अक्षय कुमार बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने भेजा लीगल नोटिस



**बॉलीवुड के** 'खिलाड़ी कुमार' यानी एक्टर अक्षय कुमार अपनी अपकमिंग फिल्मों को लेकर सुर्खियों में हैं. 2 सितंबर को उनकी फिल्म'कठपुतली' भी ओटीटी पर रिलीज होने के लिए तैयार है. इस बीच अक्षय कुमार अपने अगले प्रोजेक्ट 'राम सेतु' पर व्यस्त है, लेकिन फिल्म पूरी होने से पहले ही विवादों में आ गई है. पूर्व राज्यसभा सांसद और भाजपा के वरिष्ठ नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने रविवार को अक्षय कुमार, एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडीज और 'राम सेतु' के निर्माताओं को कानूनी नोटिस भेजा. इस सिलसिले में सुब्रमण्यम स्वामी ने एक ट्वीट कर के भी जानकारी दी. अपने ट्वीट में सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा, 'मुंबई सिनेमा (या कहें पान की मां) वाले लोगों को मिथ्याकरण और दुर्विनियोजन की बुरी आदत है. इसलिए उन्हें बौद्धिक संपदा अधिकार सिखाने के लिए, मैंने सत्य सभरवाल एड के माध्यम से सिने अभिनेता अक्षय कुमार (भाटिया) और उनके 8 अन्य लोगों को राम सेतु गाथा को विकृत करने के लिए कानूनी नोटिस जारी किया है.' अपने एक दूसरे ट्वीट में बीजेपी नेता ने कहा, 'यह हास्यजनक है कि 'राम सेतु' पवित्र कथा को गढ़ने के लिए 'सिन ए मा' अभिनेता और साथियों को कानूनी नोटिस भेजने पर 0 से 25 अनुयायियों के साथ ट्वीट किया जाता है. श्री राम मर्यादा पुरुषोत्तम और विष्णु अवतार हैं. राम के सीता के प्रति प्रेम को कलंकित नहीं किया जा सकता.

सुब्रमण्यम स्वामी के वकील सत्य सबरवाल ने कानूनी नोटिस में कहा, 'मेरे मुवक्किल ने 2007 में 'राम सेतु' के संरक्षण और सुरक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट के समक्ष सफलतापूर्वक तर्क दिया था और भारत सरकार के सेतुसमुद्रम शिप चैनल प्रोजेक्ट का विरोध किया था, जिसमें 'राम सेतु' को तोड़ने की परिकल्पना की गई थी. 'राम सेतु' हिंदुओं द्वारा पवित्र माना जाता है. 31 अगस्त, 2007 को सर्वोच्च न्यायालय ने राम सेतु को गिराने या क्षतिग्रस्त करने की किसी भी योजना के खिलाफ स्थगन आदेश पारित करने की कृपा की. यह इस आधार पर था कि आस्था और पूजा एक संवैधानिक अनिवार्यता है।

# इंटीमेट सीन देने वाली तनुश्री दत्ता वेट गेन के लिए हुईं ट्रोल, लोग बोले 'क्या हालत बना रखी है' 'गोल मटोल'



फिल्म आशिक बनाया आपने की अभिनेत्री तनुश्री दत्ता भले ही अभी बॉलीवुड से दूर हो लेकिन उन्होंने कुछ ऐसी फिल्मों में काम किया है जो सालों तक याद रखी जाएंगी. साल 2004 में तनुश्री ने फेमिना मिस इंडिया का खिताब जीता और उसके बाद, उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में एंट्री की. तनुश्री ने अपनी पहली फिल्म में काफी बोल्ड सीन दिए, जिसकी वजह से वह काफी मशहूर भी हुईं. तनुश्री ने 2005 में फिल्म 'आशिक बनाया आपने' से बॉलीवुड में कदम रखा और इस फिल्म में उनके साथ अभिनेता इमरान हाशमी भी थे. हाल ही में तनुश्री को एक इवेंट में स्पॉट किया गया था. जिसमें लोग उनके बढ़े वज़न को देखकर हैरान हो गए. एक्ट्रेस ने ब्लैक कलर की साड़ी पहनी नजर आईं. एक्ट्रेस ने इस प्लेन ब्लैक साड़ी के ऊपर सीक्वेंस वर्क का ब्लाउज कैरी किया. लोगों ने तनुश्री की इन तस्वीरों पर जमकर कमेंट किए. एक यूजर ने लिखा ये क्या हालत बना रखी है. तनुश्री की इन तस्वीरों पर यूजर ने ट्रोल करते हुए लिखा गोल मटोल. बता दें, फिल्म इंडस्ट्री में खास कामयाबी हासिल न करने के बावजूद तनुश्री काफी समय तक चर्चा में रहीं, जब उन्होंने दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए भारत में मीटू मूवमेंट MeToo movement की शुरुआत की थी. साल 2013 में तनुश्री ने बताया था कि फिल्म 'हॉर्न ओके' के सेट पर उनके साथ दुर्व्यवहार हुआ था, जिसके चलते उन्होंने काम से ब्रेक ले लिया था.

# 800 करोड़ के मालिक हैं नागार्जुन

## ब्रह्मास्त्र के लिए अमिताभ से ज्यादा फीस ली, एक फैन ने बनवा दिया 1 करोड़ का मंदिर

**साउथ सुपरस्टार** नागार्जुन का आज 63वां बर्थडे है। 29 अगस्त 1959 को जन्मे नागार्जुन ने हिंदी और साउथ की करीब 100 फिल्मों में काम किया है। नागार्जुन ने 1986 में रिलीज हुई साउथ फिल्म विक्रम से एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। बॉलीवुड में उन्होंने फिल्म 'शिवा' (1990) से अपना सफर शुरू किया था। उन्हें नौ राज्य नंदी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। नागार्जुन 2012-13 की फोर्ब्स की लिस्ट में इंडिया के टॉप-100 लोगों में 56 और 61वें नंबर पर रहे हैं।

**ब्रह्मास्त्र के लिए अमिताभ बच्चन से ज्यादा फीस ली**

नागार्जुन 9 सितंबर को रिलीज होने वाली फिल्म ब्रह्मास्त्र में नजर आएंगे। इस फिल्म में उनके साथ रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, मौनी रॉय और अमिताभ बच्चन भी अहम रोल में हैं। फिल्म के लिए अमिताभ बच्चन ने करीब 10 करोड़ रुपए चार्ज किए हैं। वहीं इस फिल्म के लिए नागार्जुन ने करीब 11 करोड़ फीस ली है।

**दीवनगी इतनी की फैंस ने बनवा दिया मंदिर**

फिल्मों में एक्टिंग के कारण नागार्जुन की जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। फैंस की दीवानगी इस कदर है कि नागार्जुन के एक डाय हार्ट फैन ने 1997 में रिलीज हुई फिल्म 'अन्नमय्या' से इंस्पायर को



एक भव्य अन्नामाचार्य का मंदिर बनवा दिया था।

**फैंस ने मंदिर के लिए 1 करोड़ 30 लाख रुपए जुटाए**

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मंदिर को आंध्र प्रदेश के गुंटूर में रहने वाले अक्किनेनी नागार्जुन के फैन सुधाकर स्वामी ने बनवाया था। उन्होंने इस मंदिर की नींव 1997 में फिल्म 'अन्नमय्या' देखने के बाद रखी थी। 22 साल के लंबे इंतजार के बाद ये मंदिर बन कर तैयार हुआ था। इस मंदिर के निर्माण में सुधाकर स्वामी के दोस्तों ने भी मदद की थी। नागार्जुन के फैन ने तो मंदिर के लिए 1 करोड़ 30 लाख रुपए की राशि जुटाई थी। इस मंदिर का नाम श्री अन्नामय्या स्वामी मंदिरम है।

**800 करोड़ के मालिक हैं नागार्जुन**

नागार्जुन 800 करोड़ की प्रॉपर्टी के मालिक हैं। वो अन्नपूर्णा स्टूडियो प्रोडक्शन कंपनी के भी मालिक हैं और ये स्टूडियो लगभग 7 एकड़ में फैला हुआ है। इसके अलावा वो अन्नपूर्णा इंटरनेशनल स्कूल ऑफ फिल्म एंड मीडिया, हैदराबाद के प्रेसिडेंट भी हैं। साथ ही उनके पास हैदराबाद के जुबली हिल्स में करीब 40 करोड़ रुपए की कीमत का बंगला है। नागार्जुन दो रेस्टोरेंट के मालिक हैं, हैदराबाद में N-Grill नाम से उनका रेस्टोरेंट है। वहीं दूसरा चाइनीज रेस्टोरेंट है, जिसका नाम एन एशियन है।

**दो शादियों के बाद तबु से रहा अफेयर**

नागार्जुन ने दो शादियां की हैं। उन्होंने पहली शादी 1984 में लक्ष्मी दग्गुबती से की थी। महज 6 साल बाद ही दोनों का तलाक हो गया था। दोनों का एक बेटा है जिसका नाम नागा चैतन्य है। इसके बाद उन्होंने 1992 में एक्ट्रेस अमाला से शादी की। इस शादी से भी उन्हें एक बेटा है जिसका नाम अखिल अक्किनेनी है। नागार्जुन के दोनों बेटे साउथ इंडस्ट्री में एक्टिव हैं। शादीशुदा होने के बाद भी नागार्जुन का अफेयर बॉलीवुड एक्ट्रेस तबु के साथ था। इनके अफेयर के चर्चे बहुत थे, लेकिन नागार्जुन अपनी वाइफ को तलाक नहीं देना चाहते थे इसलिए दोनों अलग हो गए थे।

# तलाक पर बोलीं सीमा- मुझे अब किसी चीज की परवाह नहीं, अब आगे बढ़ना है



शादी के 24 साल बाद सोहेल और सीमा होगें अलग फैशन डिजानइनर सीमा सजदेह और बॉलीवुड एक्टर-डायरेक्टर सोहेल खान 24 साल बाद एक-दूसरे से अलग हो रहे हैं। दोनों अब अलग-अलग अपार्टमेंट में रह रहे हैं। कपल के दो बेटे निर्वान और योहान हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में सीमा ने तलाक के फैसले के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि अब मुझे किसी चीज से कोई फर्क नहीं पड़ता।

सीमा ने सोशल मीडिया पर अपने अकाउंट से सीमा खान हटाकर सीमा किरण सजदेह कर लिया है। इसके साथ ही उन्होंने अपने इंस्टाग्राम बायो में लिखा, इस पल मैं अपनी लाइफ बिना किसी फिल्टर के पूरी तरह से जी रही हूं।

सोहेल और सीमा ने 1998 में भागकर शादी की थी। सीमा दिल्ली की रहने वाली हैं और फैशन डिजाइनिंग में करियर बनाने के लिए वो मुंबई गई थीं। इसी बीच सीमा और सोहेल की पहली मुलाकात हुई थी। सोहेल के मुताबिक, उन्हें सीमा से पहली नजर में ही प्यार हो गया था। जल्द ही दोनों ने एक-दूसरे को डेट करना शुरू कर दिया। कपल शादी करना चाहता था, लेकिन सीमा की फैमिली इस शादी के लिए बिलकुल तैयार नहीं थी। परिवार के विरोध के चलते जिस दिन सोहेल की फिल्म प्यार किया तो डरना क्या (1998) रिलीज हुई उसी दिन दोनों घर से भाग गए और आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली। बाद में दोनों के घरवालों ने इस रिश्ते को स्वीकार कर लिया था।

# बेबी प्लानिंग पर बिपाशा ने की बात:मुझे और करण को पूरी उम्मीद है कि घर में बेटी आएगी, बोलीं- हम उसे शी कहकर बुलाते हैं



**एक्ट्रेस बिपाशा** बसु अपनी प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट के बाद से ही सुर्खियों में हैं। शादी के 6 साल बाद कपल के घर में नन्हा मेहमान आने वाला है, जिसे लेकर पति करण सिंह ग्रोवर और बिपाशा दोनों ही बेहद एक्साइटेड हैं। इसी बीच बिपाशा ने मीडिया इंटरव्यू में कहा है कि वो और करण हमेशा से एक बेटी चाहते थे। इसलिए वो अपने पेट में पल रहे बेबी को बेटी ही बुलाते हैं। कपल को पूरी उम्मीद है कि उनके घर पर बेटी ही होगी।

**एक्ट्रेस बेबी प्लानिंग को लेकर की बात**

ई-टाइम्स को दिए इंटरव्यू में बिपाशा ने अपनी प्रेग्नेंसी प्लानिंग पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि प्रेग्नेंसी के बाद एक्ट्रेस के जीवन में क्या-क्या बदलाव आए हैं, जिसे वो इस फेज में एंजॉय कर रही हैं। इतना ही नहीं बिपाशा ने बताया प्रेग्नेंसी के दौरान उन्हें कौन-कौन सी हिदायत दी गई हैं।

**लेट बेबी प्लानिंग पर बोलीं बिपाशा**

बिपाशा से जब पूछा गया कि क्या वो बेबी की प्लानिंग लंबे समय से कर रही थीं? इस पर एक्ट्रेस ने जवाब दिया -'करण और मैं हमेशा से क्लियर थे कि हमें बेबी चाहिए। यह हमारे बेबी प्लानिंग के लिए बिल्कुल सही वक्त है, हमें नहीं लगता हमने बेबी प्लानिंग में समय लिया है।'

**हमेशा से चाहती थी बेटी**

बेबी के बारे में एक्ट्रेस ने बात करते हुए कहा- 'जब से हमने बेबी के बारे में सोचा था, हम यही चाहते थे कि हमारे घर बेटी हो। मैं जानती हूं कि बच्चे भगवान का तोहफा होता हैं, वो बेटा हो या बेटी हमें स्वीकार करना चाहिए। लेकिन हम बेबी को शी यानी बेटी ही बुलाते हैं। हमें विश्वास है कि यह बेटी ही है, ऐसा हमने तब से मान लिया है, जब हमने बेबी करने का फैसला लिया।

**मां बनने के बाद काम पर वापस लौटेंगी बिपाशा**

एक्ट्रेस ने बातचीत में कहा 'लोग डिलीवरी के बाद अक्सर अपनी प्रोफेशनल लाइफ पर ब्रेक लगा देता हैं। लेकिन मैं ऐसा नहीं करूंगी। जब मेरा बेबी हो जाएगा मैं एक बार फिर काम पर लौटूंगी।

**प्रेग्नेंसी के बाद बदल गई है लाइफ**

बिपाशा ने आगे बताया कि प्रेग्नेंसी के बाद उनकी लाइफ में कई बदलाव आए हैं। मेरा रूटीन पूरी तरह से बदल गया है, डॉक्टर ने सलाह दी है कि मैं ज्यादा कम ना करूं। शुरुआत में रूटीन को फॉलो करना थोड़ा मुश्किल था, लेकिन अब मैं वो ही चीजें करती हूं, जो हमारे बेबी के लिए सही है।

# कौन हैं लाइगर के विलेन माइक टायसन

## 13 साल की उम्र तक 38 बार गए जेल, हर महीने पीते हैं 32 लाख का गांजा, दुनिया के सबसे खतरनाक मुक्केबाज

13 की उम्र में 38 बार गए जेल, 20 के हुए तो जीती वर्ल्ड हैवीवेट चैंपियनशिप, दुनिया के सबसे खूंखार बॉक्सर का खिताब इनके नाम, रेप के आरोप में 6 साल की जेल, वापस लौटे फिर जीते कई खिताब, 53 फिल्मों में आ चुके हैं नजर।

फिल्म लाइगर में विलेन का किरदार निभाने वाले माइक टायसन को क्या आप जानते हैं। माइक टायसन 20 साल की उम्र में वर्ल्ड हैवीवेट चैंपियनशिप जीतने वाले पहले मुक्केबाज हैं। उनकी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ खासी विवादों में रही हैं। करियर की शुरुआत में उन्होंने लगातार 19 फाइट जीती थी। जब 1992 में उन्हें रेप के आरोप में 6 साल की सजा हुई तो इस खबर ने मीडिया में सुर्खियां बटोर लीं। हालांकि 3 साल की सजा काटने के बाद उन्हें बेल मिल गई। जिसके बाद उन्होंने बॉक्सिंग में फिर दमदार वापसी की। माइक टायसन को दुनिया का सबसे खूंखार बॉक्सर कहा जाता है। हाल ही में मीडिया रिपोर्ट्स में ये भी खुलासा हुआ है कि उन्हें गांजा पीने की खासी लत है। वो एक महीने में 32 लाख रुपए का गांजा पी जाते हैं। तो चलिए फिल्म लाइगर से बॉलीवुड डेब्यू करने वाले माइक की जिंदगी के खास किस्सों को जानते हैं।

माइक टायसन का जन्म 30 जून 1966 को न्यूयॉर्क शहर के फोर्ट ग्रीक में हुआ था। उनके बायोलॉजिकल पिता तो परसेल टायसन हैं लेकिन मां के दूसरी शादी करने के बाद वो जिमी किर्कपैट्रिक को अपने पिता के नाम से जानते हैं। उनका बचपन बीत ही रहा था कि



16 साल की उम्र में उनकी मां की मौत हो गई। जहां वो रहते थे वो इलाका क्राइम के लिए काफी कुख्यात था, इसी के चलते माइक को भी क्राइम की लत लग गई और मात्र 13 साल की उम्र तक वो 38 बार जेल जा चुके थे। इसी बीच उनकी मुक्केबाजी के टैलेंट को डिटेंशन सेंटर के काउंसलर और पूर्व मुक्केबाज बॉबी स्टीवर्ट ने पहचान लिया। बाद में वो बॉक्सिंग मैनेजर और ट्रेनर कूस डीमैटो के शिष्य बन गए और उन्हीं से बॉक्सिंग सीखी।

**15 साल की उम्र में जूनियर ओलिंपिक गेम्स में जीता गोल्ड**

माइक ने 1981 में जूनियर ओलिंपिक गेम्स में पार्टिसिपेट किया और गोल्ड मेडल जीता। जिसके बाद 1982 में भी वो गोल्ड लेकर आए। माइक ने 20 साल की उम्र में अपना पहला बेल्ट जीता था और साथ ही वो हैवीवेट खिताब जीतने वाले सबसे कम उम्र के मुक्केबाज भी हैं। WBA, WBC और IBF खिताब पर एक साथ कब्जा करने वाले माइक पहले हैवीवेट चैंपियन हैं। उन्हें दुनिया का सबसे खतरनाक बॉक्सर कहा जाता है। इन खिताबों के साथ ही उन्हें आयरन माइक, किड डायनामाइट और द बैडेस्ट मैन ऑन प्लेनेट के नाम से भी जाना जाने लगा। 1987 से 1990 तक टायसन ने वर्ल्ड हैविवेट चैंपियनशिप पर राज किया था। ये दौर टायसन का कहा जाता था।

टायसन का करियर जब पीक पर था उसी दौरान उन्हें रेप के आरोप में 6 साल की सजा हो गई। 3 साल जेल में रहने के बाद उन्हें पैरोल मिल गई। 1995 में पैरोल मिलने के बाद मुक्केबाजी की दुनिया में उन्होंने फिर वापसी की, उनकी कमबैक फाइट को 63 मिलियन लोगों ने लाइव देखा था। टायसन और एम.सी. नीले के फाइट को 1998 में ग्रेटेस्ट टीवी स्पोर्ट्स मूवमेंट माना गया था।

**माइक की 3 शादियां**

माइक टायसन ने 3 शादियां की हैं। उनकी पहली शादी 1988 में एक्ट्रेस रॉबिन गिवेंस से हुई थी। जो एक साल बाद ही टूट गई। उनकी पत्नी ने उनपर घरेलू हिंसा का आरोप लगाया। उनकी दूसरी शादी 1997 में डॉक्टर मोनिका टर्नर से हुई। जो 2002 में शादी के पांच साल के दौरान एडल्ट्री का आरोप लगाते हुए मोनिका ने तोड़ दी। इसके बाद 2009 में वो लखिका स्पाइसर के साथ शादी के बंधन में बंधे।

माइक टायसन के बॉक्सिंग करियर के दौरान ही एक्टिंग करियर भी शुरू कर दिया था। पहली बार वो 1987 में टीवी सीरीज 'द वेब स्टार' में नजर आए थे। इसके बाद 1991 में उन्होंने हॉलीवुड फिल्म 'प्ले इट टू द बोन' से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की। जिसके बाद वो 'रॉकी बॉल्बोआ','द हैंगओवर','स्केयरी मूवी 5' जैसी बेहतरीन फिल्मों में नजर आए। हाल ही में आई फिल्म 'लाइगर' से उन्होंने बॉलीवुड डेब्यू किया है।

माइक को गांजा पीने की लत है। हाल ही में वो अपनी इस लत को लेकर खासा चर्चाओं में रहे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, माइक हर महीने 34 हजार पाउंड यानी 32 लाख रुपए का गांज पी लेते हैं। 56 साल के टायसन साइटिका फ्लेयर अप से पीड़ित हैं। इस बिमारी में पीठ से संबंधित समस्या होती है। दो साल पहले इसी परेशानी के चलते वो कई हफ्तों के लिए बेड रेस्ट पर थे। हाल ही में वो मियामी एयरपोर्ट पर व्हील चेयर पर नजर आए थे। उन्हें भारत में पहचान फिल्म लाइगर से मिली है।




# स्लिप डिस्क है या रीढ़ से जुड़ी कोई अन्य समस्या, तो ये एक्सरसाइज आपको आराम पहुंचाएगी

**अगर आपको स्लिप** डिस्क की समस्या है या स्पाइनल कॉर्ड इंजरी की कोई समस्या है तो आपको यहां बताई गई तीन एक्सरसाइज को नियमित तौर पर करना चाहिए. इनसे आपको नॉर्मल जिंदगी में लौटने के साथ ही आराम भी मिलेगा. एक या एक से अधिक कशेरुकाओं में फ्रैक्चर, डिस्लोकेट होने, कुचल जाने या सिकुड़ जाने की वजह से आपकी रीढ़ पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है, जिसके कारण रीढ़ की हड्डी में बहुत ज्यादा दर्द हो सकता है. अगर आपको लगता है कि रीढ़ की हड्डी की इस तरह की भयावह चोट की वजह से आपके चलने-फिरने में भी दिक्कत हो जाएगी, आप पूरी तरह से बैड पर आ जाएंगे तो आपको इस पर फिर से विचार करने की जरूरत है. क्योंकि रीढ़ की हड्डी से जुड़ी कुछ ऐसी एक्सरसाइज हैं, जिनकी मदद से आप फिट और स्वस्थ रह सकते हैं और इस समस्या का आपकी जिंदगी पर असर भी महसूस नहीं होगा.

हाल में हुई एक स्टडी में इसी प्रश्न का हल खोजने की कोशिश की गई कि क्या स्पाइनल कॉर्ड इंजरी से पीड़ित व्यक्ति ठीक से वॉक कर सकता है या दौड़ सकता है? इस अंतरराष्ट्रीय रिसर्च में जैविक रूप से लकवाग्रस्त चूहों के एक मॉडल में कृत्रिम नसों की मदद सफलतापूर्वक गतिशीलता प्रदान करने में मदद मिली है. शोधकर्ताओं ने एक लकवाग्रस्त चूहे को चलने, गेंद को लात मारने और ट्रेडमिल पर दौड़ने के लिए प्रशिक्षित किया. इस रिसर्च में यह पाया गया कि रीढ़ की हड्डी में समस्या होने के बावजूद व्यक्ति चल और दौड़ सकता है.

रीढ़ की हड्डी की समस्या में किसी तरह की एक्सरसाइज हो सकती हैं मददगार

### स्ट्रेचिंग

स्पाइनल कॉर्ड इंजरी से पीड़ित लोग यदि स्ट्रेचिंग करते हैं तो यह उनके जोड़ों और मांसपेशियों में होने वाले खिंचाव को कम करने में मददगार हो सकती है. अपने पूरे शरीर में लचीलापन लाने के लिए



की जाने वाली एक्सरसाइज में सभी मुख्य मांसपेशी समूहों को शामिल किया जाना चाहिए. इसमें आपको कंधे, कूल्हे, घुटने और टखनों पर मुख्य रूप से ध्यान दिया जाना




चाहिए, क्योंकि रीढ़ की समस्या होने पर इन्हीं जगहों पर ज्यादा असर पड़ता है. स्पाइनल कॉर्ड इंजरी में आप स्ट्रेचिंग की यह एक्सरसाइज स्वयं कर सकते हैं और



चाहें तो किसी ट्रेनर, थेरेपिस्ट या परिवार के किसी सदस्य और दोस्त की भी मदद ले सकते हैं. यहां तक कि रीढ़ की हड्डी से जुड़ी इस तरह की समस्या में नियमित स्ट्रेचिंग सेशन्स काफी फायदेमंद हो सकते हैं. सबसे पहले हर ग्रुप की मासपेशियों को 30 सेकेंड तक स्ट्रेच करें. स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और कार्डियोवैस्कुलर एक्सरसाइज से पहले और बाद में दोनों समय स्ट्रेचिंग करना फायदेमंद होता है.

### स्ट्रेंथ ट्रेनिंग

इस स्ट्रेंथ ट्रेनिंग के दौरान आप जिन खास मांसपेशियों पर ज्यादा कंट्रोल चाहते हैं, उनसे जुड़ी एक्सरसाइज पर आपको फोकस करना चाहिए. नीचे हम कुछ स्ट्रेंथ ट्रेनिंग एक्सरसाइज के बारे में बता रहे हैं.

**ट्रंक पुश-अप्स**

क्रॉस फिट बैलेंस वर्क

आइसोमीट्रिक बैक एक्सरसाइज

स्पाइनल ट्विस्ट्स

सभी दिशाओं में झुकने से जुड़ी एक्सरसाइज

लोअर बॉडी ट्विस्ट

अलग-अलग तरह की इंजरी के अनुसार हर व्यक्ति की मांसपेशियां अलग होती हैं. हर एक्सरसाइज को शुरुआत में 10-10 बार करना चाहिए, इसमें एक सेट 10 रिपीटिशन का होना चाहिए. हर सेट के बाद आराम करें और हर सेट को एक या दो बार जरूर करें. स्ट्रेंग्थ ट्रेनिंग में स्वयं को लगातार पुश करें और यह तब तक करें, जब तक आपको किसी अन्य की मदद की जरूरत न महसूस हो.

### एरोबिक वर्कआउट

एरोबिक्स का कार्डियो हेल्थ पर पड़ने वाले अच्छे असर के बारे में तो आप जानते ही हैं. इसके अलावा यह स्पाइनल इंजरी में भी मददगार हो सकती है. अपनी एक्सरसाइज में इन एरोबिक एक्सरसाइज को शामिल करें.

**हाथों से साइकिलिंग करना**

रोइंग, सर्किट एक्सरसाइज

तैराकी, व्हीलचेयर बास्केटबॉल गेम, अगर आप व्हीलचेयर का इस्तेमाल करते हैं तो उसे तेजी से आगे-पीछे ले जाना

आप कितनी कठिन एक्सरसाइज कर रहे हैं, इसके लिए एक साधारण सा टॉक टेस्ट किया जाता है. अगर आप व्यायम के दौरान बात तो कर पा रहे हैं, लेकिन गाना नहीं गा पाते हैं तो समझ लें कि आप मॉडरेट लेवल की एक्सरसाइज कर रहे हैं. अगर आप कठोर व्यायाम कर रहे हैं तो आप कुछ ही शब्द बोल पाएंगे और इससे ज्यादा बोलने के लिए आपको गहरी सांस लेने की आवश्यकता पड़ेगी.

अगर आप स्पाइनल कॉर्ड इंजरी से पीड़ित हैं तो आप जानते ही होंगे कि आप सामान्य दिनचर्या से अपनी फिटनेस बनाए नहीं रख सकते. किसी तरह की अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से बचने के लिए आपको नियमित तौर पर व्यायाम की आवश्यकता होगी. अगर संभव हो तो अपने डॉक्टर से संपर्क करें और उनसे अपनी समस्या के अनुरूप एक्सरसाइज पूछें.

# मधुमेह के मरीज गुड़ खाएं या शहद? जानें क्या है ज्यादा बेहतर

**मधुमेह रोगियों** को अच्छी सेहत के लिए अपनी डाइट में गुड़ और शहद में से क्या जोड़ना चाहिए, इसके बारे में पता होना जरूरी है. मधुमेह रोगियों को अक्सर अपनी डाइट का चुनाव सोच समझ करना पड़ता है. आज हम बात कर रहे हैं गुड़ और शहद की. मधुमेह रोगियों को गुड़ और शहद का सेवन करना चाहिए या नहीं, इसके बारे में पता होना जरूरी है. शुगर रोगियों के लिए डाइट सोच समझकर तैयार की जाती है. ऐसे में शहद और गुड़ में से डाइट में कौन-सा ज्यादा बेहतर है इसके बारे में पता होना जरूरी है. आज का हमारा लेख इसी विषय पर है. आज हम आपको अपने इस लेख के माध्यम से





बताएंगे कि मधुमेह रोगियों के लिए गुड़ और शहद में से क्या है बेहतर.

### शहद और गुड़ के पोषक तत्व

शहद के अंदर प्रोटीन, फाइबर, शुगर, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, फास्फोरस, पोटेशियम, सोडियम, कॉपर, जिंक, विटामिन सी आदि पाए जाते हैं. वहीं गुड़ के अंदर मैग्नीशियम, पोटैशियम, सेलेनियम, मैंगनीज, आयरन, ऊर्जा और जिंक मौजूद है.

### ब्लड शुगर के लिए शहद और गुड़

बता दें कि मधुमेह रोगी के लिए चीनी से ज्यादा गुड़ को उचित माना जाता हैं. हालांकि मधुमेह में इंसुलिन बढ़ाने वाली चीजें सेहत के लिए खराब होती है. इन चीजों में गुड़ को भी जोड़ा जाता है. बता दें कि चीनी और गुड़ दोनों में ग्लाइसेमिक इंडेक्स पाया जाता है जो मधुमेह रोगियों के लिए खराब है.

शहद मधुमेह रोगियों के लिए फायदेमंद होता है. इससे जुड़ी कई रिसर्च भी सामने आई जिसमें ये साबित हुआ है कि शहद का प्रभाव मधुमेह रोगियों के लिए अधिक फायदेमंद है. इससे ये पता चलता है कि शहद और गुड़ दोनों ही रक्त शर्करा के स्तर को बढ़ाते हैं.

### शहद और गुड़

व्यक्ति के लिए गुड़ की तुलना में शहद का सेवन करना ज्यादा बेहतर है क्योंकि शहद में सूक्ष्म पोषक तत्व पाए जाते हैं.

# साउंड हीलिंग थेरेपी से खुद को करें तनावमुक्त, जानें ये कैसे है मददगार

**आज के समय** में लोग दौड़ भाग वाली जिंदगी में सुकून के पल तलाश रहे हैं. यदि आप भी उन लोगों में से एक हैं तो बता दें कि साउंड हीलिंग थेरेपी आपके बेहद काम आ सकती है.

आज के समय में ज्यादातर लोग स्पेस और तनाव की समस्या का शिकार हो रहे हैं. ऐसे में बता दें कि तनाव और चिंता को दूर करने के लिए आपको महंगे ट्रीटमेंट्स लेने की जरूरत नहीं है बल्कि साउंड हीलिंग थेरेपी के माध्यम से तनाव और स्ट्रेस को दूर कर सकते हैं. आज का हमारा लेख इसी विषय पर है. आज हम आपको अपने इस लेख के माध्यम से बताएंगे कि आप सभी साउंड हीलिंग थेरेपी के माध्यम से कैसे मदद कर सकते हैं. इसके लिए हमने साइकिक रिफॉर्मर, वेलनेस कोच और साउंड हीलिंग मास्टर से बात की है.

### कैसे करता है साउंड हीलिंग काम

साउंड हीलिंग कई तरीकों से काम करती हैं. क्रिस्टल या धातु के कटोरे से इस ध्वनि को उत्पन्न किया जाता है. ऐसे में आप ध्वनि के साथ गाना भी गा सकते हैं. इस ध्वनि से निकलने वाला कंपन न केवल आपके दिमाग को शांति पहुंचाता है बल्कि शरीर को विश्राम भी देता है.

### साउंड हीलिंग थेरेपी के फायदे



साउंड हीलिंग थेरेपी न केवल स्ट्रेस को दूर करने में उपयोगी है बल्कि ये डिप्रेशन को दूर करने में भी आपके काम आ सकता है. इसके अलावा साउंड हीलिंग ऑटिज्म, मेंटस डिसॉर्डर, डिमेनशिया, कैंसर का खतरा आदि समस्याओं को दूर करने में भी बेहद उपयोगी है.

### साउंड हीलिंग में इस्तेमाल होने वाले उपकरण क्या हैं?

साउंड हीलिंग में ट्यूनिंग फोर्क और सिंगिग बॉउल आदि से ध्वनि तरंग उत्पन्न कर ट्रीटमेंट किया जाता है. ध्वनि निकालने से पहले व्यक्ति को योगा मैट पर लेटाया जाता है और आंखों पर एक मास्क लगाया जाता है.

# क्रोनिक किडनी रोग के लिए आ गई दवा, डायबिटीज से जुड़े किडनी डिजीज में होगी मददगार

दवा बनाने वाली मशहूर कंपनी बायर ने केरेन्डिया ब्रांड नाम से क्रोनिक किडनी डिजीज की दवा पेश की है. यह दवा डायबिटीज से जुड़े क्रोनिक किडनी रोग पर मुख्य रूप से काम करेगी. केरेन्डियल नाम की यह दवा नॉन-स्टेरायड होने के साथ ही सिलेक्टिव मिनेरालोकोर्टिकोइड रिपेस्टर एंटागोनिस्ट खास तौर पर टाइप-2 डायबिटीज के मरीजों को बड़ी मदद करेगी.

क्रोनिक किडनी रोग और डायबिटीज के रोगियों में थेरेपी का मुख्य लक्ष्य अंतिम चरण के गुर्दे की बीमारी और किडनी फेलियर के खतरे से बचाना होता है. लेकिन थेरेपी के बावजूद कई मरीजों की किडनी फेल हो जाती है. बायर जायडस फार्मा के प्रबंध निदेशक मनोज सक्सेना ने एक बयान में कहा, 'फाइनरेनोन (करेन्डिया) ऐसे कमजोर रोगियों के लिए किडनी रोग के बढ़ने की रफ्तार को कम करने और किडनी फेल होने के जोखिम को कम करती है.' ज्ञात हो कि भारत में क्रोनिक किडनी रोग के मामलों में डायबिटीज प्रमुख कारण है और यहां अंतिम चरण के किडनी रोग के भी काफी मामले हैं. बता दें कि देश में 74 मिलियन यानी 7 करोड़, 40 लाख के करीब लोग डायबिटीज से पीड़ित हैं. माना जा रहा है कि साल 2030 तक 93 मिलियन यानी 9 करोड़, 30 लाख लोग डायबिटीज से ग्रसित होंगे. चीन में इस समय दुनिया के सबसे ज्यादा डायबिटीज के मरीज हैं और दूसरे नंबर पर भारत ही है.

# बिना कपड़ों के सोने के हैं बहुत फायदे, चौथा फायदा जानकर उड़ जायेगे आपके होश

**नींद पूरी** करना हमारी सेहत के लिए फायदेमंद है. लेकिन कई बार लोग कपड़े पहनकर सोने की वजह से पूरी नींद नहीं ले पाते. लेकिन क्या आपको पता है कि बिना कपड़ों के सोने के कितने फायदे होते हैं. जब आप कपड़े पहन कर सोते हैं तो कहीं आपके कपड़े चादर में फंसते हैं कहीं आपके पार्टनर को आपके कपड़ों से परेशानी होती है, तो इन सभी परेशानियों से बचने के लिए बिना कपड़ों के सोएं. इससे आपको अच्छी और गहरी नींद आती है. इसके लिए आपको किसी विज्ञान की जरूरत नही है कि अच्छे स्वास्थ के लिए अच्छी नींद बहुत जरूरी है.

### कोर्टीसोल नियंत्रित रहता है

कोर्टीसोल शरीर में पाया जाने वाला बहुत ही अजीब केमिकल होता है, यदि यह शरीर में सही ढंग से नियंत्रित नही होता है तो इसके काफी नुकसान भी हैं,जब आप बिना कपड़ों के सोते हैं तो इससे आपके बॉडी का तापमान नियंत्रित रहता है जिससे आपके बॉडी में सही तरीके से कार्टिसोल का निर्माण होता है,यदि आप ज्यादा गर्म तापमान में सोते हैं तो जगने पर आपका कार्टिसोल लेवल भी हाई होता है जिससे आप तनाव और ज्यादा भूख महसूस करते हैं इससे वजन बढ़ना और अन्य समस्याएं होती हैं,इसलिए न्यूड होकर सोएं जिससे आपके बॉडी का तापमान नियंत्रित रहता है, अच्छी नींद भी आती है और बॉडी सही तरीके से कार्टीसोल का निर्माण कर उसे नियंत्रित करती है।



### मेलाटोनिन और उम्र बढ़ाने वाला हार्मोन नियंत्रित रहता है

जिस जगह आप सोते हैं यदि उस जगह के टेम्प्रेचर को 70 डिग्री फारेनहाइट रखते हैं तो यह आपके मेलाटोनिन और उम्र बढ़ाने वाले हार्मोन को नियंत्रित रखता है क्योंकि ये केमिकल आपके उम्र को बढ़नेबूढ़ा होने से रोकते हैं और आपको स्वस्थ रखने में मदद करते हैं, जब आप कपड़े पहन कर सोते हैं तो बॉडी का टेम्प्रेचर ज्यादा होता है जो इन हार्मोंस के काम को प्रभावित करता है, दूसरे शब्दों में कहें तो कपड़े पहन कर सोने से आप जल्दी बूढ़े होते हैं

### ज्यादा खुश और फ्री महसूस करते हैं

बिना कपड़ों के सोने से त्वचा के कई ऊतकों पर सकारात्मक असर पड़ता है. शरीर का ज्यादा से ज्यादा भाग हवा के संपर्क में आता है. जिससे त्वचा खुलकर सांस ले पाती है. इससे निखार आता है.

### स्किन से स्किन का टच होना

यदि आप शादीशुदा हैं या फिर अपने पार्टनर के साथ रह रहे हैं तो न्यूड होकर सोना एकदूसरे की स्किन से टच में रहने का यह एक अच्छा चांस है, खासकर जब आप कडलिंग कर रहे हों उस समय अपने पार्टनर की बॉडी से पूरी तरह से टच में रहते हैं, पार्टनर के साथ इस तरह से टच में रहने से आपकी सेक्स लाइफ ज्यादा एक्टिव रहती है और बॉडी से ऑक्सीटोसिन ज्यादा मात्रा में निकलता है जिससे आप अपने पार्टनर के साथ और उसके बारे में ज्यादा अच्छा महसूस करते हैं।

### स्किन के लिए अच्छा है

आपके शरीर के अंगों को भी सांस की जरूरत होती है क्योंकि बॉडी के कुछ हिस्से गर्मी में भी पूरी तरह से ढ़के रहते हैं, जैसे प्राइवेट पार्ट, अंडरआर्म्स, पैर आदि दिनभर कपड़ों से ढ़के रहते हैं. इसलिए जब आप बिना कपड़ों के सोते हैं तो इन अंगों में भी ठीक ढंग से हवा लगती है. ऐसा करने से नमी से होने वाली स्किन संबंधी बीमारी, पैरों में होने वाले फंगल इंफेक्शन आदि से आप बचे रहते हैं।

# बच्चे हैं गैस की समस्या से परेशान? जानें कौन-से घरेलू उपायों से दूर होगी समस्या

खान पीन की गलत आदतें के कारण और गलत दिनचर्या के कारण अक्सर बच्चे भी गैस की समस्या से परेशान हो जाते हैं. ऐसे में माता-पिता को सलाह दी जाती है कि यदि कुछ घरेलू उपायों को अपनाएं तो बच्चों में गैस की समस्या को दूर किया जा सकता है. अब सवाल यह है कि कौन से घरेलू उपायों को अपनाना चाहिए तो आज का हमारा लेख इसी विषय पर है. आज हम आपको अपने इस लेख के माध्यम से बताइएंगे कि आप कौन से घरेलू उपाय अपना सकते हैं.

### बच्चों में गैस की समस्या को दूर करने के उपाय

अजवाइन बच्चों में गैस की समस्या को दूर करने के लिए आपके बेहद काम आ सकता है. ऐसे में आप एक गिलास पानी में एक चम्मच अजवाइन को डालें और उबालें. जब पानी आधा कप रह जाए तो उसे छानकर गुनगुना करके बच्चों को पिलाएं. ऐसा करने से बच्चों में गैस की समस्या दूर हो सकती है. इससे अलग अजवाइन की चाय भी आपके बेहद काम आ सकती है.

अदरक को बच्चों की डाइट में कम मात्रा में जोड़ें. अदरक के रस से भी बच्चों में गैस की समस्या को दूर किया जा सकता है. ऐसे में आप बच्चों को अदरक का रस भी दे सकते हैं. इससे अलग अदरक की चाय भी बच्चों के बेहद काम आ सकती है. बता दें कि अदरक न केवल बच्चों के पाचन तंत्र को तंदुरुस्त रख सकती है बल्कि यदि सीमित मात्रा में अदरक का सेवन किया जाए तो बच्चे सर्दी जुखाम से भी दूर हो सकते हैं.

नींबू का रस और काला नमक दोनों ही आपके बेहद काम आ सकता है. ऐसे में आप एक गिलास पानी में नींबू का रस और काला नमक मिलाएं. और बने मिश्रण का सेवन करें. ऐसा करने से बच्चों को खाना पचाने में मदद ले सकते है.

# क्या आयुर्वेद में सियाटिका का उपचार है?

**प्रश्न : मेरी उम्र 40 वर्ष है। पिछले दो माह से पैर के तलवों में बहुत जलन होती है। पाउडर लगाने या पैर को ठंडे पानी से धोने से भी आराम नहीं मिल रहा है। क्या यह कोई रोग का लक्षण है? कृपा कर बताएं !**

**-अप्पा राव, मेदक**

उत्तर : पादतल याने पैर के तलवों में जलन होने के कई कारण हो सकते हैं। मधुमेह, ऊपरी तंत्रिका शोथ( पेरिफेरल न्यूराइटिस), मदात्ययता, जीवनीय तत्वों का अभाव, पैर में पहनने वाले जूते- चप्पलों का टाइट होना, लेड विषाक्तता आदि कारण इनमें प्रमुख हैं। एक अच्छा वैद्य रोगी का पूरा परीक्षण कर, विभेदक निदान के माध्यम से सही निदान करता है। प्रमेह या मधुमेहजन्य उपद्रव का आसानी से रक्त परीक्षण से पता चल जाता है। यदि कारण मधुमेह हैं तब रक्तगत शर्करा का नियमन आवश्यक है। ऊंझा जांब्रोस टिकिया की दो-दो गोली, ऊंझा चंद्रप्रभा वटी की दो-दो गोली यदि ऊंझा वसंत कुसुमाकर रस के साथ ली जाए, तो कुछ ही दिनों में पैरों की जलन शांत हो जाती है। जलन के शांत होते ही नित्य व्यायाम की आदत डालें । हर रोज टहले । सक्रिय जीवन ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होने देता है।

**प्रश्न : पिछले वर्ष से मुझे सियाटिका सता रहा है। कमर से सीधे पैर तक दर्द बना रहता है। धीरे-धीरे पैर की तीन उंगलियों में नंबनेस आ गया है। क्या आयुर्वेद में इसका उपचार है?**

**- भवानी शंकर वर्मा, सिकंदराबाद**

उत्तर : जो पीड़ा कमर के अधो पृष्ठ भाग से प्रारंभ होकर जंघा के अग्रभाग से गुजरती है तथा पैर के मध्य अधोभाग एवं पाद के मध्य भाग तक जाती है उसे ₹गृध्रसीवात₹ याने सियाटिका कहते हैं। पैर की तीन उंगलियों में नंबनेस यानी सूनापन आने का कारण है गृध्रसी नाड़ी का शोथग्रस्त होना ।आयुर्वेद में स्थिति का उपचार है । एकौषधि में

* निर्गुंडी (संभालू) के पत्तों का काढ़ा 14 से 28 मिलीलीटर दिन में तीन बार प्रयोग करें राहत मिलेगी।

* रसोन पिंड (लहसुन का पेस्ट) एक ग्राम की मात्रा में 250 मिली लीटर दूध के साथ दिन में तीन बार लेने से गृध्रसी में बहुत आराम मिलता है।

* ऊंझा त्रयोदशांग गुग्गुलु दो से चार गोली, ऊंझा वात गजांकुश रस के साथ गुनगुने पानी से दिन में तीन बार लेने से राहत मिलती है ।



* ऊं झा महारास्नादि क्वाथ 20 मिलीलीटर दवा दिन में दो आधे कप गुनगुने पानी में मिलाकर, भोजन के बाद पीने से काफी आराम मिलता है।

* औरा का रुमाटाइज तैल या ऊंझा महानारायण तेल का अभ्यंग याने मालिश करने से तुरंत लाभ मिलता है।

कष्ट के समय आराम बेहद जरूरी है। वातवर्धक आहार-विहार से बचना आवश्यक है। सीधी ठंडी हवा, ज्यादा हलचल, रात्रि जागरण से बचें। गरिष्ठ भोजन से बचे। कंदमूल जैसे आलू, रतालू ,अरवी आदि न खाएं। चिकित्सा योग्य वैद्य के संरक्षण में कराएं - अवश्य लाभ होगा।

**प्रश्न : 18 वर्ष से 26 वर्ष तक मेरा मासिक धर्म बंद था। तब स्त्री रोग विशेषज्ञ की सलाह से मैंने गर्भनिरोधक टिकिया लेनी शुरू की इससे मासिक धर्म प्रारंभ हो गया। मैंने सुना है मासिक धर्म का समय से नहीं आना ऑस्टियोपोरोसिस की संभावना बढ़ाता है। क्या यह सही है? कृपा कर सुझाव देवें!**

**- श्रीमती कुमुदिनी राव, विजयवाड़ा**

उत्तर : मासिक धर्म का सीधा संबंध अंडाशय से स्रवित होने वाले हार्मोन इस्ट्रोजन से है। यदि इस्ट्रोजन कम बनता है तो वो सीधे मासिक धर्म को प्रभावित करता है। एस्ट्रोजन हार्मोन की कमी अस्थिसुषिरता याने ऑस्टियोपोरोसिस का कारण बनती है। ऐसे में हड्डियां कमजोर हो जाती है और भोतरी होने से अस्थि भंग का खतरा बना रहता है।

सोयाबीन, आलिया (चंद्रशूर), अशोक आदि में प्राकृतिक फाइटोएस्ट्रोजन मौजूद रहते हैं। अतः गेहूं के आटे में सोयाबीन या चंद्रशूर मिलाकर उसकी बनी रोटी खाना लाभ करता है। प्राकृतिक कैल्शियम के लिए आप दूध, दही व ऋतु फल जैसे सेव, अनार व सदा फल जैसे केला और नारियल का प्रयोग कर सकती हैं। ऊंझा नवरत्न कल्पामृत रस टेबलेट सुबह और शाम गाय के दूध से लेने पर अस्थिसुषिरता का खतरा समाप्त हो जाता है। इसके संग हर रोज कसरत करना व सुबह टहलना, संतुलित भोजन लेना आपको अनार्तव,कष्टार्तव, अत्यार्तव आदि के खतरों से बचाता है। औरा फेमीब्लेज्ह सिरप या ऊंझा सुंदरी संगिनी सिरप का प्रयोग मासिक धर्म को सामान्य बनाए रखने में अतीव उपयोगी सिद्ध हुआ है।

**डॉ च पुरुषोत्तम बिदादा**

Email : purushottambidada@gmail.com

आप अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का यदि आयुर्वेदिक इलाज चाहते हैं तो अपनी समस्या संक्षेप में हमें लिखकर भेजें। अपने पत्र पर नीचे दिया गया कूपन अवश्य चिपकाएं।

आयुर्वेदिक प्रश्नोत्तरी
स्वतंत्र वार्ता
396 लोअर टैंकबंड, हैदराबाद-80





# राहत भरे 100 दिन: पेट्रोल-डीजल की नई कीमतें जारी

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। पेट्रोलियम कंपनियों ने रोजाना की तरह सोमवार को भी सुबह छह बजे पेट्रोल-डीजल नए रेट जारी कर दी हैं। आज भी कच्चे तेल में राहत नहीं है। ब्रेंट क्रूड 100 डॉलर प्रति बैरल के पार ही चल रहा है। इसके बावजूद मेघालय और महाराष्ट्र को छोड़ राजस्थान, गुजरात, बिहार, मध्य प्रदेश ,उत्तर प्रदेश समेत सभी राज्यों में लगातार 100वें दिन भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। आज घर से निकलने से पहले अपने शहर के पेट्रोल-डीजल के रेट जरूर चेक कर लें कि सबसे सस्ता पेट्रोल-डीजल कहां बिक रहा है और आपके शहर में क्या हैं रेट? बता दें मेघालय सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर टैक्स बढ़ा दिया है, जिससे मेघालय के बिरनीहाट में पेट्रोल की दर अब 95.1 रुपये प्रति लीटर और शिलांग में 96.83 रुपये होगी। बिरनीहाट में डीजल की कीमत 83.5 रुपये प्रति लीटर और शिलांग में 84.72 रुपये होगी आपको बता दें कि पेट्रोल और डीजल की कीमत में क्रमशः 1.50 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। महाराष्ट्र में पेट्रोल-डीजल पर वैट कम होने के बाद अब देश में सबसे महंगा ईंधन राजस्थान के श्रीगंगानगर में है। इससे पहले महाराष्ट्र के परभणी में सबसे महंगा पेट्रोल मिलता था। श्रीगंगानगर की तुलना में पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 29.39 रुपये सस्ता है, वहीं डीजल भी 18.50 रुपये सस्ता है।

# एनएसई को-लोकेशन घोटाला : चित्रा रामकृष्ण की जमानत याचिका खारिज



नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की पूर्व सीईओ चित्रा रामकृष्ण की जमानत याचिका खारिज कर दी। चित्रा को 2009 से 2017 के बीच एनएसई कर्मचारियों के फोन टैपिंग से जुड़े को-लोकेशन मामले में गिरफ्तार किया गया था। राउज एवेन्यू कोर्ट की सीबीआई की विशेष न्यायाधीश सुनैना शर्मा ने 25 अगस्त को याचिकाकर्ता और मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की दलीलें सुनने के बाद रामकृष्ण की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा 6 मार्च को गिरफ्तार किए गए चित्रा रामकृष्ण को मुख्य रूप से जांच एजेंसी के इस तर्क पर कई बार जमानत से वंचित किया गया कि हाई-प्रोफाइल मामले में जांच चल रही है। को-लोकेशन घोटाला यह दर्शाता है कि कैसे कुछ ब्रोकर, जो एनएसई द्वारा दी गई को-लोकेशन सुविधा में अपने सर्वर को स्टॉक एक्सचेंज परिसर में रख सकते हैं, जिससे उन्हें बाजारों में तेजी से पहुंच मिल सके, एल्गोरिथ्म और अप्रत्याशित तरीके से लाभ कमाने के लिए इसका दुरुपयोग किया गया था। सीबीआई मई 2018 से मामले की जांच कर रही है। अप्रैल में, सीबीआई ने रामकृष्ण और एनएसई के पूर्व समूह संचालन अधिकारी आनंद सुब्रमण्यम के खिलाफ इस मामले में अपना पहला आरोप पत्र दायर किया था। 24 फरवरी को सुब्रमण्यम की गिरफ्तारी के बाद सीबीआई ने 6 मार्च को रामकृष्ण को गिरफ्तार किया। पहले के एक आदेश में, रामकृष्ण को जमानत देने से इनकार करते हुए, अदालत ने कहा था, प्रथम 2ष्टया, को-लोकेशन घोटाला प्रासंगिक समय पर एनएसई के सभी कार्यात्मक प्रमुखों की जानकारी और सक्रिय मिलीभगत के बिना संभव नहीं हो सकता था, इस अवधि को एनएसई के इतिहास में डार्क पीरियड माना जा सकता है। कोर्ट ने आगे कहा, यह भी देखा गया कि इस मामले को गंभीरता से देखने की जरूरत है, क्योंकि इसमें जनता के धन की भारी हानि शामिल है। इसे एक गंभीर अपराध के रूप में माना जाना चाहिए, जो पूरे देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहा है। जिससे देश के वित्तीय स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा हो रहा है।

# टमाटर 500 और प्याज 400 रुपये किलो

## आलू पहुंचा 120, परेशान पाकिस्तान भारत से कर सकता है आयात



लाहौर, 29 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के लाहौर और पंजाब प्रांत के अन्य हिस्सों में आए विनाशकारी बाढ़ के कारण विभिन्न सब्जियों और फलों की कीमतों में भारी उछाल के बीच पाकिस्तान सरकार भारत से टमाटर और प्याज का आयात कर सकती है।

बाजार के थोक व्यापारियों ने यह जानकारी दी। लाहौर बाजार के एक थोक व्यापारी जवाद रिजवी ने बताया, 'रविवार को लाहौर के बाजारों में टमाटर और प्याज की कीमत क्रमशः 500 रुपये और 400 रुपये किलो रहा। हालांकि, रविवार के बाजारों में टमाटर और प्याज समेत अन्य सब्जियां नियमित बाजारों की तुलना में 100 रुपये प्रति किलोग्राम कम कीमत पर उपलब्ध थीं।' उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में खाद्य पदार्थों की कीमतें और बढ़ेंगी क्योंकि बाढ़ के कारण बलूचिस्तान, सिंध और दक्षिण पंजाब से सब्जियों की आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है। रिजवी ने कहा, 'आगामी दिनों में प्याज और टमाटर की कीमत 700 रुपये प्रति किलो के पार हो सकती है। इसी तरह आलू की कीमत 40 रुपये किलो से बढ़कर 120 किलो हो गई है।' पता चला है कि सरकार वाघा सीमा के जरिए भारत से प्याज और टमाटर आयात करने के विकल्प पर विचार कर रही है।

# जीएसबी सेवा मंडल ने गणपति का करवाया 316 करोड़ का इंश्योरेंस



मुंबई, 29 अगस्त (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में गणपति उत्सव की काफी धूम होती है। मुंबई के कई मशहूर गणेश पंडालों की सजावट से लेकर प्रतिमा तक पर करोड़ों का खर्च आता है। ऐसे में कई गणेश मंडल इनका इंश्योरेंस भी कराते हैं। मुंबई के सबसे अमीर गणेश पंडाल गौड़ सारस्वत ब्राह्मण सेवा मंडल ने इस साल गणेश चतुर्थी समारोह के लिए रिकॉर्ड 316.40 करोड़ रुपए का इंश्योरेंस कराया है। मुंबई शहर के सबसे धनी गणेश मंडल में से एक किंग्स सर्कल, जीएसबी सेवा मंडल ने पांच दिवसीय उत्सव के लिए 316.4 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड इंश्योरेंस पॉलिसी ली है। मंडल ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी न्यू इंडिया एश्योरेंस से यह इंश्योरेंस लिया है। इसके साथ ही महा गणपति प्रतिमा को लगभग 66 किलोग्राम सोने के गहनों, और 295 से अधिक किलोग्राम चांदी और अन्य कीमती वस्तुओं से सजाया गया है।

जीएसबी सेवा मंडल ने अपने पंडाल, मूर्ति, आभूषण, स्वयंसेवकों, श्रमिकों, फलों, सब्जियों, किराने के सामान और फर्नीचर के लिए भी इंश्योरेंस कवर लिया है। इससे पहले जीएसबी ने 2016 में 300 करोड़ रुपए की पॉलिसी ली थी। गौड़ सारस्वत ब्राह्मण सेवा मंडल ने 2017 में 264.25 करोड़ रुपए और 2018 में 265 करोड़ रुपए का इंश्योरेंस करवाया था। साल 2019 में मंडल ने अपने पंडाल का 266.65 करोड़ रुपए का इंश्योरेंस कराया था।

**मंडल आने वाला हर भक्त बीमा कवर के अंतर्गत:** जीएसबी सेवा मंडल के अध्यक्ष विजय कामथ ने कहा कि बुधवार (31 जुलाई 2022) से शुरु होने वाले उत्सव के लिए सभी सार्वजनिक देनदारियां और मंडल आने वाले प्रत्येक भक्त इंश्योरेंस कवर के अंतर्गत आते हैं। मंडल ने हालांकि, प्रीमियम राशि का खुलासा करने से इनकार कर दिया। आयोजकों ने जानकारी दी, "316.40 करोड़ रुपये की यह पॉलिसी कई तरह के जोखिमों को कवर करती है। इसमें से 31.97 करोड़ रुपए में मूर्ति को सजाने वाले सोने, चांदी और आभूषण शामिल हैं। 263 करोड़ रुपए मंडल स्वयंसेवकों, पुजारियों, रसोइया, फुटवियर स्टॉल के कर्मचारी, पार्किंग कर्मी और सुरक्षा गार्ड के लिए व्यक्तिगत दुर्घटना कवर शामिल है।"

**स्पेशल रिस्क पॉलिसी के एक करोड़:** मंडल के एक प्रवक्ता ने कहा, "1 करोड़ रुपए आग और भूकंप के जोखिम के साथ स्पेशल रिस्क पॉलिसी में शामिल है। इसमें फर्नीचर, फिटिंग, कंप्यूटर, सीसीटीवी कैमरे, स्कैनर, बर्तन, किराना, फल और सब्जियां जैसे सामान शामिल हैं।

# बांग्लादेश में कश्मीरी सेब की आवक

## कुल उत्पादन का 20% सालाना बांग्लादेश भेजा जा रहा,हर साल डीलरों की संख्या भी बढ़ रही




श्रीनगर, 29 अगस्त (एजेंसियां)। कश्मीर के सेब न सिर्फ देशभर में पसंद किए जाते हैं, बल्कि विदेशों में भी इनकी मांग बढ़ रही है। पड़ोसी देश बांग्लादेश में रोज सेब से भरे 30 से ज्यादा ट्रक भेजे जाते हैं। बांग्लादेश से सैकड़ों व्यापारी कश्मीर में सेब खरीदने आते हैं। उत्तरी कश्मीर से कुल सेब उत्पादन का 20% सालाना बांग्लादेश भेजा जा रहा है। बांग्लादेश के सेब व्यापारी सिराजुद्दीन हर साल तीन महीने कश्मीर में बिताते हैं। सिराजुद्दीन गर्मियों की शुरुआत में यहां आते हैं और सेब की कटाई के मौसम तक यहीं रहते हैं। एशिया का दूसरा सबसे बड़ा फल बाजार माने जाने वाली सोपोर फल मंडी में स्थानीय उत्पादकों के साथ सिराजुद्दीन के संबंध अच्छे हैं। यहां के अधिकतम लोग उन्हें पहचानते हैं। वे सेब के करीब दो हजार बॉक्स कश्मीर से बांग्लादेश भेजते हैं। सिराजुद्दीन कहते हैं, 'मैं सेब खरीदने के लिए 7 साल से सोपोर मंडी आ रहा हूं। कश्मीरी सेब का दुनिया में कोई मुकाबला नहीं है। बांग्लादेश में कश्मीरी सेबों की भारी मांग है। पिछले कुछ सालों में बांग्लादेश कश्मीर के सेबों के लिए आला बाजारों में से एक बन गया है। स्थानीय व्यापारी बांग्लादेश पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, क्योंकि इससे उन्हें बेहतर रिटर्न मिलता है। उत्तरी कश्मीर फल उत्पादक यूनियन के अध्यक्ष फैयाज अहमद मलिक का कहना है कि कई व्यापारी यहां रहकर सेब खरीदते हैं, अन्य स्थानीय डीलरों के माध्यम से सेब आयात करते हैं। बांग्लादेशी व्यापारियों ने स्थानीय लोगों के बीच बहुत सम्मान पाया है और वे अपने व्यापार के प्रति ईमानदार हैं। उन्होंने कहा कि हमें यकीन है कि आने वाले सालों में बांग्लादेश कश्मीर सेब के सबसे बड़े उपभोक्ताओं में से एक बन जाएगा, क्योंकि हर साल डीलरों की संख्या बढ़ रही है। सेब उत्पादक मोहम्मद शाहबाज ने कहा कि बांग्लादेशी व्यापारी कश्मीर सेब का वाजिब दाम भी लगाते हैं। देश में हर साल सेब का 26 लाख मीट्रिक टन उत्पादन होता है, इसमें से 78% उत्पादन अकेले कश्मीर में होता है। कश्मीर घाटी में 3.38 लाख हेक्टेयर से ज्यादा एरिया पर फलों की खेती होती है, इसमें से 1.62 लाख हेक्टेयर में सेब उगाए जाते हैं।

# शीर्ष तीन आईटी कंपनियों ने दीं 50000 से ज्यादा नौकरियां

## पांच साल में और अधिक पैदा होंगे अवसर



नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। प्रमुख बाजारों से लगातार सौदे मिलने की वजह से देश की शीर्ष सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों ने जून तिमाही में 50,000 से अधिक नौकरियां दी हैं। हालांकि, कर्मचारियों के जल्द नौकरियां बदलने, मार्जिन दबाव, मानव संसाधन लागत और कर्मचारी संबंधी चुनौतियों ने आईटी उद्योग के लिए समस्या खड़ी कर दी है। क्षेत्र के विशेषज्ञों ने कहा कि प्रतिभाओं के लिए खींचतान तब तक जारी रहेगी, जब तक उद्योग के लिए तैयार मानव संसाधनों का बल उल्लेखनीय रूप से नहीं बढ़ जाता। आईटी कंपनियां मांग के अनुरूप खाली पद भरने में जुटी हैं। गैर-आईटी कंपनियां भी तकनीकी लोगों की तलाश में है ताकि डिजिटल दुनिया में रचे-बसे उनके ग्राहकों की जरूरतें पूरी हो सकें। शीर्ष-3 कंपनियों में इन्फोसिस ने जून तिमाही में सर्वाधिक 21,171 भर्तियां की हैं क्योंकि उसके यहां कर्मचारियों का पलायन बढ़कर 28.4% हो गया है। मार्च, 2022 में यह 27.7% था। विप्रो ने 15,446 पेशेवरों की भर्ती की। उसके यहां पलायन दर 23.3 फीसदी है। मार्च तिमाही में यह 23.8% व पिछले साल 15.5% था। टीसीएस ने 14,136 पेशेवरों को नौकरी दी। कंपनी में पलायन दर बढ़कर 19.7% हो गई, जो मार्च तिमाही में 17.4 फीसदी थी। टीमलीज डिजिटल के सीईओ सुनील सी बताते हैं, पांच वर्ष में प्रौद्योगिकी क्षेत्र में कुल 60 लाख नए रोजगार तैयार होंगे। हालांकि, आने वाले समय में आईटी कंपनियों पर मार्जिन का दबाव रहेगा क्योंकि सौदों का आकार नहीं बढ़ा है।

# खुशखबरी! आयुष्मान योजना में 5 लाख नहीं अब और भी ज्यादा मिल सकता है लाभ



नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। जहां एक तरफ राज्य सरकारें अपने-अपने स्तर पर अपने-अपने प्रदेशों के लिए कई तरह की लाभकारी और कल्याणकारी योजनाएं चलाती है। तो वहीं दूसरी तरफ केंद्र सरकार भी ऐसी कई योजनाओं का संचालन कर रही है, जो अलग-अलग राज्यों या पूरे देश के लिए होती है। ऐसी ही एक योजना है आयुष्मान भारत योजना, लेकिन अब इस योजना का नाम बदल दिया गया है। सिर्फ इतना ही नहीं बल्कि, नाम के अलावा इस योजना के अंतर्गत मिलने वाले लाभ को भी बढ़ाया गया है। देश में काफी संख्या में इस योजना से लोग जुड़े हैं, और मुफ्त में अपना इलाज करवा रहे हैं। ऐसे में अगर आप भी इस योजना के लाभार्थी हैं या योजना से जुड़ने वाले हैं, तो आपके लिए जानना जरूरी हो जाता है कि योजना में क्या बदलाव किए गए हैं। आप अगली स्लाइड्स में इस बारे में जान सकते हैं... दरअसल, कुछ समय पहले तक इस योजना का नाम आयुष्मान भारत योजना था, लेकिन अब इसका नाम 'आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना-मुख्यमंत्री योजना' कर दिया गया है। इस योजना के अंतर्गत कार्डधारक सूचीबद्ध अस्पतालों में अपना 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज करवा सकते हैं। योजना का नाम इसलिए बदला गया है, ताकि केंद्र के साथ मिलकर राज्य भी अपना सहयोग करने के साथ-साथ सह-प्रचार भी करें। वहीं, योजना के अंतर्गत कार्डधारक 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज करवा सकता है। वहीं, अब आयुष्मान भारत के अलावा कुछ राज्य सरकारें भी कार्डधारकों को मिलने वाले 5 लाख रुपये के लाभ से अलग मदद देगी। ऐसे में कार्डधारक को पहले से ज्यादा फायदे मिल सकते हैं। इसके अलावा अब ट्रांसजेंडर को भी इस आयुष्मान योजना से जोड़ा गया है, जो लाभ ले पाएंगे।

# स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के नाम पर आ रहा है फ्राड मैसेज?

## आपकी एक गलती से खाली हो जाएगा अकाउंट




नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। देश के अलग-अलग हिस्सों में इस समय कई ग्राहकों को एसबीआई के नाम पर मैसेज आ रहा है। ग्राहकों को भेज जा रहे है मैसेज में उनसे कहा जा रहा है कि उनका योनो अकाउंट डिएक्टिवेट कर दिया गया है। एसबीआई योनो अकाउंट को फिर से रिएक्टिवेट करने के लिए पैन की जानकारी देनी होगी। अगर आप भी उन लोगों में से हैं जिनके पास इस तरह का मैसेज आया है तो सावधान हो जाइए। क्योंकि आपकी एक गलती से आपका पूरा अकाउंट खाली हो सकता है। पीआईबी के फैक्ट चेक में पाया गया कि इस तरह का कोई भी मैसेज बैंक की तरफ से ग्राहकों को नहीं भेजा जा रहा है। पीआईबी की तरफ से ट्वीट करते हुए लिखा गया, 'एक गलत मैसेज एसबीआई के नाम पर भेजा जा रहा है। जिसमें लोगों से पैन से जुड़ी जानकारी मांगी जा रही है। इस तरह के मैसेज पर कोई भी जानकारी साझा ना करें। नहीं को आपका अकाउंट ब्लॉक हो सकता है।' बता दें, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया इस तरह की कोई जानकारी मैसेज के जरिए नहीं मांगता है। अगर आपको इस तरह का मैसेज आए तो आप report.phishing@sbi.co.in पर मेल भेजकर या फिर 1930 पर काल करके अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के डाटा के अनुसार वित्त वर्ष 2020-21 में 216 करोड़ रुपये का फ्रॉड एटीएम या डेबिट कार्ड के जरिए हुआ था।

# चांदी 1400 रुपये अधिक टूटी

## सोना भी हुआ सस्ता, 55000 से नीचे आई चाँदी



नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। सर्राफा बाजारों में सोमवार को सोने-चांदी के हाजिर भाव में बड़ी गिरावट देखने को मिल रही है। आज 24 कैरेट सोना 51231 रुपये पर खुला, जो शुक्रवार के बंद रेट से 437 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता है। वहीं, चांदी भी 1402 रुपये सस्ती होकर 54205 रुपये प्रति किलो के रेट पर खुली। अब शुद्ध सोना अपने ऑल टाइम हाई रेट से 56254 रुपये प्रति 10 ग्राम से 5023 रुपये सस्ता है। जबकि, चांदी अपने दो साल पहले के उच्च रेट 76008 रुपये प्रति किलो से 21803 रुपये सस्ती है। इसके अलावा 23 कैरेट गोल्ड की कीमत अब 51026 रुपये पर आ गई है। जबकि, 22 कैरेट 46928, 18 कैरेट 38423 और 14 कैरेट गोल्ड की कीमत अब 29970 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई है। इसमें जीएसटी और ज्वैलर का मुनाफा नहीं जुड़ा है। 24 कैरेट सोने पर 3 फीसद जीएसटी यानी 1536 रुपये जोड़ लें तो इसका रेट 52767 रुपये हो जा रहा है। वहीं ज्वैलर का 10 फीसद मुनाफा जोड़ने के बाद सोने का भाव 58044 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच जा रहा है। जीएसटी जोड़ने के बाद चांदी की कीमत 55831 रुपये प्रति किलो हो गई है। इसमें ज्वैलर का 10 से 15 फीसद मुनाफा अलग से है। यानी आपको 10 फीसद मुनाफा लेकर ज्वैलर करीब 61414 रुपये में देगा। 24 कैरेट का सोना 22 या 18 कैरेट सोने से बहुत अधिक महंगा होता है। यह इतना मुलायम और लचीला होता है कि इससे गहने नहीं बनाए जा सकते। इसके अलावा 24 कैरेट गोल्ड का इस्तेमाल सिक्कों व बार बनाने और इलेक्ट्रॉनिक्स और मेडिकल डिवाइसेज में उपयोग किया जाता है। 23 कैरेट गोल्ड पर भी 3 फीसद जीएसटी और 10 फीसद मुनाफा जोड़कर आपको मिलेगा 57812 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से। जबकि, 22 कैरेट सोने का भाव तीन फीसद जीएसटी के साथ यह 48335 रुपये का पड़ेगा। इससे बने जेवरों पर भी ज्वैलर्स का मुनाफा अलग से जोड़ने पर करीब 53169 रुपये का पड़ेगा। जहां तक 22 कैरेट सोने की बात है तो इसका अधिकतर उपयोग आभूषण बनाने में किया जाता है। क्योंकि, इस गोल्ड की बनी ज्वेलरी ज्यादा मजबूत बनती हैं। इसे 91.67 फीसद शुद्ध सोने के तौर पर जाना जाता है। इसमें दूसरी धातुएं जैसे ल्विर, जिंक, निकल और दूसरी मिश्रित धातुएं होती हैं। मिश्रित धातुओं के होने से यह कठोर बनता है और इसलिए इसे ज्वैलरी बनाने में इस्तेमाल किया जाता है। 18 कैरेट गोल्ड की कीमत 3 फीसद जीएसटी के साथ 39575 रुपये प्रति 10 ग्राम होगी। ज्वैलर का 10 पर्सेंट मुनाफा जोड़कर यह 43533 रुपये का पड़ेगा। 18 कैरेट सोने में 75 फीसद गोल्ड और 25 फीसद दूसरी धातुओं जैसे तांबा, चांदी मिला होता है। ऐसे सोने को स्टोन स्टडेड गहने बनाने और दूसरी डायमंड जुलरी बनाने में इस्तेमाल किया जाता है। यह 24 और 22 कैरेट के मुकाबले सस्ता व ज्यादा मजबूत होता है। इसका रंग हल्का पीला होता है। अब 14 कैरेट सोने का भाव जीएसटी के साथ यह 30869 रुपये प्रति 10 ग्राम पड़ेगा। इस पर 10 पर्सेंट मुनाफा जोड़ लें तो यह 33956 रुपये का पड़ेगा। बता दें 14 कैरेट के सोने में 58.1 फीसद शुद्ध सोना और बाकी दूसरी धातुओं का मिश्रण होता है।

# आज शेयर बाजार में बड़ी गिरावट

## 861 अंक गिरकर 57,972 अंक पर बंद हुआ, सोने-चांदी भी फिसले; डॉलर के मुकाबले कमजोर हुआ रुपया




नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। ग्लोबल मार्केट से मिले निगेटिव संकेतों से हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी आज सोमवार को भारतीय शेयर बाजार भारी गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 861 अंक गिरकर 57,972 अंक पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 246 अंक टूटकर 17,312 के स्तर पर क्लोज हुआ। सेंसेक्स के 30 में सिर्फ 22 शेयरों में गिरावट रही। वहीं दूसरी ओर सोने-चांदी में भी बड़ी गिरावट दिखने को मिली है। आज 24 कैरेट सोना 51,265 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। चांदी की बात करें तो ये आज 54,316 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। आज रुपया डॉलर के मुकाबले 10 पैसे कमजोर होकर 79.94 रुपए पर पहुंच गया है।

# कंफर्म ट्रेन टिकट के कैंसिलेशन पर जीएसटी

## कैंसिलेशन चार्ज पर 5% टैक्स, टिकट कैंसिल कराने पर कितना पैसा कटेगा

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। अगर आप कंफर्म ट्रेन टिकट को कैंसिल करवाते हैं, तो आपको इस पर गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) चुकाना होता है। फाइनेंस मिनिस्ट्री ने हाल ही में एक सर्कुलर जारी कर इस बात की जानकारी दी। अब हम आपको बताने जा रहे हैं कि कंफर्म ट्रेन टिकट को कैंसिल कराने पर आपको कितना जीएसटी देना होता है। फाइनेंस मिनिस्ट्री की टैक्स रिसर्च यूनिट के सर्कुलर के मुताबिक, टिकटों की बुकिंग एक 'कॉन्ट्रेक्ट' होता है। जिसके तहत सर्विस प्रोवाइडर (आईआरसीटीसी/इंडियन रेलवे) कस्टमर्स को सर्विसेस प्रोवाइड करता है। सर्कुलर में आगे बताया गया है कि जब पैसेंजर्स द्वारा इस कॉन्ट्रेक्ट का उल्लंघन किया जाता है।



# राकेश टिकैत बोले- विपक्ष प्रधानमंत्री बनने के सपने छोड़े

## कहा- केंद्र सरकार से लड़ने के लिए एक जुट होना पड़ेगा



बीकानेर, 29 अगस्त (एजेंसियां)। नरेंद्र मोदी सरकार के सामने किसानों के लिए लड़ने वाले राकेश टिकैत ने कहा है कि न्यूनतम खरीद मूल्य (एमएसपी) के लिए देशभर में बड़ा आंदोलन होगा। इसके उन्होंने विपक्ष की भूमिका का महत्वपूर्ण बताते हुए केंद्र सरकार पर हमला बोला। टिकैत यहां पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामेश्वर डूडी के यहां उनकी माताजी के निधन पर शोक व्यक्त करने आए थे।

बाद में पत्रकारों से बातचीत में टिकैत ने कहा कि किसान को फसल खरीद के लिए न्यूनतम खरीद मूल्य तय करना ही होगा। केंद्र सरकार को एमएसपी के लिए नए सिरे से नियम बनाने होंगे, ताकि किसान को उचित मूल्य मिल सके। वर्तमान एमएसपी से किसान का शोषण हो रहा है। बाजरा, मूंगफली, सरसों की खरीद एमएसपी पर होनी चाहिए। व्यापारी पहले फसल खरीदकर उसे होल्ड करता है, फिर बड़ी कीमत पर बेचता है। सरकार ने हाइवे निकालते हुए दो सौ मीटर में कोई दुकान नहीं खोलने की शर्त के खिलाफ लड़ना होगा। छोटे दुकानदार भी खतरे में है, उन्हें भी अपनी लड़ाई लड़नी होगी। उन्होंने कहा कि आने वाला समय छोटे दुकानदारों के एकजुट होने का है। सबसे ज्यादा खतरा इन्हीं दुकानदारों पर आने वाला है।

**विपक्ष एकजुट हो**

टिकैत ने कहा कि विपक्ष वाले भी कई प्रधानमंत्री बनना चाह रहे हैं। लेकिन कोई लड़ना नहीं चाह रहा है। जब तक लड़ाई नहीं लड़ेंगे तब तक ऐसा ही होता रहेगा। ईडी और सीबीआई केंद्र सरकार की कठपुतली की तरह काम कर रही है। विपक्ष को भी इससे परेशान होना ही पड़ेगा।

# वसुंधरा बोलीं- दोबारा मौका मिलता, तो अधूरे काम पूरे होते




जयपुर, 29 अगस्त (एजेंसियां)। बीजेपी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने कहा- राजस्थान में हमारी पिछली बीजेपी सरकार ने जनहित में कई अच्छे काम किए। जो पार्टी अच्छा काम करे, उसे दोबारा मौका मिलना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वह रविवार को जयपुर में अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा प्रतिभावान छात्र-छात्रा सम्मान समारोह में बोल रही थीं।

राजे ने कहा, 'हमें दोबारा मौका मिलता तो अधूरे काम पूरे होते और प्रदेश विकास की दृष्टि से बहुत आगे होता। आज पिछड़ रहा है। जिन लोगों ने प्रदेश को विकास में पीछे धकेला है, उन्हें अब मौका नहीं दें। जब वो चुनाव में आपके बीच आएंगे, तो उन्हें सबक सिखाने की जरूरत है।' नीचे दिए गए पोल में हिस्सा लेकर आप अपनी राय दे सकते हैं, फिर आगे पढ़िए- अलग-अलग मुद्दों पर पूर्व सीएम ने क्या कहा?

**कभी एक पार्टी को जिताते हैं, कभी दूसरी को, इसलिए दोनों को काम करने की जरूरत नहीं**

'मैं कभी-कभी देखती हूं कि जो आदत लोगों ने डाली है, कभी एक पार्टी को जिताते हैं, कभी दूसरी पार्टी को जिताते हैं। सबको मालूम हो गया है कि आज ये पार्टी जीतेगी, अगली बार वो पार्टी जीतेगी। तो क्या हो गया? इसको भी काम करने की जरूरत नहीं है, उसको भी काम करने की जरूरत नहीं है। तो नुकसान किसका है? इसलिए जरूरी है, जो अच्छा काम करता है उसको प्रोत्साहित करो और जो गलत काम करता है, उसको हटाओ। ये जरूरी है कि हम लोग प्रगति करें और अच्छे काम करें।

## कभी एक पार्टी जिताते हैं, कभी दूसरी, दोनों को काम करने की जरूरत नहीं

आजादी के 75 साल बाद आज भी पानी-बिजली-सड़क नहीं है। वो ही राग अलाप रहे हैं। हमारे बच्चों का आगे जाकर क्या होगा? कैसे नौकरियां मिलेंगी?, कैसे पढ़ेंगे, कैसे आगे बढ़ेंगे? इसलिए इन सब चीजों को हमें रोकने की जरूरत है। याद रखने की जरूरत है कि जो पार्टियां काम करती हैं, उनका साथ देना जरूरी है। ताकि जो काम अधूरा रह गया है, वो आगे बढ़े।'

**मोदी सरकार ने 2019 में पिछड़े सवर्णों के लिए 10% आरक्षण दिया**

'पिछली बीजेपी सरकार ने सवर्णों को आरक्षण देने के लिए विधानसभा में कानून बनाया। उसके बाद 2019 में मोदी जी की केंद्र सरकार ने पिछड़े सवर्णों के लिए 10 फीसदी आरक्षण लागू किया। इसके लिए हम सब मोदी जी के आभारी हैं। बीजेपी सरकार ने ही चित्तौड़गढ़ जिले के मातृकुंडिया में भगवान परशुराम का स्मारक बनाया। 550 करोड की लागत से प्रदेश के 125 मंदिरों, 110 करोड़ की लागत से 50 देवी-देवताओं और महापुरुषों के स्मारक बनाए।'

**सत्ता में बैठे लोग कुर्सी की चिंता में जनता की चिंता भूल गए**

'आज सत्ता में बैठे लोग कुर्सी की चिंता में जनता की चिंता भूल गए हैं। प्रदेश अराजकता के दौर से गुज़र रहा है। यहां न कोई सुनने वाला, न कोई देखने वाला और न कोई जनता की पीड़ा को समझने वाला है। जिस प्रदेश को पिछली बीजेपी सरकार विकास की राह पर लाई थी। उसे अब कोई तरक्की की राह पर ले जाने वाला नहीं है। जो प्रदेश हमारे वक्त में शिक्षा, स्वास्थ्य,सड़क, बिजली और जल संरक्षण में देश में आगे था, वो आज अपराध, महिला उत्पीड़न, दलित अत्याचार, भ्रष्टाचार, साम्प्रदायिक उन्माद में पहले नंबर पर है।'

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री काली चरण सराफ,सांसद राम चरण बोहरा, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा सहित कई नेता मौजूद रहे। इससे पहले समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधि चंद शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष कैलाश शर्मा ने राजे का स्वागत किया। इस मौके पर राजे ने समाज के प्रतिभावान स्टूडेंट्स को सम्मानित भी किया।

# जयपुर में बेसबॉल बैट से पीटकर ट्रांसजेंडर की हत्या



जयपुर, 29 अगस्त (एजेंसियां)। जयपुर के नाहरगढ़ थाना इलाके में देर रात 11.30 बजे एक ट्रांसजेंडर की बेसबॉल बैट से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 48 वर्षीय रमेश सिंह उर्फ रम्मो के रूप में हुई। घटना बगरू वालों के इलाके की है। जहां रम्मो कई सालों से कमरा किराए पर लेकर रहती थी। उसका मकान मालिक के बेटे नरेश सिंधी (32) से विवाद चल रहा था।

जांच में सामने आया कि नरेश सिंधी ने करीब 6 महीने पहले रम्मो के घर से पैसे चुराए थे। इसकी शिकायत नाहरगढ़ थाने में भी की थी। इस संबंध में नरेश सिंधी को थाने में बंद कर दिया गया था। बाहर आने के बाद इसका बदला लेने के लिए नरेश सिंधी बार-बार रमेश को परेशान किया करता था। रमेश को बार-बार मकान खाली करने और यहां से चले जाने के लिए भी दबाव बनाया जा रहा था।

एडिशनल डीसीपी नॉर्थ धर्मेंद्र सागर ने बताया कि देर रात नरेश सिंधी और रम्मो के बीच कोई विवाद हुआ। इसके बाद रात करीब 11:30 बजे नरेश सिंधी बेसबॉल बैट लेकर कमरे में घुसा। दोनों के बीच झगड़ा हुआ। इसके बाद नरेश सिंधी ने रम्मो के सिर पर बेसबॉल बैट से ताबड़तोड़ हमले कर दिए। लहूलुहान हालत में रम्मो को आसपास के लोग एसएमएस लेकर पहुंचे। जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

धर्मेंद्र सागर ने बताया कि बताया कि घटना के बाद आरोपी नरेश सिंधी को राउंड अप कर लिया गया है। वहीं, नरेश सिंधी के खिलाफ धारा 302 हत्या में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सीएम के ओएसडी की नहीं होगी गिरफ्तारी

## फोन टैपिंग पर 9 नवम्बर को आएगा फैसला

## दिल्ली हाईकोर्ट ने लोकेश को दी राहत बरकरार रखी



जयपुर, 29 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में दो साल पहले कांग्रेस में बगावत से हुए सियासी संकट के समय फोन टैपिंग से जुड़े केस में अब 9 नवंबर को फैसला आएगा। तब तक सीएम के ओएसडी लोकेश शर्मा को गिरफ्तारी से राहत बरकरार रखी गई है। हाईकोर्ट में आज करीब दो घंटे तक बहस चली।

लोकेश शर्मा की तरफ से अभिषेक मनु सिंघवी ने पैरवी की। राज्य सरकार ने भी इस केस में पक्ष रखने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता को भेजा था। लोकेश शर्मा की तरफ से बहस पूरी कर ली गई है। गजेंद्र सिंह शेखावत और दिल्ली पुलिस की तरफ से अब आगे बहस और होनी है। गत 14 जुलाई को सुनवाई आज के लिए टल गई थी।

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की शिकायत के बाद दिल्ली क्राइम ब्रांच ने 21 मार्च 2021 को लोकेश शर्मा और अज्ञात पुलिस अफसरों के खिलाफ केस दर्ज किया था। दिल्ली क्राइम ब्रांच में दर्ज इस केस को खारिज करने की मांग करते हुए लोकेश शर्मा ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसके बाद लोकेश शर्मा को गिरफ्तारी से छूट मिली हुई है। दिल्ली क्राइम ब्रांच ने 13 मई को लोकेश शर्मा को बुलाकर पूछताछ की थी, इससे पहले मार्च में भी पूछताछ के लिए पेश हुए थे।

**पायलट खेमे की बगावत के समय से शुरू हुआ था विवाद**

जुलाई 2020 में सचिन पायलट खेमे की बगावत के समय विधायकों की खरीद-फरोख्त का दावा करते हुए गहलोत खेमे की तरफ से कुछ ऑडियो जारी किए गए थे। उन ऑडियो में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की कांग्रेस विधायक भंवरलाल शर्मा से सरकार गिराने के संबंध में बातचीत का दावा किया गया था। एक दूसरा ऑडियो पर्यटन मंत्री विश्वेंद्र सिंह का एक कारोबारी से बातचीत का भी था। ये ऑडियो सीएम के ओएसडी ने मीडिया को भेजे थे। बीजेपी ने उस समय सरकार पर विधायकों के फोन टैप करवाने के आरोप लगाए थे। 34 दिन की बाड़ेबंदी के बाद पायलट खेमे से सुलह हो गई। यह मामला एकबार ठंडा पड़ गया था।

बीजेपी विधायक कालीचरण सराफ के विधानसभा सवाल का लिखित जवाब आने के बाद मार्च 2021 में फोन टैपिंग विवाद फिर उठ खड़ा हुआ। गृह विभाग ने सवाल के जवाब में लिखा था- लोगों की सुरक्षा या कानून व्यवस्था को खतरा होने पर सक्षम अधिकारी की अनुमति लेकर फोन सर्विलांस पर टैप किए जाते हैं।

# एमपी के विधायक जीतू पटवारी बोले- महंगाई ऐसे बढ़ी तो श्रीलंका जैसा हाल होगा

## कहा- मोदी राज में गुलामों की तरह विधायकों की खरीद-फरोख्त की मंडी लग गई




जयपुर, 29 अगस्त (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के पूर्वमंत्री और कांग्रेस नेता जीतू पटवारी ने महंगाई और सरकारें गिराने के मुद्दे पर केंद्र सरकार और बीजपी को निशाने पर लिया है। जीतू पटवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री हमारा है, देश हमारा है लेकिन दुख की बात यह है कि सबसे झूठा प्रधानमंत्री भी हमारा ही है। अगर महंगाई इसी रफ्तार से चली तो भारत के हालात भी श्रीलंका जैसे हो जाएंगे। बीजेपी के अंधे लोगों को महंगाई नही दिख रही है। जीतू पटवारी प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय (PCC) में मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

पटवारी ने कहा कि मोदी उस समय कहते थे कि अटल बिहारी वाजपेयी ने जहां महंगाई छोड़ी वहां ले आओ, तो अब हमारा सवाल है कि मनमोहन सिंह के समय महंगाई जहां थी प्रधानमंत्री उसे वहां तक तो लेकर जाएं।

**मोदी राज में विधायकों की मंडी लगी, गुलामों की तरह विधायकों की खरीद**

जीतू पटवारी ने कहा- नरेंद्र मोदी के रहते इस देश में विधायकों की मंडी क्यों लग गई? आदिकाल में गुलाम खरीदे और बेचे जाते थे, उसी तरह विधायकों की मंडी लगा दी। आदिकाल में इंसान खरीदे बेचे जाते थे, बाद में सभ्य समाज में इंसानों की खरीद बिक्री पर रोक लगानी पड़ी। लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता जनप्रतिनिधियों को चुनकर भेजती है, विधायक और सांसद इसलिए चुने जाते हैं कि वे श्रेष्ठ होते हैं। नरेंद्र मोदी के आने के बाद 400 से ज्यादा विधायकों ने दल बदले, जिनमें कहीं 50 करोड़, कहीं 35 करोड़, कहीं 22 करोड़ में विधायकों की सौदेबाजी हुई। 11 राज्यों में यह खेल चला।

**डॉलर के मुकाबले रुपया मोदी के उम्र से ज्यादा**

जीतू पटवारी ने कहा-देश में पिछले 45 साल के रिकॉर्ड को देखें तो आज सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। देश का 42 प्रतिशत युवा बेरोजगार है। पाकिस्तान और श्रीलंका जैसे देशों में भी आटे तेल पर टैक्स नही है, हमारे देश मे लग रहा है। क्या कारण है कि डॉलर के मुकाबले रुपया मोदी की उम्र से बड़ा हो गया है।

चार साल बाद अग्निवीर वापस आएंगे तो क्या हाल होंगे

पटवारी ने अग्नवीर स्कीम पर सवाल उठाते हुए कहा कि चार साल बाद अग्निरक्षक के तौर पर भर्ती होने वाले जब बाहर आएंगे तो क्या हाल होंगे? जब सामान्य लोग संविदाकर्मियों के आंदोलन बड़े होते है तो अग्निवीर बाहर आएंगे तो क्या होगा। यह स्कीम देशहित में नहीं है।

# मुआवजे के लिए डंडा लेकर सड़क पर उतरे, हाईवे जाम

**टैंक में हुई थी 4 की मौत; जयपुर, अजमेर, भीलवाड़ा और कोटा रोड ब्लॉक**



अजमेर, 29 अगस्त (एजेंसियां)। 13 साल के लड़के को बचाने के लिए टैंक में कूदे 4 युवकों की मौत का मामला गरमा गया है। समाज और परिवार का आरोप है कि पास में ही गैस प्लांट है, जिसकी वजह से इन युवकों की मौत हुई है। मुआवजे की मांग को लेकर रविवार शाम से ही धरना-प्रदर्शन का दौर जारी है। शव को भी नहीं उठाया गया है।

सोमवार दोपहर करीब एक बजे डंडे लेकर सड़क पर उतरे लोगों ने अजमेर का नसीराबाद बाजार बंद कराया। साथ ही, हाईवे जाम कर दिया है। इससे अजमेर, जयपुर, भीलवाड़ा व कोटा आने-जाने वालों का रास्ता ब्लॉक हो गया है।

**मांगों पर अड़े प्रदर्शनकारी**

पुलिस-प्रशासन ने समझाने की खूब कोशिश की, पर मुआवजे की मांग पर अड़े प्रदर्शनकारियों ने एक न सुनी। नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लाम्बा भी मौके पर पहुंचे और मुआवजा देने की मांग की। सांसद भागीरथ चौधरी भी मौके पर ही हैं। देवसेना के जिलाध्यक्ष सांवरलाल गुर्जर ने कहा कि चारों मृतक परिवारों को दस-दस लाख रुपए जब तक नहीं दिए जाएंगे, जाम नहीं खोला जाएगा।

**अलग-अलग हिस्सों में रोड ब्लॉक**

अजमेर से नसीराबाद में एंट्री, नसीराबाद से कोटा चौराहा, नसीराबाद से दिलवाड़ी जयपुर चौराहे पर जाम लगाया गया है। पूरी तरह अजमेर, जयपुर, भीलवाड़ा व कोटा मार्ग पर चक्का जाम हो गया है। रोडवेज बसें व वाहन फंस गए हैं।

इससे पहले सोमवार सुबह नसीराबाद के निकट लवेरा गांव में गुर्जर समाज के लोग इकट्ठे हुए और बैठक की। समाज के नेताओं ने अनिश्चित काल के लिए नसीराबाद बंद का निर्णय लिया।

**मौके पर कांग्रेस व भाजपा के नेता पहुंचे**

विवाद के बाद बीजेपी से अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी, बीजेपी से नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लांबा, गुर्जर नेता व नसीराबाद के कांग्रेस के पूर्व विधायक महेन्द्र गुर्जर, अजमेर की पूर्व जिला प्रमुख रहीं सरिता गैना , देवसेना के जिलाध्यक्ष सांवरलाल गुर्जर आदि दिलवाड़ी चौराहे पर पहुंच गए हैं।

# पत्नी के हाथ-पैर बांधे, प्राइवेट पार्ट पर मारे चाकू

**शरीर पर 10 वार किए, मां को देख चिल्लाने लगी बेटी**

अलवर, 29 अगस्त (एजेंसियां)। पत्नी से झगड़े के बाद पति इतना गुस्से में आ गया कि उसके हाथ-पैर बांध चाकू से हमला कर दिया। एक के बाद एक पेट व गर्दन पर 10 वार किए। इसके बाद वह प्राइवेट पार्ट पर हमला कर दिया। इस हमले के बाद वह बुरी तरह से घायल हो गई। मामला अलवर सदर थाना क्षेत्र के चिकानी के पास नाहरपुर गांव का है।

घटना सुबह 4 बजे की है। पुलिस के अनुसार नाहरपुर गांव निवासी दीपिका की शादी 13 साल पहले रतन से हुई थी। दोनों के एक 8 साल का बेटा और 12 साल की बेटी है। बताया जा रहा है कि रतन शराब का आदि था। इसको लेकर उसकी पत्नी दीपिका कई बार टोक चुकी थी। रविवार रात भी इसी बात को लेकर झगड़ा हुआ।

तड़ते 4 बजे दीपिका अपने बच्चों के साथ गहरी नींद में सो रही थी। इसी दौरान रतन आया और पत्नी के हाथ-पैर पलंग से बांध दिए। इसके बाद वह पेट व गर्दन पर चाकू से हमला करने लगा। इसके बाद प्राइवेट पार्ट पर भी कई बार हमला किया। इस हमले में वह बुरी तरह से जख्मी हो गई। अभी उसका अलवर के डिस्ट्रीक्ट हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।

**10 बार चाकू मारे, कमरे में खून ही खून**

हमले के दौरान दीपिका चिल्लाने लगी। तभी पास सो रही 12 साल की बेटी आवाज सुनकर जागी। मां पर हमला होते देख वह घर से भागी और करीब 200 मीटर दूर ही मामा के घर पहुंची। मामा को घटना के बारे में बताया तो वे मौके पर पहुंचे। यहां वह खून से सनी हुई थी। इस पर परिजन उसे अलवर हॉस्पिटल में ले गए।

# राजस्थान में 7 दिन बाद फिर एक्टिव होगा मानसून

## चार जिलों में आज हो सकती है बरसात

## झालावाड़ में सबसे ज्यादा 1178 मिमी बारिश



जयपुर, 29 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में बारिश का दौर धीमा पड़ गया है। एक सप्ताह तक राज्य में बारिश के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। राज्य के कई हिस्सों में अगले 2-3 दिन में तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है। लोगों को गर्मी के तेवर फिर झेलने पड़ सकते हैं। राजस्थान में इस मानसून सीजन में अब तक सामान्य से 49% ज्यादा बरसात हो चुकी है, जो साल 2019 के बाद सर्वाधिक है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पाकिस्तान की तरफ से आने वाली वेस्टर्न विंड धीरे-धीरे एक्टिव हो रही है। वातावरण में नमी धीरे-धीरे कम हो रही है। इसके अलावा बंगाल की खाड़ी में भी अब कोई नया साइक्लोनिक सिस्टम नहीं बन रहा। इन परिस्थिति के कारण राज्य में अगले 7 दिन तक तेज बरसात होने के कोई आसार नहीं है।

उन्होंने बताया कि मौसम शुष्क रहने से वेस्टर्न राजस्थान के कई हिस्सों में अगले 2-3 दिन में दिन का तापमान 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है, जिससे गर्मी बढ़ेगी। हालांकि इस बीच कहीं-कहीं हल्के बादल छाने और बूंदाबांदी हो सकती है।

**अगले दो दिन कोटा संभाग में बूंदाबांदी संभव**

मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक ने बताया कि 30 अगस्त को पूर्वी राजस्थान के कोटा संभाग (कोटा, झालावाड़, बूंदी, बारां) में कहीं-कहीं बूंदाबांदी होने की संभावना है। बूंदाबांदी का दौर एक-दो दिन तक जारी रह सकता है, जिससे यहां मौसम शुष्क हो जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में मौसम की परिस्थितियां किसानों के लिए अनुकूल है।

**40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है तापमान**

मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी राजस्थान में जिस तरह से वेस्टर्न विंड आ रही है, उससे अनुमान है कि अगले 2-3 दिन में राज्य के पश्चिमी हिस्सों में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। पिछले 24 घंटे की रिपोर्ट देखें तो दिन का सबसे अधिक तापमान 37.3 डिग्री सेल्सियस श्रीगंगानगर जिले का दर्ज हुआ है। राजस्थान में इस मानसून सीजन में अब तक सामान्य से 49% ज्यादा बरसात हो चुकी है, जो साल 2019 के बाद सर्वाधिक है। साल 2019 में पूरे मानसून सीजन में 583.6मिमी औसत पानी बरसा था, जबकि इस बार 28 अगस्त तक 538.5मिमी औसत बरसात हो चुकी है। वहीं जिलेवार इस बार बारिश की स्थिति देखें तो झालावाड़ में सबसे ज्यादा 1178मिमी बरसात अब तक हो चुकी है, जबकि सबसे कम बारिश 295मिमी हनुमानगढ़ जिले में हुई है।

# 23 मिनट में 12 करोड़ का सोना लूटा

**उदयपुर में गोल्ड लोन कंपनी में डकैती; बदमाशों ने कर्मचारियों को लात-घूंसों से पीटा**

उदयपुर, 29 अगस्त (एजेंसियां)। उदयपुर में मणप्पुरम गोल्ड लोन के ऑफिस में 5 हथियारबंद बदमाश घुस गए। लुटेरे 24 किलो सोना और 11 लाख रुपए कैश लूट ले गए। शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र के सुंदरवास इलाके में दिनदहाड़े हुई वारदात से सनसनी फैल गई। बदमाश नकाब पहने हुए थे। वे सोमवार सुबह 9.20 बजे पर घुसे और 9.43 बजे लूटपाट करके निकल गए।

कंपनी ने जिस बॉक्स में गोल्ड के गहने-जेवरात रखे थे, उसमें जीपीएस ट्रैकर लगा रखा था। दिलचस्प है कि लुटेरे ट्रैकर निकालकर वहीं फेंक गए ताकि उन्हें ट्रेस न किया जा सके। बताया जा रहा है कि कंपनी के इस ऑफिस में 1100 लोगों का सोना जमा था।

# जयपुर में पड़ोसी ने किया नाबालिग से रेप



जयपुर, 29 अगस्त (एजेंसियां)। जयपुर में पड़ोसी युवक के नाबालिग से रेप का मामला सामने आया है। पिछले पांच सालों तक डरा-धमकाकर आरोपी पड़ोसी उससे दुष्कर्म करता रहा। ब्लैकमेल कर घर से भी रुपए मंगवाकर ऐंठता रहा। सदर थाने में पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। एसएचओ पृथ्वीपाल सिंह ने बताया कि अजमेर रोड निवासी 22 साल की युवती ने मामला दर्ज कराया है। वर्ष 2016 में वह 16 साल की थी। पड़ोस में रहने वाले लड़के से उसकी दोस्ती थी। दोस्त और पड़ोसी होने के कारण उसका घर पर आना जाना था। नाबालिग होने के दौरान घर में अकेला पाकर आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती रेप किया। जिसके बाद डरा-धमकाकर लगातार उससे रेप करने लगा। विरोध करने पर मारपीट भी करता था। पिछले 5 सालों तक उसके साथ डरा-धमकाकर मारपीट कर रेप करता रहा। अश्लील वीडियो बनाने की धमकियां देता। ब्लैकमेल कर उससे घर से करीब 60 हजार रुपए भी मंगवाकर हड़प लिए। आरोपी के झोटवाड़ा रहने के दौरान साल 2021 में उससे दूरी बना ली। जिसके बाद कॉल कर गाली-गलौच कर धमकियां देने लगा। परेशान होकर पीड़िता ने परिजनों को आपबीती सुनाई।

# सीरवी समाज शेरीलिंगमपल्ली का भादवा सुदी बीज महोत्सव सम्पन्न



हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। शेरीलिंगमपल्ली स्थित पी.जे.आर. एनक्लेव श्री आईमाता मंदिर में श्री आईमाँ के 607वें अवतरण दिवस व नवाँ वार्षिकोत्सव पर दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत भादवा सुदी बीज महोत्सव भव्यरुप से आयोजित किया गया। समाज के अध्यक्ष मनोज बर्फा व विनोद गेहलोत ने बताया कि रविवार 28 अगस्त भादवा सुदी एकम् आईमाताजी के मंदिर को पुष्प माला व लाइटिंग से सजाकर श्री आईजी का विशेष श्रृंगार किया गया। सायं 4.15 बजे से महिला मंडल अध्यक्षा इन्द्रा गेहलोत व महिला मंडल द्वारा विशेष रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। रात्रि 9.15 बजे से पूजा-अर्चना, साँची ज्योत प्रज्वलितकर, महाआरती के पश्चात् जागरण का आयोजन किया गया। इसमें भंवर सीरवी ने आई माँ के चरणों मे भजनों के पुष्प अर्पित किये। सोमवार 29 अगस्त भादवा सुदी बीज प्रात: वेला मे समाज बन्धुओं ने श्री आईमाताजी के चरणों मे श्रद्धा के पुष्प व श्रीफल भेंट करते हुए दर्शन व प्रसाद का लाभ लिया। कार्यक्रम मे पधारे सम्मानित अतिथियों व समाज के भामाशाहों का विशेष सम्मान किया गया। कोषाध्यक्ष विनोद गेहलोत ने आय-व्याय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। अवसर पर अध्यक्ष मनोज बर्फा ने पधारे सभी समाज बंधुओ को बीज महोत्सव की बधाई दी। सचिव हनुमानराम चोयल के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन्न हुआ।

# कीमतों में बढ़ोतरी के खिलाफ 4 सितंबर को विरोध प्रदर्शन करेंगे : वीएच



हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस नेता वी. हनुमंत राव ने आज कहा कि उनकी पार्टी 4 सितंबर को देश और तेलंगाना में मूल्य वृद्धि के खिलाफ राज्य भर में व्यापक विरोध कार्यक्रम आयोजित करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी राज्य में व्यापक चुनाव प्रचार करेगी। आगामी उपचुनाव में मुनुगोडु विधानसभा क्षेत्र के निवासियों के वोट मांगने के लिए। उन्होंने कहा कि वे लोगों को देश में भाजपा द्वारा किए जा रहे कुप्रयासों के बारे में बताएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सांप्रदायिक दंगों का सहारा ले रही है क्योंकि वह महंगाई के मुद्दे पर लोगों का सामना करने में सक्षम नहीं है। उन्होंने कहा कि वे जल्द ही मुनुगोडु में अपनी पार्टी के उम्मीदवार की घोषणा करेंगे। वीएच ने अगले विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी पार्टी नेताओं की एकता पर जोर दिया।

# विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ खेल में भी उत्कृष्ट बनना जरूरी : न्यायमूर्ति बी. चंद्रकुमार




हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी. चंद्रकुमार ने कहा कि देश सभी क्षेत्रों में तभी विकास कर सकता है जब वह खेल के साथ-साथ शिक्षा में भी उत्कृष्ट हो। वह तेलंगाना नागरिक परिषद् राज्य विभाग के तत्वावधान में सोमवार को दोमलगुडा के एवी कॉलेज ऑफ आर्ट्स साइंस एंड कॉमर्स ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे। यह सुझाव दिया जाता है कि खेल खेलने से मानसिक तनाव से छुटकारा मिल सकता है। खेलकूद की वजह से सरकारी, राज्य, केंद्र, नौसेना और सेना की नौकरियों में कई अवसर हैं, उन्होंने सुझाव दिया कि सभी को खेलों में भाग लेकर शीर्ष पर पहुंचना चाहिए। उस्मानिया विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय के डीन और शारीरिक शिक्षा के प्रोफेसर बी. सत्यनारायण ने कहा कि उन्होंने कई वर्षों से खेल के क्षेत्र में जो योजनाएं और उपलब्धियां हासिल की हैं। तेलंगाना नागरिक परिषद् के अध्यक्ष डॉ. राजनारायण मुदिराज ने कहा कि प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद मेमोरियल अवार्ड 2022 इस बार राज्य का एकमात्र पुरस्कार है। कालेज के प्रीन्सिपल डॉ. सीएच. राजलिंगम, शारीरिक शिक्षा विभाग के एचओडी के वेंकन्ना, टीसीसी ग्रेटर हैदराबाद के अध्यक्ष एनआर लक्ष्मण राव गुप्ता, डॉ. जी. भास्कर यादव, आर. नागराज, एम. भास्कर रेड्डी, भारद्वाज, कार्यक्रम समन्वयक दिल्ली शिवकुमार, हेमंत बतूला, मनासा के साथ एनसीसी और एथलीट मौजूद थे। इसमें एनसीसी व एनएसएस के कई छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

# मिधानि में मिडिल लेवल मैनेजमेंट के लिए मिड-कैरियर ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन



हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मिश्र धातु निगम लिमिटेड (मिधानि) द्वारा मध्य स्तर के प्रबंधन के लिए मध्य-कैरियर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक और सीवीसी के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित किया गया जिसमें दो दिन निवारक सतर्कता मॉड्यूल और एक दिवसीय आउटबाउंड प्रशिक्षण शामिल है। आउटबाउंड प्रशिक्षण अंतर्गत स्वामी रामानंद तीर्थ ग्रामीण संस्थान, जलालपुर और बोदन पोचमपल्ली-बुनाई संग्रहालय का दौरा किया। वहाँ हथकरघा कर्मियों, किसानों के साथ बातचीत की और गांव में धान के खेतों का दौरा किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य यह रहा कि मध्यम स्तर का प्रबंधन अपनी मुख्य दक्षताओं का विकास कर सकें, संगठन के विकास के लिए उसका उपयोग अपने कौशल और विशेषज्ञता के क्षेत्र में सफलता हासिल कर सके। प्रशिक्षण के दौरान आंतरिक और बाह्य संकाय व विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न आत्म-विकास, टीम विकास और संगठनात्मक विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन तथा प्रतिभागिता प्रमाण पत्र वितरण समारोह 29 अगस्त 2022 को आयोजित किया गया। समापन कार्यक्रम में डॉ. संजय कुमार झा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, मिधानि, डॉ. उप्पेदर वेन्नम, मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री ए. रामकृष्ण राव, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) और श्री टीजे राव, उप महाप्रबंधक (प्रशासन) ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का संचालन श्री पवन कुमार, उप प्रबंधक (सीओई) द्वारा किया गया। सभी प्रतिभागियों ने कार्यक्रम पर अपने विचार एवं प्रतिक्रिया व्यक्त की। सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया।



**श्री रामदेव कीर्तन संगम मंदिर ट्रस्ट, रामदेवरादरबार शिवरामपल्ली के तत्वावधान में भादवा सुदी दूज के उपलक्ष्य में आयोजित हवन कार्यक्रम में भाग लेते हुए मुख्य अतिथि समाजसेवी गोपाल बलदेवा, हीरालाल, कमल सोनी, श्याम गिलडा व अन्य।**

# प्रेरणा संस्था द्वारा इको फ्रेंडली गणेश मूर्तियों का मुफ्त वितरण



हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। प्रेरणा संस्था द्वारा गणेश चतुर्थी के शुभावसर पर इको फ्रेंडली गणेश मूर्तियों का मुफ्त वितरण किया गया। यहां पर जारी प्रेस विज्ञप्ति में श्रीमती पूजा गुप्ता ने उपरोक्त आशय की जानकारी दी। मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद श्रीमती पावनी विनय कुमार उपस्थित हुई तथा अतिथि के रूप में सेशु भारद्वाज उपस्थित हुए। उपरोक्त कार्यक्रम जोकि अशोकनगर कल्चरल एंड वेलफेयर एसोसिएशन स्थान पर रखा गया। इस अवसर पर प्रेरणा संस्था संस्थापिका श्रीमती पूजा गुप्ता ने उपस्थित सभी को अग्रिम रूप से गणेश चतुर्थी की बधाई दी। इस अवसर पर बी. सूर्यप्रकाश, निर्मला संघी, पद्मावती एवं अन्य महिला मंडल व कल्चरल सोसायटी के सदस्य उपस्थित रहे।



**काचीगुडा स्थित जिनेश्वरधाम में पर्युषण महापर्व अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में श्री शांतिनाथ भगवान के दर्शन करते हुए केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी, पार्षद उमा रमेश यादव। इस शुभावसर पर अतिथियों का अभिनंदन करते हुए श्री अचलगच्छ जैन संघ के चेयरमैन रमण नागडा, ट्रस्टी हेमांग मोमाया व अनीष छेडा, प्रचार संयोजक रिद्धीश जागीरदार, वैशाली शाह, खुशाली नागडा, अवनी छेडा, फालगुनी नागडा, विजया काराणी, हिना गाला, भावना छेडा, नम्रता व अन्य।**

# धार्मिक व्यक्ति में प्राणीमात्र के प्रति होती है करुणा : साध्वी त्रिशला कुमारी



हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। आचार्य श्री महाश्रमण की विदुषी शिष्या साध्वी श्री त्रिशला कुमारी जी के सान्निध्य में तेरापंथी सभा सिकंदराबाद द्वारा पर्युषण महापर्व का छठा दिन "जप दिवस" के रूप में मनाया गया। साध्वी श्री सम्प्रति प्रभा जी ने समसामायिक विषय पर प्रस्तुति दी। 'मंत्र दिवस' पर अपने विचार व्यक्त करते हुए साध्वी रश्मिप्रभा जी ने कहा कि मंत्र एक औषधी है जो न केवल हमारे तन को स्वस्थ करती है बल्कि हमारे मन और भावों को भी स्वस्थ बनाती है। साध्वी श्री जी ने कुछ चामत्कारीक मंत्र भी बताये। साध्वी श्री कल्पयशा जी ने इतिहास के उजले पृष्ठों को उजागर करते हुए अष्टम आचार्य पूज्य कालूगणी के रोचक संस्मरण सुनाये।

साध्वी श्री त्रिशला कुमारी जी ने कहा कि एक धार्मिक व्यक्ति की मूल पहचान होती है कि उसके भीतर कितनी करुणा है दया की भावना कितनी है। आत्मोपम्य की भावना कितनी है? एक धार्मिक व्यक्ति के भीतर प्राणीमात्र के प्रति करुणा का स्रोत बहता है। उसका चिंतन होता है कि जैसी पीड़ा मुझे होती है वैसी पीड़ा अन्य व्यक्ति को होती है। इसलिए वो किसी का बूरा तो कर ही नहीं सकता है बल्कि दूसरों के सुख के लिए अपने सुख को भी गौण कर देता है। श्री जैन सेवा संघ के अध्यक्ष गौतम गुगलिया ने सेवाओं का उल्लेख करते हुए साध्वी श्री जी से नेकलेस रोड स्थित जल विहार में सामूहिक क्षमायाचना समारोह में पधारने की विनीती की। कार्यक्रम का संचालन साध्वी कल्पयशा जी ने किया।

# वरिष्ठ पत्रकार नागेश्वर राव को मिली पीएचडी की उपाधि



हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। वरिष्ठ पत्रकार वाई. नागेश्वर राव को उस्मानिया विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया है। आचार्य डॉ. डी. चंद्रशेखर रेड्डी की देखरेख में आधुनिक तेलुगु साहित्य पर वाई. नागेश्वर राव द्वारा शोध पत्र प्रस्तुत किया गया। वाई नागेश्वर राव का जन्म 1964 में रंगारेड्डी जिले के कोहेड़ा गांव के अंडालू और नरसिंहमा दंपत्ति के घर हुआ था। वे 33 वर्षों से पत्रकारिता के पेशे में है। तेलंगाना सरकार ने वर्ष 2018 में उन्हें सर्वश्रेष्ठ पत्रकार के रूप में 1 लाख 16 लाख रुपये के राज्य स्तरीय नकद पुरस्कार से नवाजा था। उन्होंने विकास और कल्याण क्षेत्रों के दृष्टिकोण का अध्ययन करने के लिए संयुक्त आंध्र प्रदेश सरकार के तहत मंत्रियों और विधायकों के एक समूह के साथ मलेशिया, थाईलैंड, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर और मॉरीशस का दौरा किया। राज्य के विभाजन के बाद एपी की नई राजधानी के निर्माण के अध्ययन के बारे में तेलंगाना के एकमात्र पत्रकार के रूप में वाई नागेश्वर राव को एक बार फिर सिंगापुर जाने का मौका मिला। पीएचआई में शामिल होने से पहले, उन्होंने तेलुगु में एमए पूरा किया और उसके बाद पत्रकारिता (बीसी) और लॉ एलएलसी में डिग्री हासिल की।



**हैदराबाद में केंद्रीय संचार राज्य मंत्री देवुसिंह चौहान के हैदराबाद नगरागमन पर, हैदराबाद से कच्छ के लिए सीधी रेल सेवा प्रारंभ कराने में सहयोग करने का निवेदन करते हुए श्री कच्छ कडवा पाटीदार समाज के चेयरमैन ट्रस्टी दयाराम मेघजी दिवाणी, मंत्री हंसराज दडगा एवं अन्य पदाधिकारीगण।**



**जामबाग मंडल के पार्षद राकेश जायसवाल ने पर्यावरण के साथ रहने के लिए मिट्टी की गणेश प्रतिमाएं वितरित कीं। इस अवसर पर जीएचएमसी के अधिकारियों के साथ गणेश नवरात्रि समारोह में जामबाग संभाग के नागरिकों को मुफ्त में मिट्टी की मूर्तियां वितरित कीं। उनके साथ जीएमसीएच के श्रीकांत रेड्डी, रामकृष्ण, रघु कमले, राजू यादव, विश्वनाथ यादव कार्यक्रम में शामिल हुए।**

# रेलवे टिकटों के दलालों के खिलाफ ऑपरेशन उत्थान जारी

### 6 व्यक्तियों की गिरफ्तारी, 43 लाख के टिकट जब्त

हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। आपीएफ का रेलवे टिकटों के दलालों के खिलाफ ऑपरेशन उत्थान जारी है। दलालों के खिलाफ आरपीएफ की कार्रवाई जारी है। दमरे के अनुसार 1.3 बिलियन से अधिक आबादी वाले देश के लिए खानपान, भारतीय रेलवे के यात्री परिवहन में सीटों और बर्थ की बहुत अधिक मांग है। भारतीय रेलवे द्वारा क्षमता वृद्धि के बावजूद मांग आपूर्ति का अंतर पिछले कुछ वर्षों में बढ़ा है। इस मांग आपूर्ति के अंतर ने कई दलालों की संख्या बढ़ा दी है जो आरक्षित सीटों को अलग-अलग तरीकों से इस्तेमाल करते हैं और फिर उन्हें प्रीमियम पर जरूरतमंदों को बेचते हैं। कन्फर्म रेलवे आरक्षण को ऑनलाइन करने के लिए अवैध सॉफ्टवेयर के उपयोग ने आम आदमी को कन्फर्म टिकटों की उपलब्धता पर प्रतिकूल प्रभाव डाला था। आरपीएफ दलाली (रेलवे टिकटों की खरीद और आपूर्ति के व्यापार को अनधिकृत रूप से चलाने) में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ कोड नाम "ऑपरेशन उत्थान" के तहत एक मिशन मोड में गहन और निरंतर कार्रवाई कर रहा है। हाल ही में ह्यूमन इंटेलिजेंस द्वारा पूरक डिजिटल इनपुट के आधार पर, आरपीएफ की एक टीम ने राजकोट के मन्नान वाघेला (ट्रैवल एजेंट) को पकड़ने में सफलता प्राप्त की। वह थोक में रेलवे टिकटों के लिए अवैध सॉफ्टवेयर का उपयोग कर रहा था। इसके बाद कन्हैया गिरी, अभिषेक शर्मा, अमन कुमार शर्मा, वीरेंद्र गुप्ता और अभिषेक तिवारी को क्रमशः मुंबई, वलसाड (गुजरात) और सुल्तानपुर (यूपी) से गिरफ्तार किया गया। इस मामले में इन सभी आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के क्रम में 1688 टिकट 43, 42,750 रुपए के टिकट जब्त कर लिया गया है।



**गोशामहल विधायक राजा सिंह को एसपीएल के संबंध में सुरक्षा प्रदान करने की मांग के समर्थन में उप राजस्व अधिकारी श्रीमती सूर्यलता को तेलंगाना बजरंग सेना के अध्यक्ष शिव प्रसाद के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपते हुए भाग्यनगर बजरंग सेना के एनआर लक्ष्मण राव, प्रवीण दुबे, श्रीमती रजनी, सूर्य शुक्ला, चेतन जनार्दन।**



**शेरीलिंगमपल्ली विधानसभा के भाजपा प्रभारी गज्जला योगानंद ने निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न संभागों में 30,000 मिट्टी की गणपति मूर्तियों का वितरण किया। कार्यक्रम में संभागों के अध्यक्षों, कार्यकर्ताओं और भक्तों ने बड़े पैमाने पर भाग लिया।**

# पीपी चौधरी का नगरागमन आज



हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री, पाली लोकसभा के लोकप्रिय सांसद, विदेशी मामलों कि समिति के अध्यक्ष और अखिल भारतीय सीरवी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पी.पी. चौधरी 30 अगस्त को दोपहर 3:00 बजे शमशाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पधारेंगे। वहाँ से वे सीधे सीरवी समाज शमशाबाद बडेर श्री आई माता मंदिर पेद्दा शाहपुर टांडा जाएंगे। जहाँ पर लगभग 3:30 बजे वह प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन को संबोधित करेंगे। अखिल भारतीय सीरवी महासभा तेलंगाना के प्रांतीय अध्यक्ष हरजीराम काग ने समस्त प्रवासी राजस्थानी बंधुओं से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधार कर प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन को सफल बनाएँ एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष का हौसला बढ़ाएं।

# गंगापुत्र महिलाओं ने गंगा दीप उसव मनाया



हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। गंगापुत्र कुलों द्वारा एक राजकीय उत्सव के रूप में मनाया जाने वाला गंगा दीप उसव में ग्रेटर हैदराबाद से हजारों गंगापुत्र महिलाओं ने गंगाम्मा के लिए एक विशाल जुलूस निकाला। जामबाग गंगापुत्र संगम के तत्वावधान में महिलाओं ने हुसैनसागर स्थित गंगाम्मा मंदिर में ढोल बजाकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने इस दीपू उस समारोह के लिए मुख्य अतिथि के रूप में गोसामहल टीआरएस नेता एम. आनंद कुमार गौड़ को आमंत्रित किया। कार्यक्रम में आनंद कुमार गौड़, प्रकाश, पंतैया, राजू, यादगिरी, किट्टू अन्ना, विजय भास्कर, जयंत कुमार, किशन, नागेश, राजलिंगम, शेखर, रघु आदि ने भाग लिया।

# श्री दिगंबर जैन समाज का पर्युषण पर्व महोत्सव कल से, हुई बैठक




हैदराबाद, 29 अगस्त(स्वतंत्र वार्ता)। श्री दिगंबर जैन समाज की पर्युषण पर्व महोत्सव 31 अगस्त से प्रारंभ हो रही है। इस संदर्भ में श्री दिगंबर जैन संस्था के कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण पाण्ड्या द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि, श्री दिगंबर जैन समाज के पर्वाधिराज पर्युषण पर्व महोत्सव का शुभारंभ बुधवार 31 अगस्त से होगा। यह पर्युषण पर्व 31 अगस्त से प्रारंभ होकर शुक्रवार 9 सितंबर 2022 शुक्रवार अनंत चतुर्दशी को समाप्त होगा। जिसमें यह 10 दिवसीय व्रत, इस पर्युषण पर्व में नगरद्वय के सभी दिगंबर जैन मंदिरों में प्रातः भगवान का अभिषेक व शांतिधारा एवं पूजा अर्चना होगी तथा केशरबाग आगापूरा दिगंबर जैन मंदिर में सायंकाल 7 बजे से 8 बजे तक आरती एवं णमोकार मंत्र का पाठ होगा।

रात्रि 8 बजे से 9 बजे तक शास्त्र तथा दशकरण धर्म पर भिण्ड से पधारे पंडित राकेश जैन को सारगर्भित प्रवचन सुनने का सौभाग्य प्राप्त होगा। इस बैठक में जिन प्रमुखों ने भाग लिया उनमें अध्यक्ष विनोद बंग, कोषाध्यक्ष महेंदर चादुवाड, सह कोषाध्यक्ष संजीव कासलीवाल, कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण पाण्डया एवं मनोनीत सदस्य सत्येंदर जैन शामिल हैं।

# भारत बनाम पाकिस्तान टी20

## रोहित शर्मा टी20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने, मार्टिन गुप्टिल को छोड़ा पीछे



दुबई, 29 अगस्त (एजेंसियां)। एशिया कप में भारत और पाकिस्तान का मैच खेला गया। टीम इंडिया ने रोमांचक मैच में पाकिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया। भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली का यह 100वां टी20 मैच था। वह तीनों फॉर्मेट में 100-100 मैच खेलने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए। वहीं, कप्तान रोहित शर्मा ने भी एक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वह टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। रोहित शर्मा ने मैच में 11 रन बनाते ही न्यूजीलैंड के मार्टिन गुप्टिल को पीछे छोड़ दिया। भारतीय कप्तान के अब 3499 रन हो गए हैं। वहीं, गुप्टिल के 3497 रन हैं।

पाकिस्तान ने भारत के सामने 148 रन का लक्ष्य रखा। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की टीम 19.5 ओवर में 147 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। उनकी ओर से मोहम्मद रिजवान ने सबसे ज्यादा 43 रन की पारी खेली। वहीं, आखिर में शहनवाज दहानी ने छह गेंदों में 16 रन बनाए। भारत की ओर से भुवनेश्वर कुमार ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए। वहीं, हार्दिक पांड्या को तीन विकेट मिले। इसके जवाब में भारत ने पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। विराट कोहली और जडेजा ने 35-35 रन बनाए। हार्दिक ने अंत में 17 गेंद में 33 रन बनाकर जीत दिलाई।

भारतीय ओपनर केएल राहुल ने इस मैच में निराश किया। वह शून्य पर नसीम शाह की गेंद पर आउट हो गए। रोहित शर्मा और विराट कोहली ने दूसरे विकेट के लिए 49 रनों की साझेदारी की। रोहित 12 रन बनाकर मोहम्मद नवाज की गेंद पर इफ्तिखार अहमद को कैच थमा बैठे। उन्होंने एक छक्का लगाया। खराब फॉर्म में चल रहे कोहली ने 34 गेंद पर 35 रन बनाए। उन्होंने तीन चौके और एक छक्का लगाया। ऐसा लग रहा था कि कोहली बड़ी खेलने वाले हैं, तभी वह छक्का मारने के प्रयास में मोहम्मद नवाज की गेंद पर इफ्तिखार अहमद को कैच थमा बैठे। इसके बाद हार्दिक और जडेजा ने 52 रन की साझेदारी कर मैच भारत की झोली में डाल दिया।

# 308 दिन बाद पाकिस्तान से बदला पूरा

## एशिया कप में टीम इंडिया ने पाक को 5 विकेट से हराया

### हार्दिक ने लगाया विनिंग सिक्स



नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। लगभग 10 महीने पहले 24 अक्टूबर 2021 को वर्ल्ड कप के इतिहास में भारतीय टीम पहली बार पाकिस्तान से हारी थी। रविवार की रात भारत ने उस हार का हिसाब चुकता कर दिया है। एशिया कप के ग्रुप ए मैच में पाकिस्तान को रोमांचक मुकाबले में टीम इंडिया ने 5 विकेट से हरा दिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने वाली पाक टीम 19.5 ओवर में 147 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में भारत ने 19.4 ओवर में 5 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। हार्दिक पंड्या भारत की जीत के हीरो साबित हुए। उन्होंने गेंदबाजी में कमाल करते हुए तीन विकेट लिए, फिर दबाव भरे पलों में बेहतरीन पारी खेलते हुए 17 गेंदों पर 33 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया।



**टीम इंडिया की जीत पर पीएम मोदी ने दी बधाई**

भारतीय टीम की जीत पर प्रधानमंत्री मोदी ने टीम इंडिया को बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में लिखा, 'टीम इंडिया ने आज एशिया कप 2022 मैच में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन किया। टीम ने शानदार कौशल और धैर्य का परिचय दिया। जीत पर उन्हें बधाई।'






**आखिरी ओवर का रोमांच**

टीम इंडिया को जीत के लिए आखिरी ओवर में 7 रन चाहिए थे। पहली ही गेंद पर रवींद्र जडेजा बोल्ड हो गए। दूसरी गेंद पर दिनेश कार्तिक एक रन लेकर हार्दिक को स्ट्राइक दे दिया और पंड्या ने छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई।

**कप्तान रोहित और विराट नहीं खेल पाए बड़ी पारी**

पाकिस्तान पर दबाव बढ़ाने के चक्कर में कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली आउट हो गए। दोनों का विकेट मोहम्मद नवाज ने झटका। कप्तान रोहित ने 12 रन बनाए तो वहीं, विराट के बल्ले से 34 गेंद में 35 रन निकले। एक बार फिर कोहली भारत के लिए मैच जिताऊ पारी नहीं खेल पाए।

टीम इंडिया को पहला झटका पहले ही ओवर में लगा। केएल राहुल नसीम शाह की गेंद पर जीरो पर आउट हुए। वहीं, इसी ओवर में विराट कोहली को एक बड़ा जीवनदान भी मिला। स्लिप में उनका कैच छूटा।

पाकिस्तानी टीम की ओर से मोहम्मद रिजवान ने सबसे ज्यादा 43 रन बनाए। भारत के लिए भुवनेश्वर कुमार ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने 3 और अर्शदीप सिंह ने 2 विकेट लिए। 1 विकेट आवेश खान को मिला।

मैच में भारतीय टीम से बड़ी गलती हो गई। उन्होंने तय समय पर 20 ओवर पूरे नहीं किए, जिस कारण आखिरी के 3 ओवर में 30 गज के बाहर केवल 4 प्लेयर से ही काम चलाना पड़ा। अगर ऐसा नहीं होता तो पाकिस्तान के और कम रन बनते।

हार्दिक पंड्या ने मैच में शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट झटके। उन्होंने इफ्तिखार, रिजवान और खुशदिल को पवेलियन भेजा। तीनों विकेट इस खिलाड़ी ने शॉर्ट गेंद पर लिए। इफ्तिखार 22 गेंद में 28 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, मोहम्मद रिजवान के बल्ले से 43 रन और खुशदिल ने 2 रन बनाए।

इन तीनों के विकेट गिरने के बाद अर्शदीप सिंह और भुवनेश्वर कुमार ने भी पाकिस्तान के 2 और विकेट लिए। पहले भुवी ने आसिफ अली को आउट किया, फिर अर्शदीप ने मोहम्मद नवाज को आउट किया।

मैच के अपने पहले ओवर में ही आवेश खान ने खराब शुरुआत के बाद जोरदार वापसी की। उनको पहले मोहम्मद रिजवान ने चौका और छक्का लगाया फिर फखर जमान को स्ट्राइक दे दिया। ऑफ स्टंप से बाहर आवेश की शॉर्ट पिच गेंद पर फखर बड़ा शॉट खेलना चाहते थे, लेकिन वो विकेट के पीछे कार्तिक को कैच दे बैठे।

**नहीं चला बाबर का बल्ला**

पाकिस्तान टीम के कप्तान बाबर आजम आज के मैच में कुछ खास नहीं कर सके। उनका विकेट भुवनेश्वर कुमार ने लिया। बाबर भुवी की शॉर्ट पिच गेंद को बांउड्री के बाहर भेजना चाहते थे, लेकिन वो एक्स्ट्रा बाउंस संभाल नहीं पाए और अर्शदीप को कैच दे बैठे।

# रोमांचक जीत पर रोहित शर्मा का बड़ा बयान

## बोले- ऐसे ही मैचों में आता है मजा



नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। एशिया कप 2022 के मुकाबले में रविवार रात रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम को पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी ओवर में पांच विकेट से रोमांचक जीत मिली. मैच के हीरो हार्दिक पांड्या रहे जिन्होंने तीन विकेट अपने नाम करने के साथ-साथ बल्ले से 197 की स्ट्राइकरेट से रन बनाते हुए 17 गेंदों पर 33 रन भी ठोक दिए. टीम इंडिया के इस प्रदर्शन से हिटमैन काफी संतुष्ट हैं. मैच के बाद उन्होंने कहा कि वो एकतरफा जीत की जगह इस तरह के रोमांचक मैचों को पसंद करते हैं.

रोहित शर्मा ने मैच के बाद आधिकारिक प्रसारणकर्ता से बातचीत के दौरान कहा , ''हमें आधी पारी बीत जाने के बाद भी जीत का भरोसा था. कुछ इसी तरह का भरोसा हम भारतीय टीम को देना चाहते हैं कि मुकाबले में किस तरह वापसी की जा सकती है. टीम मैनेजमेंट यह सुनिश्चित करना चाहता हैं कि सभी खिलाड़ियों को अपनी भूमिका पता हो. एकतरफा जीत दर्ज करने से ऐसे मैच जीतना बेहतर है.''

भारतीय टीम ने इस जीत के साथ बीते साल टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ मिली 10 विकेट से करारी शिकस्त का बदला भी ले लिया है. भारतीय कप्तान ने कहा, ''पिछले एक साल से हमारे तेज गेंदबाज शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं. कई बार चुनौतियां मिलती हैं लेकिन उनका सामना करके ही हम आगे बढ़ सकते हैं.''

ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के बारे में रोहित शर्मा ने उन्होंने कहा ,'' उसने टीम में वापसी के बाद से शानदार प्रदर्शन किया है. बीते आईपीएल में भी उसने बहुत अच्छा खेला था. उसकी बल्लेबाजी के बारे में हम जानते हैं और वह बेहतरीन फॉर्म में है।''

# पाकिस्तान को कामयाब होना है तो तोड़नी होगी बाबर आजम-मोहम्मद रिजवान की जोड़ी: मिकी ऑर्थर



नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। एशिया कप में पाकिस्तान को भारत के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है. रविवार को भारत और पाकिस्तान ने एक-दूसरे के खिलाफ खेलकर इस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत की. पाकिस्तानी बल्लेबाजी भारत के सामने कुछ खास नहीं कर पाई और वह अपने सभी 10 विकेट गंवाकर सिर्फ 147 रन बना पाई. जवाब में टीम इंडिया ने यह मैच 5 विकेट से अपने नाम कर लिया. इस मैच के बाद पाकिस्तान के पूर्व कोच मिकी ऑर्थर ने उसे सलाह दी है कि वह ओपनिंग जोड़ी के रूप में बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान की जोड़ी को तोड़कर फखर जमां से पारी की शुरुआत कराए.

रविवार को बाबर और फखर भारत के खिलाफ पावर-प्ले में आउट हो गए थे. इसके बाद रिजवान ने पारी को आगे बढ़ाने की कोशिश की, लेकिन हार्दिक पांड्या ने उन्हें शॉट पिच गेंद पर शिकार बनाया, जिससे पाकिस्तान ने अंततः 19.5 ओवर में 147 रन बनाए. मध्यक्रम में उनके पास ज्यादा अनुभव बल्लेबाज नहीं होने के कारण, स्कोरिंग की जिम्मेदारी शीर्ष क्रम के बल्लेबाज पर रहता है और वह बेहतर प्रदर्शन नहीं कर सके.

ईएसपीएन क्रिकइंफो के टी20 टाइम आउट शो में ऑर्थर ने कहा, 'मुझे लगता है कि उन्हें बाबर और रिजवान को अलग करना चाहिए. फखर को सलामी बल्लेबाज की जिम्मेदारी संभालनी चाहिए. वह अलग-अलग तरीके के बल्लेबाज हैं.'

ऑर्थर का मानना है कि अगर पाकिस्तान इसी बल्लेबाजी के साथ जारी रहता है तो आने वाले मैचों में वे संघर्ष करते रहेंगे. उन्होंने कहा, 'आगे के प्लान के मुताबिक, जब मैं पाकिस्तान के साथ था और हम टी20 क्रिकेट में अच्छा कर रहे थे, तो हम पहले 160 रन बनाने वाले बल्लेबाजों को क्रम में लगाते थे. हम सबसे अच्छी टीम बनाया करते थे और यह हमारे लिए काफी अच्छी बात होती थी.'

ऑर्थर ने आगे टिप्पणी की कि भारत ने रवींद्र जडेजा को चौथे नंबर पर लाया, जिससे बाएं हाथ के स्पिनर मोहम्मद नवाज के ओवरों का कोटा पूरा नहीं हो सका. उन्होंने बीच के ओवरों में रोहित शर्मा और विराट कोहली को आउट किया था।

# भारत की जीत पर पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष शरद पवार ने मनाया जश्न



नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। रविवार का दिन और भारत-पाकिस्तान टी20 क्रिकेट मैच इससे बेहतर संडे ट्रीट नहीं हो सकती. भारत और पाकिस्तान के करोड़ों क्रिकेट प्रेमियों को लंबे समय से इस दिन का इंतजार था. आखिर रविवार शाम जब रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया और बाबर आजम की पाकिस्तानी टीम के बीच भिड़ंत हुई तो दर्शकों को भरपूर मनोरंजन और रोमांच मिला. टीम इंडिया ने पाकिस्तान को 5 विकेट से मात दी तो भारतीय प्रशंसकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा. क्या आम, क्या खास हर कोई रविवार को क्रिकेट के रंग में रंगा नजर आया. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सुप्रीमो और पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष शरद पवार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह भारत की जीत का जश्न मना रहे हैं.

शरद पवार की बेटी और एनसीपी की लोकसभा सांसद सुप्रिया सुले ने अपने पिता का यह वीडियो माइक्रोब्लॉगिंग वेबसाइट ट्विटर पर शेयर किया है. करीब 11 सेकेंड का यह वीडियो उन लम्हों को दर्शाता है, जब हार्दिक पांड्या ने छक्का लगाकर भारत को जीत दिलाई. डाइनिंग टेबल पर बैठे शरद पवार ने दोनों हाथ ऊपर उठाकर भारत की इस जीत का जश्न मनाया. हालांकि, इस वीडियो में शरद पवार का चेहरा नहीं दिखाई देता, क्योंकि वह टीवी की ओर देख रहे हैं और कैमरा उनके पीछे की तरफ है. सुप्रिया सुले ने वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, 'भारत के लिए संडे को खुशहाल बनाने के लिए टीम इंडिया का शुक्रिया!'

# पाकिस्तान पर यह जीत मेरे लिए किसी उपलब्धि से कम नहीं: हार्दिक पांड्या



नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के खिलाफ मैच के आखिरी ओवर में छक्का जड़कर भारत को जीत दिलाने वाले स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने कहा कि यह जीत उनके लिए किसी उपलब्धि से कम नहीं है क्योंकि 4 साल पहले वह इसी मैदान पर स्ट्रेचर पर बाहर गए थे और करियर को खतरे में डालने वाली चोट से उबर कर वह यहां वापस आए थे. मैच के बाद उन्होंने बीसीसीआई के लिए एक खास वीडियो में अपने साथी खिलाड़ी रवींद्र जडेजा से बात करते हुए अपनी इस चोट और आज की मनोस्थिति पर चर्चा की.

हार्दिक पांड्या ने इस मैच में ऑलराउंड प्रदर्शन किया. उन्होंने पहले 4 ओवर में 25 रन देकर 3 विकेट झटके और बाद में 17 गेंदों पर नाबाद 33 रन की उपयोगी पारी खेली जिसमें, स्पिनर मोहम्मद नवाज पर लगाया गया विजयी छक्का भी शामिल है. चार साल पहले एशिया कप में ही वह पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान वह चोटिल हो गए थे, जिसके कारण उन्हें लगभग तीन साल तक खेल से बाहर रहना पड़ा.

हार्दिक ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, 'इस जीत से मैं बहुत खुश हूं क्योंकि यह हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण थी. एक टीम के रूप में हमें चुनौती दी गई थी. रविंद्र जडेजा ने जिस तरह से अच्छी बल्लेबाजी की उससे भी मैं खुश हूं.'

उन्होंने बीसीसीआई.टीवी पर पोस्ट किए गए वीडियो में जडेजा से बात करते हुए कहा, 'मुझे वे सभी बातें याद आ रही थीं, जब मुझे स्ट्रेचर पर ड्रेसिंग रूम ले जाया गया था. ऐसी परिस्थितियों से गुजरने और आज मौका मिलने पर आपको यह उपलब्धि जैसी लगती है.' हार्दिक ने अपनी सफल वापसी का श्रेय भारतीय टीम के पूर्व फिजियो और वर्तमान में बीसीसीआई खेल विज्ञान के प्रमुख नितिन पटेल और मौजूदा अनुकूलन कोच सोहम देसाई को दिया.

उन्होंने कहा, 'यह सफर बहुत अच्छा रहा और हमें कड़ी मेहनत का फायदा मिल रहा है लेकिन इस दौरान जिन्होंने भी मुझे फिट करने में भूमिका निभाई उनको कभी श्रेय नहीं मिला. मैं हमेशा उन व्यक्तियों को श्रेय देना चाहता हूं जो इसके हकदार हैं. मैंने जिस तरह से वापसी की उसका श्रेय मैं नितिन पटेल और सोहम देसाई को दूंगा।'

# भुवनेश्वर के आगे पाकिस्तान बेबस




## रिजवान को बांध कर रखा, बाबर को बाउंसर पर पवेलियन भेजा; डेथ ओवर्स में भी शानदार गेंदबाजी

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। टीम इंडिया के नंबर वन तेज गेदबाज जसप्रीत बुमराह टीम का हिस्सा नहीं हैं, एशिया कप में मुश्किल होगी। कम से कम मोहम्मद शमी को तो टीम में जगह मिलनी ही चाहिए थी। ये बात एशिया कप टीम अनाउंसमेंट के बाद से ही लगातार चर्चा में थी। खैर, भारत बगैर बुमराह और शमी के भी एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ 5 विकेट से जीत गया। इस दौरान पावरप्ले में अगर किसी एक खिलाड़ी ने शुरुआत में दबाव बनाकर पाकिस्तानी बल्लेबाजों को गलतियां करने के लिए मजबूर किया तो वह थे भुवनेश्वर कुमार। किसी भी टी-20 मैच में पाकिस्तान के खिलाफ 4 ओवर में 6.50 की इकोनॉमी से 26 रन देकर 4 विकेट चटकाना भारतीय बॉलर का बेस्ट बॉलिंग फिगर है। बात करें शुरुआत की तो सबसे पहले उन्होंने विपक्षी टीम के कप्तान बाबर आजम को अपना शिकार बनाया। टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान की जीत की इबारत लिखने वाले बाबर इस बार 9 गेंदों में सिर्फ 10 रन बना सके। बाबर के अलावा शादाब खान, आसिफ अली और नसीम शाह का विकेट भी भुवनेश्वर ने अपने नाम किया।

पहले ही ओवर में भुवनेश्वर कुमार की गेंद पर बाबर आजम ने चौका जरूर जड़ा, लेकिन वह पूरे कॉन्फिडेंस के साथ भुवी का सामना नहीं कर पा रहे थे। भुवनेश्वर अपने अनुभव और शॉर्ट पिच बॉल से बाबर को खूब परेशान कर रहे थे। बाबर जानते थे कि अगर भुवी को शुरुआत में जरा भी अवसर मिला तो वह विकेट निकाल ले जाएंगे। इसके बाद भुवी अपने खाते का दूसरा और पारी का तीसरा ओवर करने आए। तीसरे ओवर की तीसरी गेंद पर बाबर असहज नजर आए और चौथी गेंद पर बल्ला अड़ा बैठे। दरअसल बाबर भुवी को मिले एक्स्ट्रा बाउंस पर काबू पाने में पूरी तरह नाकाम रहे। जब गेंद बल्ले का टॉप ऐज लेकर शॉर्ट फाइन लेग की ओर उछली तो पाकिस्तानी फैंस निराशा में डूब गए।

# देश को विभाजनकारी ताकतों से बचाने की जरूरत : केसीआर

## सीएम ने की 2024 में केंद्र में किसानों की सरकार बनने की भविष्यवाणी



पेद्दापल्ली, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने सोमवार को ऐलान किया कि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में किसानों की सरकार बनेगी। देश को विभाजनकारी ताकतों से बचाने के लिए उन्होंने पहली बार 'भाजपा मुक्त भारत' का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि केंद्र में किसानों की सरकार बनेगी तथा भाजपा को दिल्ली से खदेड़ा जाएगा। हम जल्द ही राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश करेंगे। इससे पहले सीएम ने पेद्दापल्ली जिले के एकीकृत कलेक्ट्रेट परिसर का उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 राज्यों के लगभग 100 किसानों ने उनसे मुलाकात की और बताया कि कैसे तेलंगाना में लागू की जा रही किसान कल्याण योजनाएं देश में कहीं और दिखाई नहीं दे रही हैं। बिना किसी रोक-टोक के सीएम ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार अपने 'गोलमाल' सूचना अभियानों से लोगों को गुमराह कर रही है।

जबकि सिंचाई परियोजनाओं सहित कृषि क्षेत्र के लिए बिजली की खपत देश में खपत की गई कुल बिजली का केवल 20.8 प्रतिशत है, भाजपा सरकार किसानों का समर्थन करने के लिए तैयार नहीं है। कृषि क्षेत्र के लिए बिजली बिल की लागत केवल 1.45 लाख करोड़ रुपये है। भाजपा सरकार ने एनपीए (नॉन परफॉर्मिंग एसेट्स) के नाम पर 12 लाख रुपये का कॉरपोरेट कर्ज माफ किया, लेकिन वह किसानों के बिजली बिलों को वहन करने को तैयार नहीं है।

टीआरएस अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा ने गुजरात मॉडल का हवाला देकर लोगों को धोखा दिया है, लेकिन देश को हर मोर्चे पर विकसित करने में विफल रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि तेलंगाना में लागू की जा रही निर्बाध बिजली, आरोग्यश्री या पेंशन जैसी कल्याणकारी योजनाओं में से कोई भी गुजरात में नहीं पाई जा सकती है।

चंद्रशेखर राव ने कहा कि दिल्ली के चोर तेलंगाना का दौरा कर रहे हैं और स्थानीय नेता उनके जूते (जूते) लेकर खुशी-खुशी उनके गुलाम बन रहे हैं। 60 वर्षों तक, हमने स्वाभिमान के लिए लड़ाई लड़ी और तेलंगाना राज्य हासिल किया, लेकिन दिल्ली के एजेंट अब अपने दिल्ली आकाओं के सामने हमारे स्वाभिमान की प्रतिज्ञा कर रहे हैं।

उसने सवाल किया कि क्या हमें इसकी अनुमति देनी चाहिए? मुख्यमंत्री ने दुनिया भर में चावल और गेहूं की भारी कमी के बावजूद तेलंगाना से धान की खरीद में विफल रहने के लिए भाजपा सरकार की आलोचना की। अपनी दूरदृष्टि की कमी और बौद्धिक दिवालियेपन के कारण भाजपा सरकार दूसरे देशों से गेहूं का आयात कर रही है।

# रेवंत रेड्डी ने सीएम केसीआर पर साधा निशाना

हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। टीपीसीसी प्रमुख ए. रेवंत रेड्डी ने आज मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री लोगों को धोखा देने में माहिर हैं। अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर रेवंत ने आरोप लगाया कि सीएम केसीआर ने मध्य-मनैर परियोजना के भूमि विस्थापितों पर पुलिस द्वारा शारीरिक हमले किए। उन्होंने भूमि विस्थापितों पर पुलिस के हमले की निंदा की और उनकी गिरफ्तारी की निंदा की। रेड्डी ने यह भी कहा कि वह पार्टी नेता आदि श्रीनिवास की गिरफ्तारी की निंदा कर रहे हैं, जो भूमि विस्थापितों की ओर से लड़ रहे हैं। देश भर के विभिन्न किसान संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ केसीआर की हालिया बैठक का जिक्र करते हुए उन्होंने सीएम से पूछा कि क्या बिरयानी की पेशकश करना किसानों का कल्याण है? उन्होंने मांग की कि मुख्यमंत्री भूमि विस्थापितों को तुरंत डबल बेड रूम हाउस के साथ आर एंड आर पैकेज प्रदान करें।

# कृषि के बाद डेयरी क्षेत्र को सरकार की विशेष प्राथमिकता : तलसानी

हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पशुपालन, मत्स्य पालन और डेयरी विकास और छायांकन मंत्री तलासनी श्रीनिवास यादव ने विनायक चतुर्थी से पहले विजया डेयरी के किसानों को खुशखबरी दी। दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों और डेयरी किसानों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित जागरूकता सम्मेलन में भाग लेने वाले मंत्री ने घोषणा की कि विजया डेयरी के माध्यम से किसानों से एकत्र दूध की कीमत सोमवार को राजेंद्रनगर स्थित सहकारी प्रबंधन संस्थान में बढ़ाई जाएगी। बताया गया है कि भैंस के दूध की कीमत 46.69 रुपये से बढ़ाकर 49.40 रुपये और गाय के दूध की कीमत 33.75 रुपये से बढ़ाकर 38.75 रुपये कर दी गई है। इसी तरह सोसायटी (बीएमसीयू) के रखरखाव के लिए मौजूदा दर 25 पैसे से 2 रुपये (बरसात के मौसम) और 50 पैसे से 2.25 रुपये (गर्मी के मौसम) तक बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि बढ़ती कीमतों से डेयरी पर 1.42 करोड़ रुपये प्रति माह का बोझ पड़ता है, लेकिन डेयरी



किसानों का विकास उनकी सरकार का लक्ष्य है. बढ़ी हुई कीमतें एक सितंबर से लागू होंगी। इस सम्मेलन में विशेष मुख्य सचिव, पशुपालन विभाग, विजया डेयरी प्रभारी एमडी आधार सिन्हा, पशुपालन निदेशक रामचंदर, टीएसएलडीए सीईओ मंजुवानी, विभिन्न जिलों के डेयरी किसानों और दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए मंत्री श्रीनिवास यादव ने कहा कि कृषि के बाद सबसे अधिक प्रतिशत लोग अपनी आजीविका के लिए डेयरी क्षेत्र पर निर्भर हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसे डेयरी क्षेत्र के विकास के लिए डेयरी किसानों का हर तरह से समर्थन करेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कल्वकुंतला चंद्रशेखर राव के नेतृत्व में तेलंगाना सरकार तेलंगाना राज्य बनने के बाद कई कार्यक्रमों को लागू करेगी। डेयरी किसानों को प्रोत्साहित करने के अच्छे इरादे से विजया डेयरी एससी और एसटी को 75 प्रतिशत और अन्य को 50 प्रतिशत सब्सिडी पर डेयरी भैंसों को डेयरी, चारा और घास के बीज की आपूर्ति के लिए 4 रुपये प्रति लीटर नकद सब्सिडी प्रोत्साहन राशि प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शुरू की गई दलितबंधु योजना के तहत कई लोगों ने बड़ी महत्वाकांक्षा के साथ डेयरी भैंस खरीदी है और उन्हें भी विजया डेयरी को दूध दान करने के लिए शिक्षित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग के अधिकारियों के निर्देशों और सुझावों का पालन कर डेयरी किसानों को दुग्ध उत्पादन बढ़ाने और मवेशियों के स्वास्थ्य को बनाए रखने का अवसर मिलेगा। बैठक में भाग लेने वाले कई किसानों ने कई सुझाव और राय व्यक्त की।

# आई माताजी मंदिर (बडेर) कोरेमुला में भादवा सुदी एकम आयोजित



हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सीरवी समाज कोरेमुला द्वारा श्री आई माताजी मंदिर (बडेर) कोरेमुला में भादवा सुदी एकम के दिन आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भजन जागरण में भाग लेते हुए अध्यक्ष कालुराम काग, सचिव डायाराम लचेटा, उपाध्यक्ष वगताराम पवार व राजाराम पंवार, सह-सचिव राजाराम गहलोत, कोषाध्यक्ष पोकरराम पंवार, खेल मंत्री ओमप्रकाश, ओगडराम सैणचा, बाबुलाल, तेजाराम काग, प्रकाश खंडाला, पूनाराम हाम्बड, पूनाराम, खीमाराम, सुरेशचंद, ताराराम, देवाराम,खीवाराम, अर्जुन सिंह,छोगाराम, भीकाम पंवार, रताराम सोलंकी, जयरूपराम, राधेश्याम खत्री एंड पार्टी ने समुधुर भजन प्रस्तुत किए। समाज के बंधुओं एवं बहनों ने भारी संख्या में कार्यक्रम में भाग लिया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के लिए समाज के बच्चों को पुरस्कृत किया गया।



प्रसिद्ध खैरताबाद गणेश प्रतिमा को अंतिम रूप देने में जुटे कलाकार।

# राजा सिंह का भाजपा से निलंबन एक नाटक : असदुद्दीन ओवैसी



हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। एआईएमआईएम अध्यक्ष और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने पीडी अधिनियम के तहत चार्लपल्ली केंद्रीय जेल में बंद कथित रूप से विवादास्पद भाजपा विधायक टी. राजा सिंह के बारे में सनसनीखेज टिप्पणी की। उन्होंने दावा किया कि राजा सिंह का भाजपा से निलंबन भगवा पार्टी द्वारा खेला जाने वाला नाटक है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा अब राजा सिंह की रिहाई सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है। ओवैसी ने स्पष्ट किया कि राजा सिंह को तेलंगाना में टीआरएस पार्टी की उपस्थिति के कारण सलाखों के पीछे भेज दिया गया है और कहा कि भाजपा ने एक और नफरत फैलाने वाला नहीं भेजा है। अपनी पार्टी से, नूपुर शर्मा, जिन्हें अब पैगंबर मुहम्मद के खिलाफ ईशनिंदा करने के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया गया है, सलाखों के पीछे क्योंकि दिल्ली में पुलिस का नियंत्रण है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सरकार नूपुर शर्मा को गिरफ्तार करने के बजाय उन्हें सुरक्षा प्रदान कर रही है।

# तेरापंथ युवक परिषद ने मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव के आयोजन पर की बैठक

## एमबीडीडी प्रभारी अशोक बरमेचा ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई



हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के निर्देशन में तेरापंथ युवक परिषद हैदराबाद द्वारा मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव टीम की बैठक हुई। बैठक की शुरुआत नमस्कार महामंत्र से की गई। तेयुप अध्यक्ष विरेंद्र घोषल ने मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव की विधिवत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आगामी 17 सितंबर को होने जा रहे मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव के द्वारा एक ही दिन में दो हजार से ज्यादा ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित कर अभातेयुप एक नया कीर्तिमान स्थापित करने जा रहा है। इसमें हैदराबाद परिषद द्वारा 75 शिविर आयोजित करने का लक्ष्य है। यह मानवता का कार्य पूरी टीम मिलकर कर रही हैं। सभी कार्यकर्ता पूरे जोश से इस कार्य में लगे हुए है। तेलंगाना-आंध्रा एमबीडीडी प्रभारी तथा विशिष्ट समाजसेवी अशोक बरमेचा ने आगे की रूपरेखा बताई एवं मीटिंग में उपस्थित सभी ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को उचित दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने बताया कि तेलंगाना सरकार ने भी इस महाअभियान में जुडने में अपना पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया है। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद कार्यकारिणी सदस्य एवं संयोजक मनीष पटावरी ने बताया कि कैसे सभी कैंप संचालित होंगे। 15 कैप्टन बनाकर सारे कैप्टनस को 5-5 कैम्प दिये जायेंगे। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद कार्यकारिणी सदस्य एवं संयोजक विशाल आंचलिया ने एमबीडीडी डोनर के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर अतुल डूंगरवाल, अभिनंदन नाहटा, पूर्व अध्यक्ष राहुल श्यामसुखा ने प्रचार प्रसार अभियान तथा आन्य आयोजनों के बारे में बताया। पूर्व अध्यक्ष श्रवण कोठारी, तेयुप उपाध्यक्ष विनोद दुगड, तेयुप संगठन मंत्री निर्मल दुगड ने सभी डोनर्स का सम्मान अलग से करने का भी सुझाव दिया। सभी कार्यसमिति सदस्य ने अपने सुझाव एवं विचार प्रस्तुत किए। बैठक में तेयूप पूर्व अध्यक्षों सहित कार्यकारिणी सदस्य एवं मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव से जुड़े सभी कैप्टंस व कार्यकर्तागण मौजूद थे। मंत्री नीरज सुराणा ने आभार ज्ञापन किया।

# सीरवी समाज का भादवा सुदी दूज महोत्सव आयोजित

हैदराबाद, 29 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पारसीगुट्टा सीरवी समाज की धार्मिक आस्था का केन्द्र अराध्यदेवी श्री आईमाता के मन्दिर में श्री आईमाताजी के 607वें अवतरण दिवस व 40 वें वार्षिक उत्सव, भादवा सुदी दूज समारोह पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्ष जे.सी.चोलाराम हाम्बड़, सचिव किशनसिंह राठौड़ ने बताया कि रविवार 28 अगस्त प्रात: वेला मे मंदिर को विशेष फूलों व लाइटिंग की सजावट कर श्री आईमाँ का विशेष श्रृंगारकर, पूजा-अर्चना के पश्चात् सायं 4.15 बजे महिला मंडल अध्यक्षा सीतादेवी सोलंकी, सचिव निर्मला देवड़ा के सान्निध्य में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमे समाज के बालक-बालिकाओं ने राजस्थानी वेष-भूषा मे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए समाज बन्धुओं का भरपूर मनोरंजन किया। 29 अगस्त सोमवार प्रात: वेला मे पूजा-अर्चना, ज्योत प्रज्वलितकर, महाआरती के पश्चात् समाज बन्धुओं व भक्तों ने सपरिवार अवतरण दिवस के अवसर पर आईमाँ के चरणों मे आस्था के पुष्प व नारियल अर्पितकर परिवार की सुख शांति की कामना की।



प्रात: 10.15 बजे भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे निवाई टॉक राजस्थान से पधारे भजन सम्राट संत श्री प्रकाशदासजी महाराज ने माई के चरणों में राजस्थानी अंदाज मे भजन प्रस्तुत किये। अवसर पर अध्यक्ष जे.सी.चोलाराम हाम्बड़ ने अपने स्वागत भाषण में पधारे सभी समाज बन्धुओ व भक्तो को भादवा सुदी दूज की बधाई दी। सचिव किशनसिंह राठौड़ ने समाज में किये गये कार्यो से एवं शिक्षा समिति अध्यक्ष परसराम बर्फा ने समाज की शिक्षा के प्रति किये गये कार्यो से समाज को अवगत कराया।

कोषाध्यक्ष जसवंत देवड़ा ने समाज का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।

महिला अध्यक्षा सीतादेवी सोलंकी व सचिव निर्मला देवड़ा ने भी भादवा सुदी दूज की बधाई दी व समाज के सुख-समृद्धि की कामना करते हुए समाज मे नारी शिक्षा व युवाओं मे संस्कार के प्रति समाज को अवगत कराया। महोत्सव के सफल आयोजन मे समाज के पदाधिकारी एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्य, महिला मंडल व समाज बंधुओं का विशेष सहयोग रहा। मंच का संचालन सचिव किशनसिंह राठौड़ ने किया। अध्यक्ष जे.सी.चोलाराम हाम्बड़ के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समाप हुआ।

स्वतंत्र वार्ता

Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com







Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.